जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, शनिवार 4 अक्टूबर, 2025



## विचार बिन्दु

**हम यहाँ किसी विशेष कारण से हैं। इसीलिए अपने भूत का कैदी बनना छोड़िये। अपने भविष्य के निर्माता बनिए। –रोबिन शर्मा**

# सुप्रीम कोर्ट, चुनाव आयोग और बिहार की मतदाता सूचियां

प्रातः भ्रमणकारियों के एक समूह में बड़ी रोचक चर्चा च रही थी। चर्चा बिहार चुनाव से संबंधित मतदातासूचियों, चुनाव की संभावित तिथियों व सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन लोक हित याचिकाओं पर केंद्रित थी। जैसा होता है समूह में भिन्न-भिन्न मत सामने आ रहे थे।

कुछ का कहना था कि यदि 7 अक्टूबर से पहले चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया गया तो फिर याचिकाओं पर कोई निर्णय नहीं होगा क्योंकि संविधान के अनुच्छेद 329 के अनुसार चुनाव घोषणा के पश्चात चुनाव संबंधित किसी भी कार्यवाही को न्यायालय में विचार के लिए नहीं लिया जा सकता सिवाय कानून में प्रावधित चुनाव याचिकाओं के जरिए अर्थात चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के बाद उसे न्यायालय आदेश से रोक नहीं जा सकता। इस हिसाब से संविधान के अनुच्छेद 32 के अंतर्गत याचिकाएं भी स्वतः महत्वहीन हो जाएंगी।

इस से भिन्न मत यह था कि सुप्रीम कोर्ट की शक्तियां सीमित नहीं है। वास्तविक चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ मानी जाती है जब चुनाव के लिए पर्चा दाखिल करने की कार्यवाही शुरू हो जाती है। इस बीच यदि उच्चतम न्यायालय को लगे कि मतदाता सूचियों में व्यापक स्तर की गड़बड़ियां है तो ऐसी गलतियों को सुधारने के निर्देश दे सकता है । अगर ऐसा होता है तो चुनाव आयोग द्वारा घोषित चुनाव कार्यक्रम में भी आंशिक परिवर्तन किया जा सकता है। उद्देश्य केवल चुनाव कराने मात्र का नहीं हो सकता, उद्देश्य स्वच्छ मतदाता सूचियों के साथ स्वतंत्र, निष्पक्ष चुनाव करने का होता है और सुप्रीम कोर्ट इस को अवश्य ध्यान में रखेगा।

एक सह भ्रमणकारी ने बहस को अलग दिशा दी। उसके अनुसार मतदान संविधान के तीसरे भाग में उल्लेखित एक मूलभूत अधिकार नहीं है। अनुच्छेद 32 के अंतर्गत मूलाधिकारों के हनन या लागू करवाने के संबंध में ही याचिकाएं दायर की जा सकती है। इस प्रकार बिहार से संबंधित लोकहित याचिकाएं तो चलने योग्य ही नहीं।

साथ चलने वालों में से एक में कहा कि मूल अधिकारों से संबंधित अध्याय के पहले ही अनुच्छेद 14 में उल्लेखित है कि देश में प्रत्येक व्यक्ति को देश के कानून का बराबर संरक्षण उपलब्ध है, केवल नागरिकों को ही नहीं। मूल अधिकारों के शेष अनुच्छेदों में ही नागरिक शब्द उल्लेखित हुआ है किंतु अनुच्छेद 14 प्रत्येक व्यक्ति का उल्लेख है।

स्वच्छ मतदान के जरिए एक उत्तरदाई चुनी हुई लोकतांत्रिक सरकार बने यह हमारे संविधान का मूल ढांचा है (basic structure), हर नागरिक का यह मूल अधिकार है। उसके अनुसार यह अभिव्यक्ति के मूल अधिकार का विस्तार ही तो है। अंतर केवल यह है कि संविधान में उल्लेखित कुछ अपवादों जैसे पागल न हो, घोषित दिवालिया न हो आदि को छोड़कर समस्त वयस्क नागरिकों को, समान रूप से, यह अधिकार है।

**संविधान के अनुसार, लोक सभा, विधान सभाओं के लिए सघन परीक्षण व पारदर्शी तरीके से स्वच्छ मतदाता सूचियां तैयार करने का अधिकार संविधान के अनुसार चुनाव आयोग का है। आशा है सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई और दिए गए निर्देशों के अनुसार ही चुनाव आयोग स्वच्छ मतदाता सूचियां तैयार करेगा। केवल एक बिंदु पर अभी तक स्थिति स्पष्ट नहीं हैः- अगर किसी गांव, मोहल्ले में किसी व्यक्ति ने यह कहा कि अमुक व्यक्ति अवैध विदेशी माइग्रेंट है तो चुनाव आयोग क्या करेगा? कैसे जांच करेगा?**

मतदाता को स्वच्छ सरकार मिले इसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने ही उम्मीदवारों के लिए यह लाजमी किया है कि वे अपनी संपति, अपराधिक रिकॉर्ड को सार्वजनिक करें, चुनाव के लिए प्राप्त धन का सही ब्यौरा दें। मतदाता अधिकार मात्र एक मत डालने का नहीं है, यह लोकतांत्रिक सरकार के गठन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होता है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की याचिका पर ही सुप्रीम कोर्ट में चुनावी बॉन्ड के जरिए राजनीतिक पार्टियां को धन देने की योजना, लोक हित याचिका के जरिए ही निरस्त की थी और प्राप्त चुनावी चंदे की राशि और स्त्रोतों की जानकारी सार्वजनिक करने के आदेश दिए।

लेखक की राय में मतदान, संविधान में विहित प्रतिबंधों के साथ अभिव्यक्ति के मूल अधिकार का ही विस्तार है। इस की अभिव्यक्ति के जरिए ही लोकतांत्रिक सरकार का चयन होता है। सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार के बिना लोकतांत्रिक सरकार का गठन असंभव है तो फिर मतदान का अधिकार अन्य मूल अधिकारों से कमतर कैसे??? इसलिए बिहार SIR के संबंध में दायर याचिकाएं अनुच्छेद 32 के अंतर्गत है सुनी जाने के योग्य है।

अब अंत में बिहार SIR पर विचार करें। संविधान के अनुसार, लोक सभा, विधान सभाओं के लिए सघन परीक्षण व पारदर्शी तरीके से स्वच्छ मतदाता सूचियां तैयार करने का अधिकार संविधान के अनुसार चुनाव आयोग का है। आशा है सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई और दिए गए निर्देशों के अनुसार ही चुनाव आयोग स्वच्छ मतदाता सूचियां तैयार करेगा। केवल एक बिंदु पर अभी तक स्थिति स्पष्ट नहीं है::-- अगर किसी गांव, मोहल्ले में किसी व्यक्ति ने यह कहा कि अमुक व्यक्ति अवैध विदेशी माइग्रेंट है तो चुनाव आयोग क्या करेगा? कैसे जांच करेगा? मान लें कि 2,4,5 मौजीज व्यक्तियों, पटवारी, अध्यापक आदि से बात करके इस नतीजे पर पहुंचता है कि मामला संदेहास्पद है तो वह तो संदेहास्पद लिख देगा किंतु इसके आगे निर्वाचक नामावली पंजीकरण अधिकारी (ERO) या जिला निर्वाचन अधिकारी ऐसे मामलों का निपटारा कैसे करेंगे???

संविधान के अनुसार तो कोई व्यक्ति भारत का नागरिक है इसका निर्णय करने का अधिकार केवल व केवल केंद्र सरकार को है? एक रास्ता तो यह नजर आता है कि केंद्र सरकार ERO या जिला मजिस्ट्रेट को नागरिकता तय करने का अधिकार दे। इसके भी पहले व्यवहारिक बात तो यह प्रतीत होती है कि केंद्र सरकार ऐसी जांच कर ऐसे व्यक्तियों को डिटेंशन सेंटर्स में स्थानांतरित करे, उन्हें उनके संबंधित देश से बात कर के उन्हें उनके देश में भिजवाए। क्या यह प्रक्रिया 2,4,5,10 दिन या 1,2 महीने में निपटने वाली लगती है??

इसलिए चुनाव आयोग का दायित्व है कि वह स्पष्ट करे कि यदि इस प्रकार के मामले BLO ने ड्राफ्ट सूची में दे रखे है तो उनका निस्तारण कैसे किया???

**–अतिथि सम्पादक,**
**महावीर सिंह,**
**आई.ए.एस. ( से.नि. )**

## राशिफल शनिवार 4 अक्टूबर, 2025



पंडित अनिल शर्मा

आश्विन मास, शुक्ल पक्ष, द्वादशी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2082, धनिष्ठा नक्षत्र प्रातः 9:09 तक, शूल योग सायं 7:27 तक, बालव करण सायं 5:10 तक, चन्द्रमा आज कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कन्या, चन्द्रमा-कुम्भ, मंगल-तुला, बुध-तुला, गुरू-मिथुन, शुक्र-सिंह, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।


आज त्रिपुष्कर योग सूर्योदय से प्रातः 9:09 तक है। आज शनि प्रदोष व्रत, पंचक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 7:52 से 9:20 तक, चर 12:16 से 1:43 तक, लाभ-अमृत 1:43 से 4:39 तक।


**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 6:24, सूर्यास्त 6:07




**मेष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में आ रही परेशानियां दूर होने लगेगी। संभावित धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी।




**सिंह**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**धनु**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।




**वृष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।




**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। मनोरंजन पर धन खर्च हो सकता है।




**मकर**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। आज धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।



**मिथुन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।



**कुंभ**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति में सुधार होगा। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कर्क**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।



**वृश्चिक**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।



**मीन**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।

# कार्तिक पुष्कर मेला, रेगिस्तान का जहाज और ऊंट संरक्षण की दरकार



डॉ. सुबोध अग्रवाल

राजस्थान का सबसे खास सांस्कृतिक मेला, पुष्कर मेला, अब बस कुछ ही दिन दूर रह गया है। जब रेगिस्तान में सुनहरे रेत के धोरों के पीछे सूर्य अपनी दिन की यात्रा पूरी कर छिपता है तब हवा में गूंजते लोकगीतों के बीच मेले की पहचान एक और तस्वीर उभरती है और वह तस्वीर होती है रेगिस्तान के जहाज ऊंट की। मोर के पंखों और छोटे-छोटे कटिंग वाले शीशों से सजाए गए ऊंट और रंग-बिरंगी पगड़ी पहने सजे-धजे ऊंट के मालिक पुष्कर मेले की अलग ही छटा बिखेरते दिखते हैं। देसी-विदेशी पावणों के बीच रंगीन पहनावा में ऊंट पालक और सजे धजे ऊंट रेत के धोरों को और भी खूबसूरत बना देते है। कार्तिक पुष्कर मेले की ऊंट रौणक है तो मेले की जीवंतता भी ऊंटों की उपस्थिति से ही बनती है।

ऊंट कई सदियों से रेगिस्तान की जान रहा है। रेगिस्तान की संस्कृति में रचा-बसा रहा हैं ऊंट। आवागमन का माध्यम, व्यापार का साधन, घुमंतू लोगों का साथी और पुष्कर का सितारा। लेकिन, अब इनकी संख्या कम हो रही है। साल 2012 में राजस्थान में ऊंटों की संख्या 3 लाख 26 हजार थी, जो साल 2019 आते-आते घटकर 2 लाख 12 हजार रह गई (पशुधन जनगणना) है। इसके कारण कई रहे हैं उनमें से कुछ घटते और सिकुड़ते चरागाह, आवागमन के आधुनितक साधनों की सहज उपलब्धता, मशीनीकरण और कम कमाई की वजह से ऊंट पालने वाले निराश हो गए हैं। इसके अलावा एक और अन्य प्रमुख कारण ऊंटों की तस्करी भी है। आज पुष्कर मेले में ऊंटों की संख्या घोड़ों से कम होती जा रही है। यह उन देसी-विदेशी पर्यटकों के लिए निराशाजनक है जो ऊंट को रेगिस्तान का असली प्रतीक मानते आए हैं। राजस्थान और यहां के लोगों के लिए भी यह अपने आपमें गंभीर है।

ऐसा नहीं है कि ऊंटों की घटती संख्या से गंभीर ना हो। यह भी साफ हो जाना चाहिए कि कमी का मतलब खत्म होना नहीं है। ऊंट का दूध, जिसे अब सुपरफूड माना जाता है, 80-100 रुपये प्रति लीटर बिकता है और यह दुनिया भर में बिक रहा है। सरकारी गैरसरकारी पहल से सहकारी समितियां और डेयरी कंपनियां ऊंट के दूध और सह उत्पादों से नई कमाई के अवसर पैदा कर रही हैं। पर्यटन भी बदल रहा है और ऊंट सफारी आकर्षण का केन्द्र बनती जा रही हैं। इको-सफारी, सांस्कृतिक यात्राएं और रेगिस्तानी अनुभव ऊंटों को फिर से मुख्य आकर्षण बना रहे हैं।

**संस्थागत मदद जरूरी-**

आईसीएआर-नेशनल रिसर्च सेंटर ऑन कैमल, बीकानेर, जो 1984 में स्थापित हुआ था। इसे 1995 में अपग्रेड किया गया है और ऊंटों की सेहत, प्रजनन और वैल्यू-एडेड प्रोडक्ट दूध पाउडर और आइसक्रीम से लेकर नई डायग्नोस्टिक किट तक के क्षेत्र में अग्रणी काम कर रहा है। इससे ऊंट ऊंट पालकों के लिए बोझ बनने की जगह आय का साधन बनने लगे हैं। हालांकि इस क्षेत्र में अभी और काम किये जाने की आवश्यकता हैं क्योंकि ऊंटों की आबादी में बढ़ोतरी अभी हो नहीं पा रही है।

राज्य सरकार ऊंट की घटती आबादी को लेकर गंभीर हुई है और साल 2014 में, राजस्थान सरकार ने ऊंट को अपना राज्य पशु घोषित किया। साल 2015 के कैमल एक्ट ने ऊंटों की हत्या पर रोक लगा दी और उनके आवागमन-निर्यात को नियंत्रित किया गया। इन उपायों का मकसद इस प्रजाति को बचाना ही था, हालांकि इसका ऊंट पालने वालों पर आर्थिक असर मिला-जुला रहा है। ऐसे में सरकार को ऊंट पालकों के लिए भी पैकेज लाने की पहल की जानी चाहिए।

**एक निजी बात:** जब मैं बीकानेर का कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट था (1994-95), तो हमने कैमल फेस्टिवल को बढ़ावा दिया। हमारे इस प्रयास को सराहा गया और यह आयोजन नवाचार होने के साथ ही बहुत सफल रहा। ऊंट फेस्टिवल में देश-विदेश के पर्यटकों की सहभागिता तय की गई उनकी हिस्सेदारी से ऊंट के प्रति लोगों का झुकाव और ध्यान आकर्षित हुआ। ऊंट फेस्टिवल के माध्यम से सिर्फ ऊंट पशु तक सीमित ना रहकर इससे जुड़ी संस्कृति और लोगों की आजीविका का जश्न मनाया गया।

**रेगिस्तानी संस्कृति की पहचान**

ऊंट रेगिस्तान की जान है। आज रेगिस्तारी धोरों की सफारी का नया दौर आया है। इस सफारी में वाहनों के स्थान पर ऊंट सफारी के रुप में ही आगे बढ़ाया जाए तो ऊंट और इससे जुड़ी गौरवपूर्ण संस्कृति को आगे बढ़ाया जा सकेगा। इसके साथ ही राजस्थान में ऊंटों को डेयरी, हस्तशिल्प और टिकाऊ पर्यटन जैसे उच्च-मूल्य वाले क्षेत्रों से जोड़ जाना चाहिए। सकारात्मक सोच, सही नीति, नवाचार और गर्व के मिश्रण से, हम आजीविका की रक्षा कर सकते हैं और विरासत को जीवित रख सकते हैं।

वैसे तो ऊंट के बिना रेगिस्तान की कल्पना नहीं की जा सकती ठीक उसी प्रकार कार्तिक पुष्कर मेला रंग बिरंगे सजे धजे ऊंट और ऊंट के करतबों, विभिन्न प्रतियोगिताओं के बिना अधूरा है।

**–डॉ. सुबोध अग्रवाल,**
**( आईएएस ),**
**अतिरिक्त मुख्य सचिव,**
**राजस्थान सरकार**

# प्रवासी दृष्टिः समाज, संस्कृति और सोच



डॉ. पंकज राजवंशी

**तटस्थता की कीमत**

कभी-कभी लगता है कि हम सब एक अजीब-से मंच पर खड़े हैं। कुछ के पास माइक है, कुछ बस दर्शक हैं, और कुछ तो इतने पीछे हैं कि मंच तक उनकी परछाइयाँ भी नहीं पहुँचतीं। और इस मंच पर सबसे ज़्यादा शोर किसका है? अक्सर उनका, जिनके पास माइक भी है, मंच भी है, और अभ्यास भी। लेकिन सवाल ये है, क्या आवाज़ का अधिकार मंच से तय होता है या अनुभव से? क्या किसी विषय पर सोचने, लिखने और बोलने के लिए सिर्फ पीड़ा ही पासपोर्ट है? या फिर संवेदनशीलता और जिम्मेदारी भी कुछ मायने रखती है?

आजकल के विमर्शों में यह सवाल लगभग रोज़ उठता है। कुछ खास विषय जैसे दलित अनुभव, स्त्री संघर्ष, आदिवासी जीवन, जिन पर लिखने से पहले यह साबित करना पड़ता है कि आप वह जीवन जी चुके हैं। अगर नहीं, तो फिर बोलने का हक़ कहाँ से आता है? यह सवाल मुझे खटकता है, और ईमानदारी से कहूँ तो डराता भी है। क्या अनुभवहीनता संवेदना शून्यता की गारंटी है? और क्या किसी वर्ग, जाति या पहचान से बाहर होना किसी मुद्दे को समझने में असमर्थ बना देता है?

माना कि पीड़ा की गहराई वही समझ सकता है जो उसे जीता है। लेकिन क्या इसका मतलब यह है कि बाकी सब चुप रहें? अगर हाँ, तो फिर साहित्य, शोध और सामाजिक विज्ञान के 90 प्रतिशत हिस्से को हम कैसे जायज़ ठहराएँगे? क्या कल्पना, करुणा और विवेक भी अब लाइसेंस से मिलेंगे?

यह सवाल मेरे लिए सिर्फ सैद्धांतिक नहीं है। यह व्यक्तिगत भी है। मैं एक प्रवासी भारतीय हूँ। तीन दशक से ज़्यादा समय से अमेरिका में रह रहा हूँ। मेरे पास स्थायित्व है, सुविधाएँ हैं, और निश्चित ही विशेषाधिकार है। लेकिन क्या इसी विशेषाधिकार के कारण मैं उन चीज़ों पर नहीं बोल सकता जो मेरे देश में घट रही हैं? या यह विशेषाधिकार ही मुझे और अधिक बोलने के लिए बाध्य करता है?

लोग कहते हैं, तुम तो बाहर रहते हो, तुम्हें क्या पता कि यहाँ क्या होता है। और कभी-कभी वही लोग यह भी कहते हैं, तुम लोग जो बाहर हो, कुछ करते क्यों नहीं? यह विरोधाभास दिलचस्प है। जब हम चुप रहें तो आलोचना, जब बोलें तब भी आलोचना। यानी जो भी करें, आप गलत हैं।

सच कहूँ तो कई बार मैं खुद भी असमंजस में रहता हूँ। क्या मेरी संवेदनशीलता सिर्फ एक आरामदेह बौद्धिक मुद्रा है? क्या मैं अपने लैपटॉप के सामने बैठकर बदलाव की बातें करने वाला 'आर्मचेयर एक्टिविस्ट' हूँ? शायद हूँ। लेकिन क्या यह कुर्सी मुझे सोचने से रोकती है? या फिर यही कुर्सी मेरी ज़िम्मेदारी बन जाती है?

मैं एक चिकित्सक हूँ। मेरी समझ, मेरी दृष्टि, मेरे प्रश्न, ये सब मेरी पेशेवर यात्रा का हिस्सा हैं। जब मैं देखता हूँ कि कोई परिवार दिनभर काम करता है ताकि दो वक़्त की रोटी मिल सके, तो मुझे मैस्लो का ज़रूरतों का सिद्धांत याद आता है। पहले पेट भरेगा, फिर सोच खुलेगी। जब कोई प्रवासी मज़दूर किराए और बच्चों की पढ़ाई के तनाव में डूबा होता है, तो मस्तिष्क की सोचने की क्षमता भी सीमित हो जाती है। ऐसे में विचारधारा की बातें लग्ज़री जैसी लगती हैं। लेकिन क्या इसका अर्थ है कि सोचने और कहने का काम सिर्फ वही करें जो पीड़ा में नहीं हैं? या फिर उन पर एक अतिरिक्त जिम्मेदारी है कि वे अपने मंच को दूसरों की आवाज़ बनने के लिए इस्तेमाल करें?

यहीं पर नैतिकता और विशेषाधिकार टकराते हैं। अगर आप किसी मंच पर हैं और आपके पास माइक है, तो क्या आप उसे सिर्फ अपने लिए इस्तेमाल करते हैं या किसी और की बात कहने के लिए भी थोड़ा हटकर खड़े होते हैं? यह एक बहुत महीन फर्क है। और इसी फर्क से तय होता है कि आप 'छद्म बुद्धिजीवी' हैं या ज़िम्मेदार लेखक।

हम अक्सर सोचते हैं कि पीड़ा की आवाज़ उन्हीं से आए जो पीड़ित हैं। यह उचित भी है। लेकिन अगर पीड़ितों की आवाज़ दबा दी गई हो? अगर उनके पास माइक ही न हो? तो क्या हम सब मूक दर्शक बनकर बैठ जाएँ? शायद नहीं। शायद ज़रूरत है यह जानने की कि कब बोलना है, कब चुप रहना है और कब माइक थमाना है।

हमेशा यह जरूरी नहीं कि बोलने वाला खुद पीड़ित हो। लेकिन जरूरी यह है कि वह अपने विशेषाधिकार को समझे। वह यह समझे कि उसकी आवाज़ गूँजती क्यों है और किसकी आवाज़ गूँजने से पहले ही दम तोड़ देती है। अगर वह ये समझ पाता है, तो शायद वह किसी का प्रवक्ता न बने, लेकिन उसका साथी ज़रूर बन सकता है।

लेखन एक माध्यम है। न तो तख़्त है, न ही तलवार। और अगर हम इसे सिर्फ आत्मप्रदर्शन का ज़रिया बनाते हैं, तो शायद हम वह कर रहे हैं जिससे बचने की सलाह हम दूसरों को देते हैं।

किसी मुद्दे पर लिखते समय यह ज़रूरी है कि हम खुद से बार-बार सवाल करें। क्या मैंने वाकई किसी से बात की है? क्या मैं सिर्फ पढ़ी हुई चीज़ों से सोच रहा हूँ या ज़मीन से भी जुड़ा हूँ?

क्या यह लेख सिर्फ मेरे विचार हैं, या इनमें कुछ और आवाज़ें भी छिपी हैं?

मेरे लिए यह लेखन अभ्यास नहीं है। यह बेचैनी है। यह भीतर की वह खरोंच है जो हर बार तब उभरती है जब किसी दूसरे की चुप्पी सुनाई देती है। मैं स्वीकार करता हूँ कि मेरे पास सभी उत्तर नहीं हैं। लेकिन सवाल हैं। और शायद कुछ संसाधन भी हैं। और इन दोनों के बीच एक पुल बन सकता है। संवाद का पुल, संवेदना का पुल और सबसे ज़रूरी, सहभागिता का पुल।

मुझे नहीं लगता कि लेखन से दुनिया बदलती है। लेकिन शायद यह एक शुरुआत होती है। एक सोचने की आदत बनती है। और कभी-कभी यह भी होता है कि किसी एक ने लिखा और किसी दूसरे को हिम्मत मिली।

मैं कोई नायक नहीं हूँ। और न ही किसी की तरफ़ से बोलने का दावा करता हूँ। मैं सिर्फ यह मानता हूँ कि अगर आप किसी व्यवस्था से लाभ उठाते हैं, तो उसके अन्याय पर चुप रहना अंतर्मन के साथ बेईमानी है। और यही वह बात है जो मुझे बार-बार लिखने पर मजबूर करती है।

हो सकता है कि मैं एक 'आर्मचेयर बुद्धिजीवी' ही रह जाऊँ। लेकिन इस कुर्सी से मुझे जो दिखता है, वह मुझे सोने नहीं देता। और शायद, अगर मैं सो नहीं पा रहा हूँ, तो यही बेचैनी ही मेरी नैतिकता की शुरुआत है।

मेरे शब्द यह दिखाने के लिए नहीं कि मैं कितना सोचता हूँ, बल्कि इसलिए कि शायद किसी और को थोड़ा और देखा जाए, थोड़ा और सुना जाए। और अगर कभी ऐसा हो सके, तो यही लेखन का उद्देश्य होगा।

**–डॉ. पंकज राजवंशी,**
**सिएटल ( अमरीका ) में रह रहे एक गैस्ट्रोएण्ट्रोलॉजिस्ट**

# ग्रामीण सेवा शिविर : हर पात्र व्यक्तियों तक पहुंचा

## ग्रामीणों के लिए राहत का पर्याय साबित हुए सेवा शिविर



दयाशंकर

जयपुर। आमजन को उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान प्रदान करने के लिए प्रदेश भर में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविरों में लाखों लोग लाभान्वित हुए हैं। इन शिविरों में आमजन के विभिन्न विभागों से जुड़े प्रकरणों का हाथों हाथ समाधान किया जा रहा है। साथ ही राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी दिया गया है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में संपूर्ण प्रदेश में 17 सितम्बर से ग्राम पंचायतों में इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों में भूमि विभाजन, फसल बीमा, जाति प्रमाण पत्र, खाद्य सुरक्षा योजना, फसल बीमा, पशु बीमा, स्वास्थ्य सुरक्षा तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का सीधा लाभ ग्रामीणों को उनके घर के पास देकर उन्हें राहत प्रदान की गई।

**उल्लेखनीय सफलता के साक्षी बने ग्रामीण सेवा शिविर**

प्रदेश की ग्रामीण जनता के लिए राहत का पर्याय साबित हो रहे इन ग्रामीण सेवा शिविरों में राजस्व विभाग द्वारा आपसी सहमति से भूमि विभाजन के 11 हजार 115 लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इसी तरह स्वामित्व योजना के तहत 77 हजार 408 पट्टों का वितरण किया गया। इन शिविरों में 64 हजार 934 लंबित नामांतरण प्रकरणों का निस्तारण कर राजस्व रिकॉर्ड में इंद्राज किया गया, भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के तहत शुद्धिकरण के 69 हजार 316 प्रकरण निस्तारित किये गए। इसी प्रकार 67 हजार 376 लंबित फार्मर रजिस्ट्री पूरी की गई तथा आमजन को 90 हजार 631 मूल निवास प्रमाण पत्र एवं 1 लाख 8 हजार 992 जाति प्रमाण पत्र बनाकर जारी किए गए।

प्रदेश में पशुपालन एवं कृषि की राह प्रशस्त करते हुए ग्रामीण सेवा शिविरों में मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत 1 लाख 10 हजार 458 पॉलिसियों तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 1 लाख 20 हजार 421 पॉलिसियों का वितरण किया गया। शिविरों के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 86 हजार 680 पेंशनर्स का सत्यापन किया गया। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा पोर्टल पर लंबित 41 हजार 291 लंबित प्रकरण निस्तारित किये गए एवं टूलकिट/औजार सहायता योजना में 2 हजार 608 आवेदन स्वीकृत किये गए। वित्तीय समावेशन की दिशा में प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत शिविरों में 42 हजार 742 नए बैंक खाते खोले गए। इसके साथ ही जनाधार योजना में 43 हजार 163 आवेदनों को अपडेट किया गया।

ये ग्रामीण सेवा शिविर प्रदेश में विकास एवं विश्वास को सशक्त करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम साबित हुए हैं।

**–दयाशंकर,**
**सहायक निदेशक,**
**सूचना एवं जन सम्पर्क, जयपुर**

# संगीतमय नानी बाई रो मायरो की कथा शोभायात्रा से शुरू

**बिजयनगर** (निसं)। वैष्णव बैरागी सेवा संस्था बिजयनगर के तत्वावधान मे तीन दिवसीय संगीतमय नानी बाई रो मायरो कथा का शुभारंभ कलश शोभायात्रा के साथ हुई । लक्ष्मी नारायण मंदिर के पीछे वैष्णव भवन में नानी बाई रो मायर कथा का वाचन साध्वी जयमाला वैष्णव दीदी निलिया, नौगांवा मंदसौर वाले द्वारा किया जारहा है। कथा प्रतिदिन सवा बारह बजे से दोपहर सवा तीन बजे प्रतिदिन तीन अक्टूबर से पांच अक्टूबर तक चलेगी। कथा की शुरुआत विशाल कलश यात्रा के साथ गाजेबाज व भजनो पर नाचने गाते हुए श्रद्धालु तेजा चौक स्थित श्री त्रिवेणी माता जी मंदिर से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए कथा स्थल पहुंची । कलश शोभा यात्रा का जगह जगह विभिन्न समाज द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान बिजयनगर बैरागी सेवा संस्था के अध्यक्ष महावीर वैष्णव सहित पदाधिकारीयों ने कथा वाचक सहित अतिथियों का स्वागत सम्मान किया । कथा मे महंत श्याम दास महाराज बडली का सानिध्य मिला । कथा मे पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष नवीन शर्मा, पालिका चेयरमैन अनिता मेवाड़ा, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित मोदी, पालिका उपाध्यक्ष प्रीतम बडोला, पार्षद मनोहर कोगटा, विक्रम सिंह, कालूराम जाजू, आशीष सांड, ओमप्रकाश पांड्या, ज्ञानचंद प्रजापत, अमित लोढा, अभिषेक रांका, सहित अतिथियों का सेवा संस्था के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। नानी बाई का मायरा कथा मे कथा वाचक सुश्री जय माला वैष्णव दीदी ने श्री नरसी जी मेहता के जन्म, बाल रुप व जीवन परिचय के बारे में विस्तार से बताया एवं सनातन धर्म के बारे में बताते हुए कहा कि 'जीवन मे सतगुरु का होना आवश्यक है, सनातन धर्म मे कई त्यौहार है जो बिना गुरु के सम्पन्न नहीं होते है, गुरु का मतलब सच्चे संत की पहचान है, जिनमे दया, करुणा, सब को अपना समझें, पराया नहीं व क्रोध नहीं करते है। कथा वाचक वैष्णव दीदी ने कहा की आज के समय मे सभी अपने बच्चों पर नजर रखे, उन्हें समय देवे, मन का विचार जाने व संस्कार देकर संस्कारित बनावे, मोबाइल का उपयोग कम से कम करने देवे। कथा मे भगवान के विभिन्न रुप व नरसी जी मेहता जीवांत झांकी सजाई गई।

ARBIT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot



"Can I Eat With You?" A small, dirty girl, with eyes full of hope. No one could have imagined that such a simple question, "Can I eat with you?" would change both of their lives forever

"Frankenstein Rabbits"

A Century-Old Argument That Still Echoes

# "आई लव मोहम्मद" अभियान के विरोध या समर्थन का कोई असर नहीं दिख रहा है बिहार के चुनाव में

## यह इस बात की पुष्टि करता है कि सदा से ही बिहार की राजनीति में धर्म से ज्यादा जाति असरदार है

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 अक्टूबर। क्या उत्तर प्रदेश का 'आई लव मुहम्मद' अभियान भाजपा द्वारा इस तरह रचा गया था कि बिहार में चुनावी माहौल को सांप्रदायिक बनाया जा सके?

इसी तरह की कई साज़िश की थ्योरी सामने आ रही हैं, खासकर बरेली के मौलाना तौकीर रज़ा ख़ान की गिरफ्तारी और उनके, उनके सहयोगियों व परिवार पर जिला प्रशासन की बुलडोज़र कार्रवाई के बाद।

बिहार की राजनीति पर हिंदुत्व की राजनीति का कोई बड़ा असर अब तक नहीं पड़ा है। यहाँ धर्म से अधिक, जाति ही राजनीतिक पहचान का मुख्य आधार रही है। लेकिन अतीत में कुछ इलाकों में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण ने भाजपा को चुनावी लाभ ज़रूर दिया है।

- जैसा कि विदित है कि मौलाना तौक़ीर रज़ा खान ने गत माह आई लव मोहम्मद अभियान शुरु किया था, जो महाराष्ट्र, उत्तराखंड और गुजरात में भी पहुँचा।
- इसके जवाब में हिन्दुवादी ग्रुप्स ने "आई लव महादेव", "आई लव राम" पोस्टर वॉर छेड़ा। राजनीति टीकाकारों के अनुसार, इन दोनों अभियानों का ज्यादा असर इसलिये नहीं हुआ, क्योंकि तौक़ीर रज़ा खान को यू.पी. का असदुद्दीन ओवैसी समझा जाता है, जो सांप्रदायिक भावनाओं को भड़का कर अपने वक्तव्यों से ध्रुवीकरण करते हैं और इसका फायदा भाजपा को ही मिलता है।
- यह भी कहा जाता है कि मौलाना तौक़ीर रज़ा खान बरेली के भाजपा नेता संतोष गंगवार के नज़दीकी हैं और एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने ही जेल से रिहाई के लिए उनकी जमानत की व्यवस्था कराई थी।
- बिहार के सीमांचल क्षेत्र में, जहाँ मुस्लिम मतदाता काफी संख्या में हैं, जरुर ओवैसी की पार्टी को, जो सभी सीटों पर लड़ने की घोषणा कर चुके हैं, कुछ लाभ मिल सकता है, क्योंकि वे मौलाना के पक्ष में अच्छी खासी बयानबाजी कर रहे हैं।

पिछले महीने कानपुर में अल्पसंख्यकों पर पुलिस की कार्रवाई और 'आई लव मुहम्मद' पोस्टर लगाने वालों पर रोक के बाद विरोध प्रदर्शन शुरू हुए। मौलाना तौकीर रज़ा ख़ान ने इनका नेतृत्व किया, जिसके चलते आंदोलन महाराष्ट्र, उत्तराखंड और गुजरात तक फैल गया। इसके जवाब में हिंदू संगठनों ने 'आई लव महादेव', 'आई लव राम' और यहाँ तक कि 'आई लव बुलडोज़र' जैसे पोस्टरों के साथ मुहिम छेड़ दी।

इस पोस्टर राजनीति ने माहौल को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पुतिन ने मोदी को साहसी नेता बताया

सोची, 03 अक्टूबर। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को अमेरिका पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत किसी प्रकार का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा।

पुतिन ने काला सागर के तट पर स्थित रूस के सोची शहर में आयोजित वाल्दाई इंटरनेशनल डिस्कशन क्लब के मंच पर बोलते हुए कहा, "भारत और चीन अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे।" रूसी राष्ट्रपति का इशारा हाल ही में अमेरिका द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने और रूस से तेल आयात बंद नहीं करने के कारण 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने के फैसले की ओर था।

- उन्होंने कहा अब भारत पुराना भारत नहीं, अब वो किसी तरह का तिरस्कार बर्दाश्त नहीं करेगा।

रुसी राष्ट्रपति ने मोदी को साहसी नेता बताया और कहा कि, "भारत अब पुराना भारत नहीं रहा, अब वो किसी तरह का तिरस्कार बर्दाश्त नहीं करेगा।" पुतिन ने कहा, "अगर भारत रूस से तेल आयात बंद कर देता है तो इसे बहुत घाटा होगा। पुतिन ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए कहा कि वे व्यक्तिगत तौर पर जानते

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अब तक रूस की सीमा से लगते देश ही "आतंकित" थे रूस की आक्रामक कार्यवाही से

## पर, अब रूस ने ड्रोन की उड़ानों से व एयर स्पेस उल्लंघन से मध्य यूरोप को भी डराना शुरु कर दिया है

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3, अक्टूबर। पश्चिमी यूरोप अब दिन-ब-दिन छद्म युद्ध की मार को तेजी से महसूस कर रहा है, जिससे उसकी जरूरी और अहम सेवाएँ अलग-अलग समयावधि के लिए ठप हो रही हैं। सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि इस बिगड़ती स्थिति का सामना कैसे किया जाए, इसका कोई स्पष्ट रास्ता नजर नहीं आ रहा।

अब तक ऐसे हमले रूस की सीमा से लगे देशों में हो रहे थे, लेकिन अब गुप्त हमले धीरे-धीरे मध्य यूरोप तक पहुँचने लगे हैं।

कल म्यूनिख हवाईअड्डे को उस समय कई घंटों तक बंद करना पड़ा, जब वहाँ आसपास बड़ी संख्या में ड्रोन देखे गए। उड़ानें बाधित हो गईं और भारी संख्या में यात्री परेशान हुए। सबसे पहले पोलैण्ड में बिना अनुमति उड़ रहे ड्रोन देखे गए थे, जिन्हें पोलिश सेना ने गिरा दिया था। अब ऐसी घटनाएँ लगातार बढ़ रही हैं।

- सबसे पहले ये ड्रोन की उड़ानें पोलैण्ड में देखी गई थीं। इसके बाद कोपनहेगन, डैनमार्क, एस्टोनिया में भी हुई हैं।
- इन उड़ानों से कई जगह एयरपोर्ट उड़ाने विलंबित हुई हैं। ऐसी घटना दो साल पूर्व हुई थी, जिसमें नॉथ सी में गैस पाइपलाइन को दुर्घटनाग्रस्त किया गया था।
- लंदन की बहुप्रतिष्ठित पत्रिका इकॉनमिस्ट ने इस घटनाक्रम पर टिप्पणी करते हुए कहा कि सारी आपसी बातचीतों के बावजूद भी अभी तक रूस के खिलाफ कॉमन फ्रंट बनाकर खड़े होने की क्षमता नहीं बनी है। यूरोप को यह भी भय है कि अगर अभी रूस की डराने वाली कार्यवाही नहीं रोकी गई तो रूस की हिम्मत बढ़ती जायेगी। कुछ रूसी भाषी अल्पसंख्यकों की सहायता से वो रूस पर अपना आधिपत्य बढ़ाता जाएगा।

पोलैंड की घटना के बाद, कोपनहेगन हवाईअड्डे को भी ड्रोन की वजह से बंद करना पड़ा। इसके बाद डेनमार्क का बिजनेस एयरपोर्ट भी आसपास ड्रोन उड़ानों से प्रभावित हुआ। एस्टोनिया में रूसी लड़ाकू विमान उसके हवाई क्षेत्र में 12 मिनट तक उड़ान भरते हुए देखे गए।

ड्रोन के अलावा, यूरोप में जरूरी सेवाओं को बाधित करने वाली घटनाएँ भी बढ़ रही हैं। करीब दो साल पहले उत्तरी सागर में एक बड़ी गैस पाइपलाइन को समुद्र की सतह के नीचे क्षतिग्रस्त पाया गया।

सभी आरोपों की उंगली रूस की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'भारतीय कंपनियां "क्रोनीइज़्म" से नहीं मेहनत और इनोवेशन से भी जीत सकती हैं'

## लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भारत में पूरी लोकतांत्रिक व्यवस्था पर एक ही कंपनी के एकाधिकार की कड़ी आलोचना करते हुए यह टिप्पणी की

- डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 अक्टूबर। पूरी अर्थव्यवस्था पर तीन-चार बड़ी कंपनियों के एकाधिकार की धारणा की आलोचना करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज कहा कि दोपहिया वाहन निर्माता बजाज, हीरो और टीवीएस कोलंबिया में बेहतरीन प्रदर्शन कर रही हैं, जो यह साबित करता है कि भारतीय कंपनियां नवाचार (इनोवेशन) के दम पर सफल हो सकती हैं, न कि भाई-भतीजावाद (क्रोनीइज़्म) के जरिए।

दक्षिण अमेरिका के चार देशों के दौरे पर कोलंबिया पहुंचे राहुल गांधी ने 'एक्स' पर अपनी एक तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें वे एक बजाज पल्सर मोटरसाइकिल के सामने खड़े हुये हैं।

- दक्षिण अमेरिका के कोलंबिया में हीरो, बजाज और टीवीएस का काम काज देखकर राहुल ने खुशी जताई और एक्स पर एक फोटो भी पोस्ट की, जिसमें वे एक बजाज पल्सर मोटर साइकिल के साथ खड़े दिख रहे हैं। उन्होंने कोलंबिया में भारतीय कंपनियों को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी।
- कोलंबिया की इआईए युनिवर्सिटी, मैडलीन में विद्यार्थियों के साथ एक संवाद में राहुल ने सत्ता के विकेन्द्रीकरण पर जोर दिया और कहा कि पूरे आर्थिक ढांचे को एक ही व्यक्ति के हाथ में नहीं सौंपा जाना चाहिए।

लोकसभा में विपक्ष के नेता ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मुख्यमंत्री ने 3 प्रतिशत महँगाई भत्ता बढ़ाया

जयपुर, 03 अक्टूबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस माह दीपावली के त्यौहार से पहले राज्य कार्मिकों को महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत वृद्धि का उपहार दिया है। पेंशनर्स को भी महंगाई राहत में 3 प्रतिशत वृद्धि देय होगी।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को इस संबंध में वित्त विभाग के प्रस्ताव का अनुमोदन किया। अब प्रदेश में सातवें वेतनमान के अंतर्गत राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को 1 जुलाई 2025 से 55 प्रतिशत से बढ़ाकर 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता अथवा मंहगाई राहत देय होगी।

- राज्य कर्मियों और पेंशनरों को 1 जुलाई 25 से बढ़ा हुआ महँगाई भत्ता मिलेगा।

इस निर्णय से लगभग 8 लाख कार्मिक एवं 4.40 लाख पेंशनर्स लाभान्वित होंगे। पंचायत समिति तथा जिला परिषद के कर्मचारियों को भी इस बढ़ोतरी का फायदा मिलेगा।

# एयर चीफ मार्शल ने प्रैस कॉन्फ्रैंस में बताया कि ऑपरेशन सिंदूर में कैसे पाकिस्तान को हराया भारत ने

## एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह ने कहा, पूरी दुनिया ने भारतीय वायु सेना की ताकत देखी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3, अक्टूबर। एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रैंस में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत द्वारा 4 से 5 पाकिस्तानी लड़ाकू विमान, अमेरिकी एफ-16 और चीनी जेएफ-17 को मार गिराया गया। उन्होंने कहा कि अगस्त में की गई प्रारंभिक टिप्पणी के बाद अब और स्पष्ट विवरण साझा किए जा रहे हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि विश्व ने भारतीय वायुसेना की ताकत देखी। भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत कश्मीर में स्थित 9 आतंकवादी शिविरों और ठिकानों को भी निशाना बनाकर सफलतापूर्वक ध्वस्त किया।

वायुसेना प्रमुख ने बताया, "हमारे पास यह प्रमाण है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एक अवाक्स (एयरबोर्न अर्ली वॉर्निंग सिस्टम) एयरक्राफ्ट और 4 से 5 फाइटर जेट्स को हवा में ही नष्ट किया गया। कुल मिलाकर 6 पाकिस्तानी विमान हमारी कार्रवाई में तबाह हुए।"

इसके अलावा, भारतीय मिसाइल हमलों ने पाकिस्तानी रडार सिस्टम, कमांड एंड कंट्रोल सैंटर, रनवे, हैंगर और अन्य सैन्य ढांचों को भी निशाना बनाकर निष्क्रिय कर दिया।

- उन्होंने बताया, हमारी सेना ने पाकिस्तान के 5 लड़ाकू विमानों के साथ एक "अर्ली वॉर्निंग एण्ड कंट्रोल प्लेन" नष्ट किया था और यही नहीं अमेरिका में बने सी-130 विमान, जिसे "हरक्युलिस" कहा जाता है, को भी नष्ट किया है।
- सिंह ने बताया, "अर्ली वॉर्निंग एण्ड कंट्रोल प्लेन" को 300 किलोमीटर दूर से सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल से निशाना बनाया गया, जो अब तक का सबसे लंबी दूरी का निशाना है।
- उन्होंने कहा, हमारे हर हमले के हमारे पास पुख्ता सबूत हैं। पर, पाकिस्तान जो भारतीय राफेल गिराने के जो दावे कर रहा है, वह सिर्फ झूठा प्रचार है, जो वह अपनी जनता को मूर्ख बनाने के लिए कर रहा है।

उन्होंने यह भी बताया कि हो सकता है कि सी-130 क्लास का एक अमेरिकी सैन्य ट्रांसपोर्ट विमान, जिसे "हर्क्यूलिस" कहा जाता है, वह भी निशाना बना हो।

उन्होंने कहा, "पाकिस्तान के नुकसान की बात करें तो हमने उनके कई एयरफील्ड्स और सैन्य ठिकानों पर हमले किए। इसमें चार स्थानों पर रडार, दो स्थानों पर कमांड एंड कंट्रोल सैंटर, और दो रनवे क्षतिग्रस्त हुए। तीन विभिन्न एयरबेस पर तीन हैंगर भी नष्ट हुए," उन्होंने कहा।

एयर चीफ ने बताया कि एक एईडब्ल्यु एण्ड सी या इलैक्ट्रॉनिक इन्टैलिजैंस विमान को 300 किलोमीटर से अधिक दूरी से निशाना बनाकर मार गिराया गया, जो अब तक का सबसे लंबी दूरी का सतह से हवा में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सोनम वांगचुक की रिहाई के लिये सुप्रीम कोर्ट में याचिका

नयी दिल्ली, 03 अक्टूबर। राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत गिरफ्तार सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे. अंगमो ने उनकी रिहाई के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

अंगमो ने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका गुरुवार को दायर कर अपने पति की गिरफ्तारी को अवैध बताया है।

- वांगचुक की पत्नी की याचिका पर दशहरा की छुट्टियों के बाद सुनवाई होगी।

उन्होंने अपनी याचिका में अपने पति पर एनएसए लगाने पर सवाल उठाते हुए दावा किया कि उनकी "गिरफ्तारी अवैध और नियमों का उल्लंघन है।" उन्होंने यह भी कहा कि गिरफ्तारी के बाद उनके पति से कोई संपर्क नहीं हो पाया।

गौरतलब है कि वांगचुक राजस्थान

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अमेरिका के शटडाउन का असर धीरे-धीरे सरकारी कर्मचारियों और जनता को महसूस होने लगा

## केन्द्रीय सरकार के साढ़े सात लाख कर्मचारियों को अगले सप्ताह पे चैक नहीं मिलेगा और उन्हें अपनी बचत भुनाकर रोज़मर्रा का खर्चा चलाना पड़ेगा

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 अक्टूबर। वॉशिंगटन में बजट पर गतिरोध अब एक पूर्ण अमेरिकी सरकारी शटडाउन में तब्दील हो गया है, जिससे लाखों अमेरिकियों को वित्तीय अनिश्चितता, ठप्प सेवाओं और भविष्य को लेकर बढ़ती चिंता का सामना करना पड़ रहा है।

राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप और कांग्रेस के बीच वार्ता विफल होने के बाद अमेरिकी संघीय फंडिंग की अवधि समाप्त हो गई है। सांसद एक अस्थायी फंडिंग प्रस्ताव पर सहमति नहीं बना सके, जिससे सरकारी एजेंसियों को अपने कामकाज रोकने या सीमित करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

करीब साढ़े सात लाख संघीय कर्मचारियों के लिए यह शटडाउन अनिवार्य अवकाश (फर्मो) है, जिसका अर्थ है कि, जब तक कोई फंडिंग बिल पास नहीं होता, तब तक बिना वेतन घर बैठना पड़ेगा। जरुरी सेवाओं से जुड़े कर्मचारी, जैसे सेना के जवान, बॉर्डर एजेंट और एयरपोर्ट कंट्रोलर, को बिना वेतन काम करना होगा। अगले सप्ताह तक, कई कर्मचारियों को अपना पहला वेतन नहीं मिल पाएगा, जिससे परिवारों को अपनी बचत को खर्च करना पड़ेगा या कर्ज़ लेना पड़ सकता है।

इस शटडाउन के प्रभाव पहले ही दिखने लगे हैं। हवाई यातायात यूनियनों ने स्टाफ की कमी को लेकर चेतावनी दी है, जिससे उड़ानों की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। राष्ट्रीय उद्यान, संग्रहालय और कई सार्वजनिक सेवाएं- जैसे पासपोर्ट कार्यालय और छोटे व्यवसायों के लिए लोन डेस्क आदि अपने दरवाजे बंद कर रहे हैं। सेवानिवृत्त नागरिकों, पूर्व सैनिकों और ग्रामीण इलाकों में सरकारी सहायता पर निर्भर परिवारों के लिए यह शटडाउन पहले से ही कठिन आर्थिक स्थिति में मुश्किले बढ़ा रहा है।

इस बार का संकट पहले के शटडाउन की तुलना में ज्यादा गंभीर है, क्योंकि वाइट हाउस की ओर से स्थायी छंटनी के संकेत दिए जा रहे हैं। प्रेस सचिव कैसेलीन लेविट ने कहा कि एजेंसियां अब यह समीक्षा कर रही हैं कि "कहां-कहां छंटनी सन्निकट है," जिससे यह आशंका बढ़ गई है कि कई कर्मचारी अब अपनी नौकरियों पर वापस नहीं लौट पाएंगे।

- जब तक बजट प्रस्ताव सीनेट से पारित नहीं होता, बिना तनख्वाह के छुट्टी पर जाने को मजबूर होना पड़ेगा। रिटायर्ड कर्मचारी, पूर्व सैनिक व ग्रामीण परिवार, जो सरकारी मदद पर निर्भर हैं, उनके जीवन में आर्थिक तनाव और बढ़ जायेगा।
- साधारण नागरिक के लिए नैशनल पार्क, म्यूज़ियम व अन्य पब्लिक सेवाएँ, यहाँ तक कि एयरपोर्ट व हवाई सेवा भी सुरक्षाकर्मियों के अभाव में अस्त-व्यस्त होनी शुरु हो गई हैं।

सरकार इस फंडिंग अवरोध का इस्तेमाल अपने खर्च प्राथमिकताओं नया रुप देने के लिए कर रही है। ऊर्जा विभाग ने घोषणा की है कि वह स्वच्छ ऊर्जा से जुड़ी परियोजनाओं को बंद कर रहा है- खासकर डेमोक्रेटिक पार्टी द्वारा शासित राज्यों में। वहीं, परिवहन विभाग ने न्यूयॉर्क के लिए 18 अरब के इन्फ्रास्ट्रक्चर ग्रांट्स को फ्रीज कर दिया है। आलोचकों ने इन फैसलों को राजनीतिक बदले की कार्रवाई कहा है।

यह गतिरोध हैल्थकेयर फंडिंग सीनेट डेमोक्रेट्स कम आय वाले परिवारों के लिए सब्सिडी बढ़ाना चाहते हैं, जबकि रिपब्लिकन किसी भी नए खर्च का विरोध कर रहे हैं और डेमोक्रेट्स पर आरोप लगा रहे हैं कि वे यह पैसा अवैध प्रवासियों को देने की कोशिश कर रहे हैं – जिसे डेमोक्रेट्स ने सिरे से नकारा है। बिना द्विदलीय समर्थन के, सीनेट 60 वोटों की आवश्यक संख्या जुटा नहीं पा रही है, जिससे कोई भी अल्पकालिक समाधान भी असंभव हो गया है।

आम अमेरिकी नागरिकों के लिए, यह शटडाउन वॉशिंगटन की राजनीतिक विफलता की एक कड़वी याद दिलाता है। रोज़मर्रा की सुविधाएं – जैसे परमिट रिन्यू कराना या राष्ट्रीय उद्यानों की सैर – अब बंद हैं। जिन संघीय कर्मचारियों की ज़िंदगी महीने की तनख्वाह पर टिकी है, उनके लिए यह स्थिति बेहद कठिन है।

वॉशिंगटन में घूमने आए एक सेवानिवृत्त व्यक्ति ने कहा, जो आज कई अमेरिकियों की साझा भावना बन गई है। "समझौता किया जाता है। रास्ते निकाले जाते हैं। सबको थोड़ा-थोड़ा पीछे हटना पड़ता है।"

जहां रिपब्लिकन डेमोक्रेट्स पर यह आरोप लगा रहे हैं कि वे नीति-निर्धारण के लिए सरकार को बंधक बना रहे हैं, वहीं डेमोक्रेट्स जवाब दे रहे हैं कि ट्रंप की सार्वजनिक सेवाओं में की जा रही आक्रामक कटौतियां समाजिक सुरक्षा तंत्र को खतरे में डाल रही हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'दो साल तक के बच्चों के कफ सिरप ना दें'

नयी दिल्ली, 03 अक्टूबर। मध्य प्रदेश और राजस्थान में कफ सिरप से बच्चों की मौत की रिपोर्टों को देखते हुए, केन्द्र सरकार के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) ने दो साल तक के बच्चों को कफ सिरप न देने का निर्देश दिया है।

- केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ने राजस्थान व मध्यप्रदेश में कफ सिरप पीने से हुई छोटे बच्चों की मौतों के मद्देनज़र यह निर्देश दिया।

महानिदेशालय की ओर से शुक्रवार को सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य सेवा निदेशकों को जारी परामर्श में कहा है कि बच्चों में आम तौर से होने वाली खांसी अपने-आप ठीक हो जाती है और किसी दवाई की जरूरत नहीं होती। उसने कहा है कि दो साल से कम उम्र के बच्चों को सर्दी और खांसी की दवा नहीं दी जानी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सार-समाचार

### 15 ग्राम पंचायतों में सेवा शिविर आज

**दौसा।** राज्य सरकार की ओर से आमजन को एक ही स्थान पर सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने और जनसमस्याओं का निस्तारण करने के लिए चलाए जा रहे ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविर अभियान के तहत 4 अक्टूबर, शनिवार को 15 ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर रामस्वरूप चौहान ने बताया कि ग्रामीण सेवा शिविर अभियान के तहत शनिवार को महेश्वरा खुर्द (दौसा), कीरतपुरा एवं नारायणपुरा (बांदीकुई), करोड़ी, सिकन्दरा एवं मोहचिंगपुरा (सिकराय), ढण्ढ एवं मनोहरपुर (महवा), रींदली व टीकरी किलनौत (मंडावर), गोल एवं संवासा (लालसोट), बीदरखां व भांवता (रामगढ़ पचवारा) तथा चौरड़ी (सैंथल) में शिविर आयोजित किए जाएंगे। 6 अक्टूबर को इन शहरी वार्डों के लगेंगे शिविर:- उन्होंने बताया कि 6 अक्टूबर, सोमवार को दौसा के वार्ड नं. 50 से 55 का नगर परिषद कार्यालय, बांदीकुई के वार्ड नं. 7 से 13 का सिंकदरा रोड स्थित उपवन कार्यालय परिसर, लालसोट के वार्ड नं 18 एवं 19 का खटवा रोड स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय गांधीशाला, महवा के वार्ड नं. 11 का अम्बेडकर भवन, बसवा के वार्ड नं. 17 से 21 का नगर पालिका कार्यालय परिसर, सिकराय के वार्ड नं. 15 एवं 16 का नगर पालिका कार्यालय भवन, भाण्डारेज के वार्ड नं. 21 एवं 22 का नगर पालिका कार्यालय, लवाण के वार्ड नं. 17 का नगर पालिका कार्यालय, मण्डावर के वार्ड नं. 9 एवं 10 का नगर पालिका कार्यालय, रामगढ़ पचवारा के वार्ड नं. 11 का नगर पालिका कार्यालय एवं मण्डावरी के वार्ड नं. 11 का नगर पालिका कार्यालय में शिविर आयोजित होंगे।

### जयपुर से गोविंदपुरा बासडी बस की मांग

**शाहपुरा।** स्थानीय विधायक मनीष यादव ने राजस्थान परिवहन निगम के को पत्र लिखकर जयपुर से गोविंदपूरा बासडी परिवहन सेवा को बहाल करने की मांग की। गौरतलब है कि विधायक को ग्रामीणजनों व विद्यार्थियों ने ज्ञापन देकर अवगत करवाया था कि इस मार्ग पर बस बंद होने से उन्हें परेशानी उठानी पड़ती है, जिसको लेकर विधायक ने पत्र लिखा। गौरतलब है कि विधाधर नगर डिपो द्वारा चांदपोल (जयपुर) से गोविंदपुरा बासडी वाया चौमू उदयपुरिया मोड़, चिमनपुरा, ईटावा, तिगरिया मोड़, बांस का टीबा, तिगरिया, धानोता, रावपुरा मार्ग पर परिवहन सेवा का नियमित संचालन किया जाता था। इस परिवहन सेवा का उपयोग प्रतिदिन सैकड़ों यात्रीगण करते थे, जिनमें आमजन, मरीज, नौकरीपेशा कर्मचारी, मजदूर एवं विद्यार्थी विशेष रूप से सम्मिलित हैं। यह सेवा इनके लिए सुगम, सुरक्षित एवं एकमात्र भरोसेमंद साधन रही है, परन्तु इस मार्ग पर परिवहन सेवा लगभग एक माह से बंद है। जिसके कारण दैनिक यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग पर अन्य कोई वैकल्पिक सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध नहीं है। विधायक ने कहा कि जयपुर से गोविंदपुरा बासडी मार्ग की परिवहन सेवा को पुनः प्रारम्भ किया जाए, साथ ही यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए इस मार्ग पर फेरे बढ़ाकर नियमित संचालन सुनिश्चित करवाया जाए।

### क्षतिग्रस्त सड़कों के लिए राशि मंजूर

**शाहपुरा।** जयपुर ग्रामीण संसदीय क्षेत्र में अत्यधिक बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के लिए जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह की अनुशंसा व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी के निर्देश पर आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग ने जिला कलेक्टर जयपुर को राशि 9 करोड़ 15 लाख स्वीकृत की है। भाजपा जयपुर ग्रामीण प्रेस प्रवक्ता सुभाष जोशी ने बताया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता क्षेत्र फुलेरा तहसील किशनगढ़ रेनवाल के 46 कार्यों के लिए 67 लाख 25, ब्लॉक सांभर लेकर 88 कार्यों के लिए 133 लाख 53 हजार , ब्लॉक जोबनेर के 50 कार्यों के लिए 67 लाख 43 हजार , ब्लॉक झोटवाड़ा के लिए 24 कार्यों के लिए 20 लाख 85 हजार, ब्लॉक गोविंदगढ़ के 160 कार्यों के लिए 199 लाख 30 हजार, ब्लॉक आमेर के 50 कार्यों के लिए 68 लाख 9 हजार, ब्लॉक जालसू के 79 कार्यों के लिए 104 लाख 45 हजार , ब्लॉक शाहपुरा के 67 कार्यों के लिए 82 लाख 8 हजार , ब्लॉक अमरसर के 72 कार्यों के लिए 86 लाख 2 हजार, अधिशासी अभियंता जमवारामगढ़ के 63 कार्यों के लिए 86 लाख 15 हजार की राशि स्वीकृत की गई है। जोशी ने बताया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग के माध्यम से बारिश के दौरान क्षतिग्रस्त हुई पुलिया व सड़कों का मरम्मत कार्य करवाया जाएगा।

### बी.एल.ओ. प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**दौसा।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान जयपुर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दौसा के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिला परिषद के सभागार में नवनियोजित बीएलओ को सोशल मीडिया के उपयोग की ट्रेनिंग दी गई। जिला समन्वयक, स्वीप दौसा डॉ. रामवीर चौधरी ने सोशल मीडिया की महत्ता पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने सभी बीएलओ को निर्वाचन आयोग के अधिकृत सोशल मीडिया फॉलो, लाइक और सब्सक्राइब करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इन प्लेटफॉर्म्स से निर्वाचन संबंधी नवीनतम जानकारी, संदेश एवं जागरूकता गतिविधियां सीधे आमजन तक पहुंचती हैं। इस दौरान बीएलओ को प्ले स्टोर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स डाउनलोड करवा कर निर्वाचन विभाग के सोशल मीडिया हैंडल्स को फॉलो करवाया। जिला स्वीप सदस्य अशोक कुवाल ने सोशल मीडिया के लाभों पर विस्तृत विचार रखते हुए बताया कि सरल एवं सुलभ उपयोग के माध्यम से अधिक से अधिक नागरिकों तक संदेश पहुँचाना संभव है तथा सोशल मीडिया लोकतांत्रिक चेतना को व्यापक बनाकर लोकतंत्र की नींव को मजबूत करता है। सभी बीएलओ को निर्वाचन कार्यों में आधुनिक तकनीक और सोशल मीडिया की भूमिका के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी बीएलओ को लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा एवं सुदृढ़ीकरण के संकल्प के रूप में मतदान की शपथ भी दिलवाई गई। कार्यक्रम में ललित किशोर गुप्ता, लोकेश कुमार जांगिड़ एवं कालूराम मीणा तथा ब्लॉक समन्वयक स्वीप कमलेश कुमार मीणा, स्वीप सदस्य कालूराम मीना सहित कई लोग उपस्थिति रहे।

### संगठन सृजन अभियान की बैठक आज

**दौसा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के तत्वावधान में आयोजित संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत 4 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे पं.नवलकिशोर शर्मा सामुदायिक भवन दौसा जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की जावेगी। जिला प्रवक्ता मुकेश राणा ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता संगठन सृजनात्मक अभियान के पर्यवेक्षक अनिल भारद्वाज करेंगे। सहयोगी पर्यवेक्षक विधायक प्रशांत शर्मा, देशराज मीणा बेनीप्रसाद कटारिया भी उपस्थित रहेंगे। जिला प्रवक्ता मुकेश राणा ने बताया कि 5 अक्टूबर को लालसोट, लवाण, 6 अक्टूबर को दौसा, रामगढ़, 7 को बांदीकुई-ए, बांदीकुई-बी, 8 को सिकराय, भांडारेज गढ़, 9 अक्टूबर को महवा, मंडावर ब्लॉक की बैठक आयोजित की जावेगी।

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया

**दौसा।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अधीनस्थ माय भारत केंद्र दौसा के तत्वावधान में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस मनाया गया। जिला युवा अधिकारी पूनम कुमारी माय भारत केंद्र, दौसा पदाधिकारी एवं स्वयंसेवकों ने रेलवे स्टेशन के पास सबका घर आश्रम, दौसा मे जाकर वृद्धजनों का फूल माला व फल देकर स्वागत किया। सबका घर आश्रम के निदेशक नवल किशोर भाकरी ने आश्रम के वृद्ध जनो से परिचय कराया व आश्रम कि दिनचर्या से अवगत कराया। माय भारत केंद्र, दौसा के प्रोग्रामर रमा शंकर शर्मा एवं कार्यालय सहायक विजय सिंह ने वृद्धजनों से कुशलक्षेप जानी, उनके सानिध्य मे बैठ क़र उनसे बात की व आपबीती सुनी। माय भारत केंद्र के रमाशंकर शर्मा ने कहा कि वृद्धजन हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभवों से नई पीढ़ी को प्रेरणा और दिशा मिलती है। सबका घर आश्रम के व्यवस्थापक राकेश शर्मा, लखन सिंह गुर्जर सहित कई जने उपस्थित रहे।

### निजी स्कूल की बस पेड़ से टकराई

**दूदू।** रहलाणा गांव के पास एक निजी स्कूलों की बस के ब्रेक फेल हो जाने के बाद बस पेड़ से टकरा गई।बस में सवार बच्चों की आवाज सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने पहुंचकर बच्चों को बाहर निकाला। प्राप्त जानकारी के अनुसार बस में सवार करीब आठ बच्चों को चोटें आई,उनका प्राथमिक उपचार करवाकर घर भेज दिया गया। इस घटना के बाद अभिभावकों ने आक्रोश जताया कि परिवहन विभाग कि अधिकारियों के अधिकारियों की अनदेखी के कारण स्कूल बसें बिना फिटनेस के सरपट दौड़ रही हैं। अभिभावकों ने बताया कि स्कूल मालिक बच्चों से पूरा किराया वसूल करते हैं, लेकिन बसों की स्थिति खराब पर ध्यान नहीं देते।

# खर्रा ने नीमराना व कल्याणपुरा में शिविर का निरीक्षण किया

**कोटपूतली/पावटा।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), नगरीय विकास एवं स्वायत शासन विभाग, राजस्थान सरकार झाबर सिंह खर्रा ने शुक्रवार को नीमराना में नगर पालिका कार्यालय परिसर और नगर पालिका पावटा-प्रागपुरा की पंचायत कल्याणपुरा में लगे शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण किया तथा कार्मिकों को राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप सेवा की भावना से कार्य करते हुए आमजन को त्वरित राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। खर्रा ने लाभार्थियों को पीएम आवास योजना के तहत चेक, पीएम स्वनिधि योजना के चेक, पट्टे, फायर एनओसी एवं विवाह पंजीयन पत्र समेत पोषण किट और हाइब्रिड बीज वितरित किए।



शहरी सेवा शिविर का यू.डी.एच. मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में 17 सितम्बर से आयोजित इन शिविरों के माध्यम से शहर में रहने वाले नागरिकों के जन्म, मृत्यु, विवाह पंजीकरण, पट्टे, नामान्तरण, ट्रेड लाइसेंस एवं ऋण स्वीकृति जैसे कार्य त्वरित और पारदर्शी रूप से पूरे किए गए हैं।

साथ ही सड़कों, नालियों और सीवर लाइन की मरम्मत, तथा सार्वजनिक स्थानों का सौंदर्यीकरण व लाइटें लगाने आदि जैसे जनोपयोगी कार्य भी प्राथमिकता से किये गए हैं।

खर्रा ने कहा कि ये शिविर आमजन की उम्मीदों को पूरा करने का माध्यम हैं, ऐसे में विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी आमजन को सभी जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित करें। शिविरों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से लेकर उसका प्राथमिकता से निस्तारण करें। प्री कैंप में चिन्हित की गई रोशनी, सफाई सहित मूलभूत आवश्यकताओं को शिविरों के माध्यम से निस्तारित करें एवं अधिकाधिक प्रचार प्रसार करें.

उन्होंने कहा कि सभी परीवादों को ऑनलाइन दर्ज किया जा रहा है जिससे नियमित मॉनिटरिंग हो सके एवं समयबद्ध निस्तारण किया जा सके। राजकीय कार्यों में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने को कहा। मंत्री ने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से आमजन को विभागीय कार्यालयों के चक्कर काटने से मुक्ति मिलेगी। शिविरों में पारदर्शिता और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए ताकि आमजन का विश्वास और अधिक मजबूत हो।

उन्होंने आमजन से जागरूक होकर शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान करवाने एवं जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित होने की अपील की।

उन्होंने विभागीय स्टॉल वार निरीक्षण कर दी जा रही सुविधा के बारे में जानकारी ली और लाभार्थियों से संवाद भी किया। उन्होंने आईसीडीएस विभाग द्वारा आयोजित गोदभराई और अन्नप्राशन कार्यक्रम में भी भाग लिया. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्देश "सहकार सदस्यता अभियान 2025" का शुभारंभ किया गय है। यह अभियान 2 से 15 अक्टूबर तक चलेगा जिसके अंतर्गत ग्राम सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों, युवाओं एवं महिलाओं को सहकारिता से जोड़ने, नई समितियों का गठन करने तथा सहकारी योजनाओं की जानकारी देने का कार्य किया जाएगा, पात्र व्यक्ति इसका लाभ उठाएं। कल्याणपुरा में शिविर निरीक्षण के दौरान विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़ ने मंत्री जी को क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों और आवश्यक सुधारो के बारे में अवगत कराया, जिस पर खर्रा ने सकारात्मक प्रयास का आश्वासन दिया।

इस दौरान जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण, एसडीएम नीमराना महेंद्र सिंह, एसडीएम पावटा कपिल उपाध्याय, अधिशासी अधिकारी नीमराना विक्रम सिंह, अधिशासी अधिकारी पावटा फतेह सिंह मीणा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

शिविर में लाभार्थियों को कृषि भूमि नियमन के पट्टे वितरित किए गए। प्रेम देवी, पत्नी श्यामसुंदर आर्य को भी कृषि भूमि का पट्टा प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि उन्होंने वर्ष 2022 में पट्टे हेतु आवेदन किया था।

लगभग तीन वर्षों की लंबी प्रतीक्षा के बाद शुक्रवार को उन्हें शहरी सेवा शिविर के माध्यम से यह प्राप्त हुआ। पट्टा मिलने के बाद प्रेम देवी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इतने वर्षों से अटका काम शिविर के माध्यम से पूरा हुआं उन्होंने नगरपालिका, मंत्री, विधायक और राज्य सरकार के प्रति आभार जताया।

## मुख्य मार्गों पर पथ संचलन, भारत माता के लगे जयकारे

**पावटा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पावटा द्वारा विजय दशमी उत्सव धूमधाम से मनाया। विजय दशमी पर्व पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार ही स्वयंसेवकों ने शस्त्र पूजन कर पावटा में पथ संचलन निकाला।

पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों पर स्थानीय लोगों ने पुष्प वर्षा की और भारत माता के जय घोष से स्वागत किया। आदर्श विद्या मंदिर पावटा परिसर में स्वयंसेवकों ने भारत माता की पूजा अर्चना की। शस्त्र व दंड की पूजा के पश्चात युवा स्वयंसेवकों ने शारीरिक प्रदर्शन कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस दौरान विभाग सेवा प्रमुख भवानी शंकर ने

कहां देश की एकता और अखंडता के लिए राष्ट्रभक्ति जरूरी है। बुराई पर अच्छाई की जीत का यह पर्व विजय दशमी पूरे देश में संघ द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। विजयदशमी के दिन ही संघ की स्थापना हुई थी। संघ की स्थापना को 100 वर्ष पूरे हो गए हैं। संघ के स्वयं सेवक निरंतर समाज के प्रति अहम योगदान दे रहे हैं। कार्यक्रम में विजय दशमी उत्सव के महत्व, शस्त्र पूजन और हिंदुत्व के बारे में वक्ताओं ने अपना वक्तव्य दिया। वक्ताओं ने समाज से भगवान श्रीराम की तरह मर्यादा में रहकर बुराई से लड़ने व अच्छाई के साथ चलने का आ ान किया। वक्ताओं ने विजयदशमी के महत्व एवं संघ की स्थापना व उद्देश्य पर भी प्रकाश डाला। हिंदू समाज को जागृत एवं संगठित करने का आ ान किया। बौद्धिक कार्यक्रम के बाद सभी कार्यकर्ताओं ने पूर्ण गणवेश में पथ संचलन किया। पूर्ण गणवेश पहने स्वयंसेवक सुबह 9.30 बजे आदर्श विद्या मंदिर पावटा से रवाना हुए। पंथ संचलन में स्वयंसेवक मुख्य मार्गों से होकर गुजरे। हाथ में दण्ड लिए स्वयंसेवक घोष के साथ कदम से कदम मिलाते हुए आगे बढ़ रहे थे। नगर के मुख्य मार्गों से स्वयंसेवकों के गुजरने पर शहरवासियों ने भारत माता, वंदेमातरम के जयकारे लगाते हुए पुष्प वर्षा से स्वागत किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने हिंदुत्व पर बल दिया। कहा कि भारती संस्कृति और सभ्यता के उत्थान के लिए युवा आगे आएं। राष्ट्र निर्माण में सभी आहुति दें। कहां की हिंदुओं को संगठित करने के लिए आरएसएस अहम भूमिका निभा रहा है। राष्ट्र निर्माण के लिए युवा संघ से जुड़े। स्वयंसेवकों ने पूर्ण अनुशासित तरीके से पथ संचलन निकालकर एकता व राष्ट्रीयता का परिचय दिया।

इससे पूर्व भरतदास धाम महंत मंगलदास महाराज के मुख्य आतिथ्य व विधायक कुलदीप धनकड़ की उपस्थिति में विजयदशमी पर्व मनाया गया। इस दौरान व्यवस्थाओं को बनाए रखने के लिए वृताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत व प्रागपुरा थाना प्रभारी दयाराम के नेतृत्व में पुलिस जाप्ता भी मौजूद रहा। इस दौरान बडी संख्या में संघ के दायित्ववान कार्यकर्ता, स्वयंसेवक एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

## स्वच्छता अभियान का असर दिखाई नहीं दिया

**सांभरझील,** (निसं)। प्रदेश सरकार नगर पालिका क्षेत्र को गंदगी से पूरी तरह से मुक्त कर स्वच्छता की तरफ एक कदम बढ़ाने के लिए भले कितने ही प्रकार के आदेश और गाइडलाइन जारी करें लेकिन जब तक इस पर पूरी तरह से अमल नहीं होगा तब तक हर सरकार के अभियान में लोकल अधिकारी व कर्मचारीगण ऐसे ही सरकार को गुमराह कर अभियान की हवा निकालते रहेंगे।

हकीकत में यहां की लोकल बॉडी स्वच्छता अभियान के दौरान एक दो खास प्रमुख स्थानों पर जाकर टोली के साथ झाड़ू निकालते हुए, कचरा बीनते हुए की अलग-अलग स्टाइल में पोज देते हुए बैनर के साथ फोटो खिंचवाते हैं और दूसरे रोज उसको अपने विभाग की मेल आईडी पर अपलोड करके डीएलबी को भेज देते हैं कि देखो सांभर में युद्ध स्तर पर सफाई अभियान चल रहा है और कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। डीएलबी के अधिकारी तो यहां आकर देखने से रहे और वह भी इसे शासन सचिवालय तक पहुंचा देते हैं और सरकार समझती है कि स्वच्छता का अभियान सांभर में पुरजोर तरीके से हो रहा है।

स्वच्छता अभियान की आड़ में बजट भी खर्च किया जाता है जो की उस कार्य के दौरान उतना नहीं होता है। अभी कुछ दिन पहले ही एक प्रशासनिक अधिकारी ने तीर्थ स्थल पर जाकर स्वच्छता अभियान चलाया, सफाई की फोटो खिंचवाई, अखबार में छपवाई और हो गया सफाई अभियान। इसके बाद न तो नगर पालिका ने दोबारा जाकर उसकी स्थिति का आंकलन किया और न ही यहां के सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधि और विपक्ष के नेताओं को तो जैसे सांप सूंघ गया है कोई लेना-देना नहीं है चाहे तो कचरा और डाल दो या पड़ा रहे, कोई लेना-देना नहीं है। शुक्रवार को जब देवयानी तीर्थ स्थल पर जाकर देखा तो जागेश्वर घाट की तरफ लोगों के नहाए हुए चड्डी, बनियान, महिलाओं की लुगड़ी, घाघरा घाट पर पड़े थे। गंदगी थी। सरोवर में कचरा तैर रहा था। मान भी लिया कि यहां के अधिकारी ने सफाई करवाई तो फिर उसके बाद में ऐसी कोई व्यवस्था क्यों नहीं की जाती है कि सार्वजनिक रूप से कोई दोबारा इस प्रकार से गंदगी और कचरा ना डालें उसके विरुद्ध नगर पालिका एक्ट के तहत कार्यवाही अमल में क्यों नहीं लाई जाती है, आखिर जिन नियमों की पालना जो जरूरी है, नहीं करके अधिकारी अपनी लापरवाही सिद्ध कर रहे हैं। पर्यटन नगरी के मापदंडों के अनुरूप इसे स्वच्छ और सुंदर बनाए जाने का कोई ठोस काम नहीं हो रहा है केवल सरकार को पलीता लगाकर गुमराह किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री को पंचकल्याण महोत्सव का न्यौता दिया



मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का टोंक में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

**टोंक।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा गुरुवार रात्रि को कोटा से जयपुर लौटते समय मुख्यालय स्थित निजी होटल पर रूके, जहां भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने 101 किलो की माला पहनाकर भव्य स्वागत किया।

इस दौरान पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता ने पिछले दिनों हुए नाबालिग छात्रा के धर्म परिवर्तन और निकाह की धमकी वाले मामले की जानकारी दी। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने धर्मांतरण कानून बनाया है, इसका प्रचार-प्रसार करें ताकि किसी के साथ जबरन धर्मांतरण होता है तो वह इस कानून का सहारा ले तथा कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान मेहता ने मुख्यमंत्री को नवंबर महीने में होने वाले पंचकल्याण महोत्सव में आने का भी न्योता दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शर्मा कार्यकर्ताओं से मिले और जिले की समस्याओं, विकास योजनाओं और अधिकारियों की कार्यशैली के बारे में कार्यकर्ताओं से विस्तार से फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री ने इस मौके सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने और प्रशासनिक कार्यशैली को बेहतर बनाने में मदद करने तथा संगठन को मजबूत करने तथा जनता से सतत संवाद बनाए रखने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ka देवली में भी उनके काफिला का दौलता मोड़ स्थित पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय के पास भाजपा कार्यकर्ताओं, उपखंड प्रशासन और श्री व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान स्वागत के दौरान उन्हें पारंपरिक साफा पहनाया गया और एक तस्वीर भी भेंट की गई।

## दौसा में स्कूल शिक्षा परिवार ने रोष जताया

**दौसा।** स्कूल शिक्षा परिवार दौसा के जिला अध्यक्ष अनिल शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को निजी शिक्षण संस्थाओं के संचालकों ने भरतपुर के बाछरैन में हैप्पी स्कूल के संचालक व प्रधानाचार्य से बदसलूकी मामले को लेकर खेडली मोड़ एसएचओ के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की मांग को लेकर डीपीजी के नाम ज्ञापन अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामस्वरुप चौहान को ज्ञापन सौपा।

स्कूल शिक्षा परिवार के जिला अध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि खेडली मोड़ थाना मे तैनात एसएचओं ने टीसी प्रकरण को लेकर हैप्पी स्कूल बाछरैन के संचालक एवं प्रधानाचार्य के साथ बदसलूकी की। जिले के निजी शिक्षण संस्था संचालकों में गहरा आक्रोश व्याप्त हो गया। उन्होने बताया कि टीसी जैसे प्रकरण में पुलिस का हस्तक्षेप उचित नहीं है, एसएचओ ने संचालक को प्रताड़ना देते हुये शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

इस दौरान जिला प्रभारी हेमेंद्र शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष अनिल पटेल, जिला उपाध्यक्ष ऋषिराज मीणा, स्कूल क्रांति जिला प्रभारी सत्यनारायण शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष मनोज हरितवाल, सियाराम सत्तावन, विजय शंकर शर्मा, रफीक अहमद, विनोद गौड़, रामबाबू शर्मा, ओम प्रकाश जांगिड़, विनोद शर्मा, श्रीराम शर्मा, घनश्याम शर्मा, बृजमोहन चेची, राजेश शर्मा, मुकेश शर्मा, रामकिशन मीणा, अंजनी शर्मा, भवानी शंकर उपाध्याय आदि मौजूद थे।

## नेगडिया पुलिया पर युवक डूबा, तलाश जारी

**टोंक।** देवली थाना क्षेत्र स्थित बनास नदी की नेगड़िया पुलिया में एक युवक डूब गया, जिसकी तलाश जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को मिली सूचना के बाद देवली थाना पुलिस नेगड़िया पुलिया पहुची, जहां स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश प्रारम्भ किया, लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने बताया कि पुलिया पर एक लावारिस बैग मिला है, जिस पर नरेंद्र कुमार शर्मा निवासी टोंक लिखा मिला है।

स्थानीय गोताखोरों की असफलता के बाद पुलिस ने टोंक से एसडीआरएफ (राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल) टीम को बुलाया है। जहां एसडीआरएफ की टीम बनास नदी में व्यापक सर्च ऑपरेशन चलाकर तलाश कर रही है।

देवली थाना प्रभारी ने बताया कि युवक का बैग पुलिया से मिला है, जिससे उसके नदी में गिरने की आशंका है, हालांकि पुलिस अन्य संभावनाओं पर भी जांच कर रही है। इस दौरान एसडीआरएफ टीम द्वारा तलाश अभियान निरन्तर जारी है। अन्य प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक नरेन्द्र कुमार शर्मा, जीपीएफ कार्यालय टोंक पर प्रशासनिक अधिकारी बताया जा रहा है।

## ग्रामीण सेवा शिविर लगे

**टोंक।** जिले में शुक्रवार को विभिन्न स्थानों पर ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित हुए, जिनमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों को राहत मिली।

राहत मिलने पर लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री और राजस्थान सरकार का आभार जताया। इसी क्रम में पंचायत समिति टोंक की ग्राम पंचायत लवादर में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित हुआ। इस दौरान पंचायती राज विभाग द्वारा शिविर में वंचित परिवारों में पट्टों का वितरण किया।

परिवादी गिर्राज मीणा को स्वामीत्व योजना में पट्टा दिया गया। इसी तरह पंचायत समिति देवली की ग्राम पंचायत डाबरकलां में स्थानीय विधायक राजेन्द्र गुर्जर के हाथों से प्रार्थी शैतान सिंह कुमावत को मकान का पट्टा मिलने पर उसने आभार जताया।

इस मौके पर शैतान सिंह ने कहा कि ग्राम पंचायत कार्यालय में आवश्यक दस्तावेज जमा कराने के बाद इतना जल्दी पट्टा मिल जाने से वह बेहद खुश है।

इसी प्रकार पंचायत समिति पीपलू की ग्राम पंचायत सोहेला में ग्रामीण सेवा शिविर में पशुपालन विभाग द्वारा मंगला पशु बीमा योजना के अंतर्गत पॉलिसियों का वितरण किया गया।

योजना के तहत पशु की असामयिक मृत्यु होने पर 40 हजार रूपये का बीमा क्लेम देय है।

# अलवर कलैक्टर ने लोगों से शिविर के कार्यों पर चर्चा की

**अलवर।** जिला कलैक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज लक्ष्मणगढ क्षेत्र का दौरा कर ग्राम पंचायत खोहरा मलावली में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं शिविर में आए हुए आमजन से शिविर में प्रदान की जा रही सुविधाओं व सेवाओं का फीडबैक भी लिया।

जिला कलैक्टर ने शिविर में विभागवार लगाए गए स्टॉल का बारीकी से निरीक्षण किया, जिसमें शिविर की व्यवस्थाओं, शिविर के दौरान आमजन को दी जाने वाली सेवाओं की तैयारियों, की प्रक्रिया आदि का अवलोकन किया।

उन्होंने उपखण्ड अधिकारी एवं विकास अधिकारी को शिविर में लम्बित नोटिसों की तामील एवं फार्मर रजिस्ट्री को पूर्ण कराने, रास्ते खोलने, आपसी सहमति से विभाजन एवं नामांतरण, किसान गिरदावरी ऐप द्वारा गिरदावरी करवाने, मूल निवास व जाति प्रमाण बनाने एवं स्वामित्व योजना के तहत स्वामित्व पट्टे बनाने आदि कार्यों को मौके पर ही सम्पादित करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार शिविर के दौरान आमजन को दी जाने वाली सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरते। सभी पात्र व्यक्तियों को लाभांवित कराया जाना सुनिश्चित करें।

शिविर में महिला अधिकारिता विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जिला कलैक्टर ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं के लिए सुपोषण किट योजना, मां वाउचर योजना एवं बालिका के लिए जन्म से लेकर विवाह तक में होने वाले खर्च से राहत प्रदान करने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है।

उन्होंने सभी महिलाओं से आ ान किया कि इन योजनाओं का जागरूक रहकर लाभ उठावे। साथ ही बेटियों को आगे बढ ने के लिए प्रोत्साहित करें, जिससे बेटियां अपने माता-पिता का नाम रोशन कर अपने सपनों को साकार कर सके।

जिला कलैक्टर ने शिविर में आए हुए ग्रामीणों से उनके कार्यों की जानकारी ली तथा शिविर का फीडबैक भी लिया। ग्रामीणों ने जिला कलैक्टर को गांव के नाले के अवरूद्ध होने के संबंध में अवगत कराया जिस पर उन्होंने बीडीओ को निर्देश दिये कि यथाशीघ्र नाले की साफ-सफाई कराकर नाले को चालू करावे। साथ ही ग्राम पंचायत में साफ-सफाई व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग करें। उन्होंने विद्युत विभाग के कार्मिकों द्वारा कार्य में लापरवाही बरते पर विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि संबंधित कार्मिक के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर उपखण्ड अधिकारी व तहसीलदार को निर्देशित किया कि फरियादियों की परिवेदनाओं का गुणवत्ता के साथ त्वरित निराकरण कर उन्हें सूचित करें। उन्होंने आमजन से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं में लाभ का फीडबैक लेते हुए कहा कि अपने आसपास के लोगों को इन योजनाओं की जानकारी प्रदान कर उन्हें भी इन योजनाओं से लाभांवित करावे।

इसके उपरान्त जिला कलैक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौजपुर का निरीक्षण कर चिकित्सा प्रभारी को निर्देशित किया कि चिकित्सालय में दवा, उपकरण आदि पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो इसके लिए सभी व्यवस्थाएं पुख्ता रखे।

## रैणी में गौ तस्करी के 2 आरोपी पकड़े

**जयपुर।** अलवर जिले के रैणी कस्बे में रामपुरा रोड पर गौरक्षकों की सजगता से 2 गौ तस्करी के दो आरोपी पकड़े गए और 6 गौवंश मुक्त कराया। सभी गोवंशों को राजगढ़ के भोरंगी गोशाला में पहुंचा दिया।

गौरक्षकों ने निदेशक, गोपालन विभाग पंकज ओझा को जानकारी दी। ओझा ने तत्काल अलवर के पुलिस अधीक्षक से बात करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया। पुलिस अधीक्षक अलवर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए रैणी थाने में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। सूचना के अनुसार लगभग छह गौवंश हैं जिन्हें बचाया गया है। गौ रक्षकों द्वारा मौके पर पिकअप को पकड़ लिया गया है और गौ तस्करों को पकड़ कर पुलिस को सौंपा दिया। उनके वाहन को सीज करने की कार्यवाही पुलिस कर रही है और एफ आई आर दर्ज की जा रही है। गोपालन विभाग के निदेशक ओझा ने बताया कि अलवर के पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी मामले को देख रहे हैं।

### अवैध खनन मामले में दो ट्रैक्टर सहित चालक पकड़ा

**टोंक।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेन्द्र सिंह भाटी के निर्देशन मे वृत्ताधिकारी उनियारा देवेन्द्र एवं सोप थानाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम ने ग्राम गलवानिया व मनोहरपुरा मोड से अवैध चैजा पत्थर का परिवहन करते हुए दौ ट्रेक्टर-ट्रोली पत्थर की भरी हुई को जप्त किया गया। इस दौरान चालक भागचन्द पुत्र हंसराज जाति गुर्जर उम्र 24 साल निवासी सुन्दरनगर थाना इन्द्रगढ जिला बून्दी व भवरलाल पुत्र करतार जाति बन्जारा उम्र 30 साल निवासी वार्ड 1 बन्जारा बस्ती थाना इन्द्रगढ़ को गिरफ्तार किया।

# वनकर्मियों की मारपीट से आहत होकर युवक ने की आत्महत्या

## आक्रोशित लोग थाने में घुसने लगे तो पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़कर भीड़ को खदेड़ा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण जिले रायसर इलाके में वन कर्मियों की मारपीट से आहत होकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उतारकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। इस घटना ने पूरे क्षेत्र को हिला दिया है और देखते ही देखते मामला एक बवाल में बदल गया।

इस घटना के बाद शुक्रवार को गुस्साए ग्रामीणों ने रायसर थाने का घेराव कर दिया और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। लोग थाने के अंदर घुसने लगे तो पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़कर भीड़ को खदेड़ा। इस बीच पूर्व विधायक गोपाल मीणा समेत करीब 10 लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

परिजनों और ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि युवक की आत्महत्या के पीछे वन कर्मियों की मारपीट जिम्मेदार है और उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। ग्रामीण धरने पर बैठ गए हैं। उनका कहना है कि जब तक दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होती और परिवार को न्याय नहीं मिलता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राशि डोगरा ने बताया कि मृतक जमवारामगढ़ निवासी विक्रम मीणा है और जो थाना इलाके में स्थित कुशालपुरा

- **इस मामले में पूर्व विधायक समेत 10 लोगों को हिरासत में लिया**

गांव में पहाड़ी के पास बकरियां चरा रहा था। मृतक के छोटे भाई विनोद मीणा का आरोप है कि वनकर्मियों ने बकरियों के वन क्षेत्र में जाने की बात कहकर युवक को पकड़ा और उसके साथ मारपीट करके चालान वसूला।

परिजनों ने आरोप लगाया कि इस मामले की शिकायत लेकर विक्रम रायसर थाने पहुंचा, तो पुलिस ने अनसुनी कर दी। थाने से निकलने के बाद विक्रम ने पुलिस कंट्रोल रूम को कॉल किया और वनकर्मियों की मारपीट से आहत होकर आत्महत्या करने की बात कही। इस सूचना पर पुलिस ने उसी नंबर पर विक्रम को कॉल किया तो विक्रम ने कॉल रिसीव नहीं किया। इसके बाद पुलिस ने लोकेशन ट्रेस करके पता लगाने का प्रयास किया। लोकेशन के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची तो विक्रम मीणा आत्महत्या कर चुका था। पुलिस ने तुरंत शव को उतार कर अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया।

जयपुर ग्रामीण एसपी राशि डोगरा का कहना है कि क्षेत्र में अब शांति व्यवस्था बनी हुई है। इस पूरे मामले को लेकर मृतक के परिजनों से बातचीत की जा रही है। समझाइश करके मामले को शांत करवाने का प्रयास किया जा रहा है। परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर जांच की जाएगी।

### तनावपूर्ण हालात, भारी पुलिस बल तैनात

स्थिति को काबू में करने के लिए आधा दर्जन से अधिक थानों से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया है। रेंज कार्यालय और आसपास के इलाकों में भारी जाब्ता तैनात कर दिया गया है। प्रशासन हालात पर लगातार नजर बनाए हुए है।

### विधायक महेन्द्र पाल पहुंचे धरना स्थल पर

वहीं वन विभाग के गेट पर चल रहे धरने में जमवारामगढ़ विधायक महेंद्र पाल मीणा पहुंचे। ग्रामीणों का पक्ष जानने के बाद विधायक रायसर थाने पर पुलिस अधिकारियों से बात करने के लिए चले गए। इसके थोड़ी देर बाद ग्रामीण भी वन विभाग के कार्यालय के गेट से उठकर रायसर थाने पर जा पहुंचे।

### थाने पर हंगामा-लाठीचार्ज

ग्रामीणों की भीड़ उग्र होकर रायसर थाने पर पहुंची। ग्रामीणों ने रायसर थाने का घेराव कर लिया। पूर्व विधायक गोपाल मीणा, कांग्रेस नेता भगवान मुक्कड़, मानसी मीणा, विजय मीणा समेत कई जनप्रतिनिधि भी ग्रामीणों के धरने में पहुंचे। ग्रामीणों की भीड़ थाने के अंदर घुसकर हंगामा शुरू कर दिया। माहौल तनावपूर्ण हो गया। इस पर पुलिस ने अतिरिक्त जाब्ता बुलवा कर ग्रामीणों को काबू करने का प्रयास किया। हालत ज्यादा बिगड़ने पर हल्का बल प्रयोग करके ग्रामीणों को थाने से बाहर खदेड़ने का प्रयास किया गया। पुलिस ने इस मामले में जमवारामगढ़ के पूर्व विधायक और जयपुर जिला देहात कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोपाल मीणा समेत करीब 10 लोगों को हिरासत में लिया हैं। ग्रामीणों का कहना था कि विक्रम मीणा परिवार में अकेला ही कमाने वाला था। पुलिस अधिकारियों की समझाइश पर ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया। परिजनों की मांग के अनुसार मृत युवक के परिवार के एक सदस्य को संविदा पर नौकरी व 18 लाख रु. मुआवजा, फोरेस्टर श्याम लाल, वन रक्षक पवन जाखड़ और मुकेश यादव के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर सस्पेंड करने का आश्वासन दिया है।

# एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने पांच करोड़ रु. का अवैध गांजा पकड़ा

-कार्यालय संवाददाता-



**जयपुर।** राजस्थान में मादक पदार्थ तस्करों पर एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स और झुंझुनुं पुलिस ने करार प्रहार किया है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एम एन ने बताया कि 3 दिन की हाई-वोल्टेज चेंज के बाद पुलिस टीम ने एक ट्रक कंटेनर से 1014 किलोग्राम अवैध गांजा जब्त किया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 5 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस मामले में सीकर निवासी दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है।

एडीजी दिनेश एमएन ने बताया

- **झुंझुनुं इलाके में ट्रक कंटेनर से 1014 किलो गांजा पकड़ा, 2 तस्कर भी दबोचे**
- **उडीसा से तस्करी कर शेखावाटी के बड़े तस्करों को पहुंचानी थी खेप**

कि टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि उडीसा से गांजा लाकर शेखावाटी क्षेत्र में सप्लाई किया जाना है। इसके बाद पूरी कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। एजीटीएफ की टीम पिछले तीन दिनों से लगातार इस खेप को ट्रेस कर रही थी। विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिलने के बाद टीम ने मध्य प्रदेश की सीमा झालावाड़ से ही इस ट्रक का पीछा करना शुरू कर दिया था। सूचना संकलन और तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए टीम लगातार ट्रक की लोकेशन ट्रैक कर तस्करों की हर चाल पर नज़र रखी जा रही थी। इसी कडी में निगरानी तब रंग लाई जब झुंझुनू पुलिस को अलर्ट करने पर उदयपुरवाटी थाना क्षेत्र में ट्रक को नाकाबंदी कर रोका गया।

ट्रक की तलाशी लेने पर पता चला कि तस्करों ने गांजा छिपाने के लिए एक शातिर तरीका अपनाया था। चालक सीट के ठीक पीछे एक गुप्त स्कीम बनी हुई थी। इसे खोलने पर गांजे के बड़े कट्टे मिले, जिनका कुल वज़न 1014 किलोग्राम हुआ। मौके से दो मादक तस्कर सुभाष गुर्जर पुत्र सांवर मल (23) निवासी जाजोद और प्रमोद गुर्जर पुत्र भंवर लाल (20) निवासी दांतारामगढ़ जिला सीकर को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि यह खेप ओडिशा से लाई गई थी और शेखावाटी के बड़े तस्कर राजू पचलंगी और गोकुल को सप्लाई की जानी थी। पुलिस अब इस अवैध कारोबार की फंडिंग, खरीद फरोख्त और तस्करी में शामिल अन्य व्यक्तियों के बारे में गिरफ्तार आरोपियों से गहनता से पूछताछ कर रही है, जिसमें और भी बड़े खुलासे होने की पूरी संभावना है।

एजीटीएफ के पुलिस निरीक्षक सुभाष सिंह तंवर के कुशल नेतृत्व में एएसआई शंकर दयाल शर्मा और हेड कांस्टेबल संदीप गांधी की कार्रवाई में विशेष भूमिका तथा हेड कांस्टेबल कमल सिंह और शशिकांत की तकनीकी भूमिका रही। जयपुर टीम से हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार, कांस्टेबल नरेश कुमार, रतिराम, चालक सुरेश कुमार और झुंझुनूं से हेड कांस्टेबल विक्रम सिंह, कांस्टेबल अंकित ओला, सुरेन्द्र काजला, पंकज शर्मा, सुरेश कुमार का सराहनीय सहयोग रहा। इस कार्रवाई में सीओ नवलगढ़ और एसएचओ उदयपुरवाटी सहित उनकी टीम भी शामिल रही।

# 777 गैंग का बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ा



**जयपुर।** विधायकपुरी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 777 गैंग के दो हजार रुपए का इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। जो पिछले एक साल से फरार चल रहा था। वर्चस्व को लेकर 777 गैंग व किलर गैंग में आपस में झगड़ा होने पर एक-दूसरे पर जान लेवा हमला किया था। पुलिस दोनों गैंग्स के अब तक कुल 17 बदमाशों को गिरफ्तार कर चुकी है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) राजर्षि राज ने बताया कि विधायकपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 777 गैंग के दो हजार रुपए का इनामी बदमाश मोहम्मद शाहिद कुरैशी उर्फ शाहिद सरकार (25) निवासी चांदपोल बाजार कोतवाली हाल नाहरी का नाका शास्त्री नगर को गिरफ्तार किया है। जो पिछले एक साल से किलर गैंग के बदमाशों पर जान लेवा हमला करने के मामले में फरार चल रहा था।

वह लगातार अपने छिपने के ठिकानों को बदल रहा था, जिसके कारण पुलिस के हाथ नहीं लग पाया। पुलिस पकड़ से बचने के चलते बदमाश शाहिद कुरैशी पर दो हजार रुपए का इनाम रखा गया। पुलिस ने दबिश देकर फरार बदमाश शाहिद कुरैशी उर्फ शाहिद सरकार को धर-दबोचा।

थानाधिकारी बनवारी लाल मीना ने बताया कि सितम्बर-2024 में एमआई रोड पर 777 गैंग व किलर गैंग के बदमाशों में वर्चस्व की जंग को लेकर झगड़ा हुआ था। दोनों गैंग्स के बदमाशों ने एक-दूसरे पर जानलेवा हमला किया। हमले में कई जनों के चोटिल होने के साथ ही खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ कर कार में आग लगा दी गई थी। पुलिस ने दोनों गैंग की ओर से एक-दूसरे के खिलाफ मामले दर्ज करवाए गए। पुलिस की ओर से अब तक कार्रवाई कर दोनों गैंग्स के 17 बदमाशों को गिरफ्तार कर जेसी भेजा। दोनों की पक्षों से की जांच में सामने आया कि दोनों ही गैंग के लोग अपना प्रभाव व डर कायम करने के लिए सरेआम सड़कों व होटलों में गुंडागर्दी की वारदातों को अंजाम देते है। ऐसे में जिस गैंग का वर्चस्व बढ़ जाता है तो दूसरी गैंग उसके वर्चस्व को कम करने और अपना प्रभाव दिखाने के लिए जानलेवा हमला कर देती है।

# एन.एस.यू.आई. के प्रदेशाध्यक्ष सहित 9 आरोपियों को जमानत नहीं

**जयपुर (कासं)।** शहर की निचली अदालत ने राजस्थान विश्वविद्यालय में आरएसएस के शस्त्र पूजन कार्यक्रम में हंगामा करने और राजकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ और 8 अन्य आरोपियों की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया है। महानगर प्रथम की न्यायिक मजिस्ट्रेट, दक्षिण ने यह आदेश विनोद जाखड़ सहित किशोर चौधरी, मनीष, महेश कुमार, रामसिंह, विकास, साहिल, अक्षय और राकेश कुमार सैनी की जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए दिए। पीठासीन अधिकारी नीलम सुलभ जैन ने अपने आदेश में कहा कि आरोपियों पर बीएनएस सहित पीडीपीपी एक्ट के तहत गंभीर आरोप हैं। आरोपियों पर कार्यक्रम स्थल पर लगे पोडियम को गिराने, पोस्टर फाड़कर कार्यक्रम कर रहे लोगों की धार्मिक भावनाओं को आहत करने और पुलिस की गाडी की लाइट तोडकर राजकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का आरोप है। इसके अलावा आरोपी विनोद जाखड़ के खिलाफ विभिन्न पुलिस थानों में पहले से ही आधा दर्जन मामले दर्ज हैं। ऐसे में आरोपी को आपराधिक रिकॉर्ड को देखते हुए उन्हें जमानत पर रिहा नहीं किया जा सकता।

जमानत अर्जी में कहा गया कि पुलिस ने विधि के आज्ञापक प्रावधानों की अवहेलना करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर आरोपी बनाया है। मामले में एक तरफ तो उन्हें घटना के समय शांतिभंग और अपराध किए जाने की संभावना के आधार पर गिरफ्तार किया गया, वहीं दूसरी तरफ गंभीर धाराओं में अपराध करना मानते हुए उन्हें उसी घटनाक्रम में गिरफ्तार किया गया। ऐसे में एक ही घटना की दो रिपोर्ट बनाना कानूनी रूप से स्वीकार नहीं है। इसके अलावा गिरफ्तारी से पूर्व धारा 41 के प्रावधानों की पालना नहीं की गई। इसलिए उन्हें जमानत पर रिहा किया जाए।

# म्यांमार की राजधानी यांगान में जयपुर फुट का शिविर शुरू



**म्यांमार की राजधानी यांगान में महात्मा गांधी की वर्षगांठ पर बी.एम.वी.एस.एस. और भारत सरकार द्वारा जयपुर फुट का शिविर लगाया गया।**

**जयपुर।** विश्व प्रसिद्ध जयपुर फुट की सहायता से मध्य अमेरिकी देश निकारागुआ, वेस्टइण्डीज के त्रिनिडाड और टोबैगो तथा म्यानमार (बर्मा) के लगभग 2 हजार विकलांग चलने फिरने योग्य हो जाएंगे। भारत सरकार जयपुर जयपुर फुट की निर्माता संस्था भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बी.एम.वी.एस.एस.) के संयुक्त तत्वावधान में इन तीनों देशों में विशेष शिविरों का आयोजन वर्तमान में चल रहा है।

इसी श्रृंखला में म्यांमार की राजधानी यांगान में महात्मा गांधी की वषगांठ पर बी.एम.वी.एस.एस. और भारत सरकार द्वारा शिविर का उद्घाटन हुआ, जिसमें 600 विकलांगों के पुर्नवास का लक्ष्य हैं। यह म्यानमार में लगाया गया चौथा शिविर हैं । पूर्व में लगाए गए शिविरों के द्वारा 1500 विकलांगों का पुर्नवास किया जा चुका हैं। यांगान के पिताकत थॉनबॉन निकाया मोनास्ट्री में आयोजित इस शिविर में तत्कालीन बर्मा के प्रथम निर्वाचित प्रधान मंत्री स्वर्गीय यू.नू. की स्मृति में स्थापित यू.नू. दाव म्या यी फाउण्डेशन का विशेष सहयोग मिल रहा हैं ।

बी.एम.वी.एस.एस. के अध्यक्ष सतीश मेहता जो यांगान शिविर के दलनायक हैं ने बताया कि शिविर का उद्घाटन महात्मा गांधी के जन्म दिवस पर आयोजित किया गया। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने महात्मा गांधी की 150वीं वर्षगांठ पर विभिन्न देशों में विकलांगों के पुर्नवास के लिए "इण्डिया आफर ह्यूमैनिटीज" कार्यक्रम की शुरूआत की थी । सतीश मेहता ने उद्घाटन अवसर पर बताया कि भारत और म्यानमार के आपसी सहयोग और मित्रता का ही फल हैं कि इस तरह का चौथा शिविर आयोजित हुआ हैं । अब तक ऐसे 47 देशों में 120 शिविरों का आयोजन किया जा चुका हैं । यांगान शिविर में म्यानमार में भारत के राजदूत अभय ठाकुर ने भारत-म्यानमार मैत्री संघ के चेयरमैन यू. विन मिन्ट और म्यानमार सरकार के समाज कल्याण विभाग के महानिदेशक डॉ. मिनथीन तथा बौद्व मठ के प्रमुख मिच्छु सायादाव और अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। यू.नू. फाउण्डेशन की प्रमुख और स्वर्गीय यू.नू. की पुत्री दाव थान थान नू जो भारत में लम्बे समय तक आकाशवाणी से जुड़ी रही थी ने कहा कि म्यानमार में बी.एम.वी.एस.एस. के संस्थापक और मुख्य संरक्षक डी.आर. मेहता की प्रेरणा से ही म्यानमार के विकलांगों के पुर्नवास का सिलसिला शुरू हुआ था जो आज भी जारी हैं।

# सौमित्र पी. श्रीवास्तव बने इंडियन ऑयल के मार्केटिंग निदेशक



**नई दिल्ली।** सौमित्र पी. श्रीवास्तव ने इंडियनऑयल में निदेशक (विपणन) के रूप में पदभार ग्रहण किया है। उनको कंपनी में तीन दशकों से अधिक समय का समृद्ध अनुभव प्राप्त है। शैक्षिणक रूप से उत्कृष्ट, श्रीवास्तव ने आईआईटी रुडकी से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक और एसपी जैन इंस्टीट्ययूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, मुंबई से कार्यकारी एमबीए (एक्जीक्यूटिव एमबीए) किया है। अपनी नई भूमिका में, वह इंडियनऑयल के विशाल राष्ट्रव्यापी विपणन ढाँचे की रणनीतिक दिशा का मार्गदर्शन करेंगे और निरंतर बाज़ार नेतृत्व और ग्राहक सेवा सुनिश्चित करेंगे। विपणन विभाग के लिए उनका दृष्टिकोण एक अधिक चुस्त, कुशल, तकनीकी रूप से उन्नत और विविधतापूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण पर केंद्रित है जो ग्राहक-केंद्रितता के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध और साथ ही देश के टिकाऊ और भविष्य के हिसाब से तैयार ईंधनों की ओर आवश्यक परिवर्तन को नेतृत्व देगा।

# राज्यपाल की शोक संवेदना

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गिरिराज प्रसाद तिवाड़ी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल ने ईश्वर से पुण्यात्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

# सार-समाचार

## "कृष्ण माया उत्सव" का आयोजन



**जयपुर।** सोसायटी फॉर पब्लिक ग्रीवेंस (एसपीजी) इंडिया, भारत के अध्यक्ष प्रो. बी. डी. रावत ने बताया कि संस्था द्वारा भक्ति एवं कीर्तन कार्यक्रम "कृष्ण माया उत्सव - 2025' आयोजित किया गया। संस्था के सचिव डॉ. गोविंद रावत (वरिष्ठ अधिवक्ता) ने बताया कि कार्यक्रम में प्रसिद्ध बिल्लू मंडली द्वारा दिव्य प्रस्तुतियाँ दी गईं। भक्तगण पूरे उत्साह और श्रद्धा से इस धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हुए। कीर्तन मंडली ने "हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे", "गोविंद मेरो है, गोपाल मेरो है", "छोटी-छोटी गैया, छोटा-छोटा ग्वाल, छोटो सो मेरो मदन गोपाल", "राम नाम को जप करो" आदि भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। महिला विंग की अध्यक्ष गिर्राज देवी तथा समन्वयक डॉ. गुंजन एवं सोनल पटोदिया ने बताया कि इस कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति में श्री कृष्ण अवतार जी ने भगवान श्रीकृष्ण की भूमिका निभाई, जबकि माया देवी ने राधारानी का रूप धारण कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में लगभग 500 श्रद्धालु सम्मिलित हुए और कार्यक्रम की सफलता में योगदान दिया।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बच्चे की मौत

**जयपुर।** दौलतपुरा थाना इलाके में ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली के टायर के नीचे आने से बाइक सवार एक चौदह वर्षीय लड़के की मौत हो गई। वहीं उसके पिता और साथी को घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को कांवटिया अस्पताल में भर्ती करवाया। सडक दुर्घटना थाना (पश्चिम) पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव को परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर चालक को पकड लिया है। एएसआई फूलचंद बराला ने बताया कि इस हादसे में दौलतपुरा के भेरू खेजड़ा निवासी सुरेश कुमार केचौदह वर्षीय बेटे आदित्य की मौत हो गई। जो अपने पिता सुरेश (38) और साथी हर्षित उर्फ रजत (14) बाइक से तीनों घर से निकले थे। लोहा मंडी पर बेनीवाल चौराहे के पास ओवर स्पीड बिना नंबर की ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से तीनों बाइक सहित रोड पर गिर गए। ट्रैक्टर-ट्रॉली के टायर के नीचे आने से आदित्य की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में पिता सुरेश और साथी हर्षित घायल हो गए। घायलों को तुरंत इलाज के लिए कांवटिया हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। पुलिस ने मृतक आदित्य का कांवटिया हॉस्पिटल में पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर ड्राइवर गिर्राज निवासी टोंक को गिरफ्तार कर लिया।

## नींदड़ के जंगल में मिला नर कंकाल

**जयपुर।** हरमाड़ा थाना इलाके के नींदड़ जंगल के एक नाले में नर कंकाल मिलने का मामला सामने आया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और नर कंकाल को सवाई मानसिंह अस्पताल (एसएमएस) की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस प्रथम दृष्टया जांच में नर कंकाल करीब एक महीने पुराना होना लग रहा है। थानाधिकारी उदय सिंह यादव ने बताया कि थाना इलाके में स्थित के नींदड़ में डोल का बाढ़ जंगल में नर कंकाल पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर सबूत जुटाए। पुलिस जांच के अनुसार नर कंकाल के पास शर्ट और पेंट पड़ी थी। देखने से कंकाल करीब एक महीने पुराना प्रतीत होता है। जिसके चलते शरीर पूरी तरह से सड़-गल गया। कुछ हिस्से को जानवरों ने भी नोच खाया है। पुलिस ने कंकाल को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल (एसएमएस) की मोर्चरी में भिजवाया है। पुलिस का कहना है कि फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) टीम की मदद से सबूत जुटाने के साथ ही मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे है।

## 52वीं गीत चांदनी का आयोजन आज

**जयपुर।** प्रोगेसिव राइटर क्लब एसोसिएशन की ओर से अजमेर रोड स्थित होटल रीगल में "52वीं गीत चांदनी" का आयोजन शनिवार शाम साढ़े 7 बजे किया जायेगा। कार्यक्रम में दुर्गादान सिंह गौड (कोटा), रमेश शर्मा (चित्तौड़गढ़), राजेश शर्मा (ग्वालियर), डॉ. मधु चतुर्वेदी (गजरौला), अमन अक्षर (इंदौर), डॉ. सुशीला 'शील' (आगरा) तथा मुकेश गुप्त 'राज' (बांदीकुई) गीत पाठ करेंगे। समारोह में राजस्थान सरकार के महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद, राजस्थान के पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, विधायक गोपाल शर्मा तथा तरूण समाज के अध्यक्ष विश्वम्भर मोदी सभी गीतकारों का सम्मान करेंगे।

## प्रदेश में 3 लाख पशुपालक लाभान्वित

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गांव और गरीब के उत्थान, किसान एवं महिला के सम्मान के लिए निरंतर काम कर रही है। इसी दिशा में 17 सितंबर से सेवा पखवाड़ा मनाया गया। पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. आनंद सेजरा ने बताया कि मंत्री जोराराम कुमावत के मार्गदर्शन में विभाग ने शिविरों के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों में पशुओं के उपचार और टीकाकरण आदि गतिविधियां आयोजित कीं। प्रदेशमें अब तक 3.34 लाख पशुपालक इन शिविरों से लाभान्वित हुए। 8 लाख 44 हजार 190 छोटे बड़े पशुओं का उपचार शिविरों के तहत हुआ।

# "जयपुर विकास प्राधिकरण" के दायरे में अब कोटपूतली-बहरोड जिले के 9 गांव भी शामिल

## कुल 17 तहसीलों के 632 गांव भी जे.डी.ए. से जुड़े, अब इन क्षेत्रों में भू-उपयोग बदलने की मंजूरी भी जयपुर विकास प्राधिकरण ही देगा

**जयपुर (कासं)।** जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) का दायरा अब जयपुर जिले के अलावा कोटपूतली-बहरोड़ जिले तक बढ़ गया है। इसमें विराटनगर तहसील के 9 गांवों को शामिल किया गया है। इसके साथ ही 17 अन्य तहसीलों के 632 गांवों को भी शामिल किया गया है।

जे.डी.ए. रीजन में गांव आने का सबसे ज्यादा फायदा रोड नेटवर्क को लेकर होगा। वहीं, अब इन गांवों में बसने वाली योजनाओं को मंजूरी और जमीनों का भू-उपयोग परिवर्तन (कृषि से अकृषि उपयोग) की मंजूरी भी जेडीए स्तर पर दी जाएगी। नगरीय विकास विभाग (यूडीएच) ने इसके लिए अधिसूचना जारी की है।

जे.डी.ए. के बढ़ाए गए दायरे में जोबनेर, शाहपुरा और चाकसू नगर पालिका के मास्टर प्लान के गांवों को भी शामिल किया गया है। आंधी, बस्सी, चाकसू, चौमूं, दूदू, जालसू, जमवारामगढ़, जोबनेर, कोटखावदा, किशनगढ़-रेनवाल, माधोराजपुरा, विराटनगर, तूंगा, शाहपुरा, फुलेरा, फागी, मौजमाबाद तहसीलों के कुल 632 गांवों को इसमें शामिल किया

- **जे.डी.ए. के बढ़ाए गए दायरे में जोबनेर, शाहपुरा और चाकसू नगर पालिका के मास्टर प्लान के गांवों को भी शामिल किया**

गया है। वहीं 47 उन गांवों को शामिल किया है, जो जोबनेर, शाहपुरा और चाकसू नगर पालिका के मास्टर प्लान में शामिल थे। इन्हें अब जयपुर जेडीए में शामिल किया गया है।

जयपुर, चौमूं और सांगानेर तहसील के 14 गांव जो पहले जेडीए रीजन में शामिल होने से रह गए थे, उन्हें भी शामिल किया गया है। इस सूची में माधोराजपुरा तहसील के सबसे ज्यादा गांव है। जानकारी के मुताबिक माधोराजपुरा के 98, बस्सी के 86, चाकसू के 58, जमवारामगढ़ के 58, शाहपुरा के 55, जालसू के 51, चौमूं के 44, जोबनेर के 43, फागी के 41, आंधी के 36, तूंगा के 25, कोटखावदा के 14, विराटनगर के 9, दूदू के 6, किशनगढ़-रेनवाल के 4 तथा फुलेरा के 4 गांव शामिल है।

### जयपुर से बढ़ेगी इन गांवों की कनेक्टिविटी

जेडीए रीजन में गांव आने का सबसे ज्यादा फायदा रोड नेटवर्क को लेकर होगा। आज भी कई गांव ऐसे हैं, जहां आबादी बढ़ गई है। लेकिन इसके अनुरूप सेक्टर रोड नहीं हैं। 80 फीट या उससे ज्यादा चौड़ाई की सड़कों का निर्माण जेडीए स्तर पर ही करवाया जाता है। इससे इन गांवों की कनेक्टिविटी दूसरे गांवों, कस्बों और शहरों से आसान बनती है। इन गांवों को शामिल करने के बाद जेडीए अब भविष्य का मास्टर प्लान तैयार करेगा। इनमें इन गांवों की जरूरतों, उसके रोड नेटवर्क और भविष्य में किए जाने वाले विकास कार्यों को देखते हुए डेवलपमेंट किया जाएगा। गांवों में जो सिवायचक (सरकारी) और खातेदारी की जमीनें हैं, उनका लैंड यूज निर्धारण भी जेडीए स्तर पर किया जाएगा। इन गांवों में बसने वाली योजनाओं को मंजूरी और जमीनों का भू-उपयोग परिवर्तन (कृषि से अकृषि उपयोग) की मंजूरी भी जेडीए स्तर पर दी जाएगी।

# 2 साल से कोमा में चल रहे सीटीओ को मासिक वेतन नहीं देने पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई

**जयपुर (कासं)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने 2 साल से कोमा में चल रहे सीटीओ को मासिक वेतन नहीं देने पर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही अदालत ने तत्काल वाणिज्यिक कर सचिव को तलब कर याचिकाकर्ता को सात दिन में समस्त बकाया भुगतान करने को कहा है।

जस्टिस रवि चिरानिया की एकलपीठ ने यह आदेश मेघा कंवर की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने वाणिज्य कर सचिव को कहा कि एक माह वेतन नहीं मिले तो परिवार पर संकट आ जाता है। आखिर दो साल से यह परिवार कैसे अपनी गुजर कर रहा होगा, जबकि उसे इलाज पर भी खर्च करना पडता है।

याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए अदालत ने विभाग के आयुक्त को लंच ब्रेक के बाद अदालत में तलब किया। अदालती आदेश की पालना में आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे वित्त सचिव कुमार पाल गौतम वीसी के जरिए अदालत से जुडे। इस दौरान अदालत ने कहा कि सरकार के कभी सोचा कि याचिकाकर्ता के परिवार को दो साल से किन संकटों का सामना करना पड रहा है। अदालत ने दिवाली को देखते हुए एक सप्ताह के भीतर बकाया भुगतान करने को कहा।

याचिका में अधिवक्ता तनवीर अहमद ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता का पति विभाग में साल 2006 में नियुक्त हुआ था और बाद में पदोन्नत होकर सीटीओ बना था। ब्रेन हेमरेज होने के कारण वह 76 फीसदी दिव्यांग होकर 7 अगस्त, 2023 से कोमा में चल रहा है। एक साल विभाग ने उसके उपार्जित अवकाश सहित अन्य परिलाभों का समायोजन कर उसे वेतन के तौर पर राशि देना जारी रखा, लेकिन इसके बाद उसे वेतन देना बंद कर दिया।

जबकि दिव्यांग अधिनियम के तहत आंशिक दिव्यांग कर्मचारी को दूसरा काम दिया जा सकता है। वहीं यदि पूर्ण दिव्यांगता है तो भी उसे रिटायर होने तक समस्त वेतन दिया जाएगा।



## Celebrating and Protecting Our Animal Friends

World Animal Day, observed every year on October 4, is a global initiative dedicated to promoting animal welfare and raising awareness about the rights and protection of all creatures. Marked by events, campaigns, and educational programs, the day encourages individuals, communities, and organizations to take action in safeguarding animals from cruelty, neglect, and exploitation. It also highlights the importance of conservation, responsible pet ownership, and ethical treatment of wildlife. From schools to animal shelters, people worldwide participate in activities that honour animals, fostering compassion and responsibility. World Animal Day reminds us of our shared duty to protect and cherish all living beings.



#VIRAL

# "Frankenstein Rabbits"

"Frankenstein Rabbits" in Colorado spark concern over rare viral outbreak





A strange and unsettling wildlife phenomenon has emerged in Colorado, where multiple wild rabbits have been discovered with abnormal black growths protruding from their bodies. Nicknamed "Frankenstein rabbits" by local residents and online commentators, these animals are believed to be suffering from a rare and poorly understood viral infection.

The growths, which resemble black tentacles or fungal masses, have alarmed both wildlife experts and the public. Observers report that the growths are large, numerous, and appear to cover significant portions of the rabbits' bodies. Despite their disturbing appearance, the rabbits seem to continue moving and behaving normally, which has puzzled veterinarians and wildlife officials.

Preliminary investigations suggest that the infection may be transmitted through parasitic vectors, such as ticks or mosquitoes, both of which are common carriers of zoonotic and wildlife-specific diseases. Scientists are working to identify the exact pathogen responsible for these bizarre symptoms. As of now, the infection does not appear to be transmissible to humans or other species, and authorities emphasize that the virus seems confined to wild rabbit populations.

Wildlife experts are urging residents not to approach or handle any rabbits that appear to be infected. Although there is no current evidence that the disease poses a threat to human health, direct contact with sick wildlife can still carry risks. Instead, sightings should be reported to local animal control agencies or the Colorado Parks and Wildlife department.

The term "Frankenstein rabbits" quickly gained traction on social media, with many users comparing the creatures to the fictional fungal-infected beings from *The Last of Us*. The comparisons, while exaggerated, reflect growing public fascination, and concern, about the increasingly frequent appearance of novel wildlife diseases in the wake of climate change, habitat disruption, and human encroachment on natural ecosystems.

While rare, similar outbreaks have occurred in isolated instances around the world, often as a result of environmental stressors or emerging pathogens. Experts note that the immune systems of wild animals can be compromised by pollution, loss of habitat, and extreme weather patterns, all of which are increasingly common in North America.

Officials continue to monitor the situation closely and are collecting samples for laboratory analysis. In the meantime, residents are advised to avoid contact with wild rabbits and to keep pets away from affected areas.

This incident serves as a stark reminder of how quickly unusual diseases can surface in wildlife, and the importance of early detection, public awareness, and scientific research in managing potential outbreaks.



Lam called the waiter: "Bring her the same dish as mine. And a glass of warm milk." An devoured the food the moment it arrived. She tried to eat politely, but hunger overcame any formality. Lam didn't speak, he simply watched in thoughtful silence. When she finished, he asked: "Where are your parents?" "My father died in a construction accident," she replied. "My mother disappeared two years ago. I lived with my grandmother under Bridge Y, but she passed away last week."





# "Can I Eat With You?"

#STORY

Kshema Jatuhkarna

"Can I eat with you?" asked the homeless little girl to the millionaire and his answer left everyone in tears.

The girl's voice was sweet and trembling, yet strong enough to silence the entire restaurant.

A man in a tailored suit, ready to savor the first bite of an expensive steak, froze. Slowly, he turned his head to look at her: a small, dirty girl, with messy hair and eyes full of hope. No one could have imagined that such a simple question would change both of their lives forever.

It was a warm October afternoon in downtown Ho Chi Minh City.

In a luxurious French-Vietnamese restaurant, Mr. Lam, a well-known real estate magnate, was dining alone. Nearing sixty, with silver strands in his neatly combed hair, a Rolex on his wrist, and a posture that often intimidated his rivals. He was famous for two things: his sharp business instincts and his cold emotional detachment.

As he carefully sliced into a premium Wagyu steak, a voice interrupted his dinner.

It wasn't a waiter, but a barefoot girl, no older than 11 or 12, wearing ragged clothes barely clinging to her small frame.

The staff rushed to escort her out, but Lam raised his hand.

> He had not been born into wealth. He too had slept on sidewalks, sold scraps to survive, endured too many nights of hunger. He lost his mother at eight. His father abandoned him. Lam grew up on the very same streets where An now scavenged for food. There was a time, decades earlier, when he too would stop in front of restaurants, wishing that he had the courage to ask for a meal, but he never did.

"What's your name?" he asked, his voice calm but curious.

"My name is An," she said, glancing nervously around. "I'm hungry. I haven't eaten in two days."

Lam nodded slowly and pointed to the empty chair across from him. The dining room fell silent, stunned.


The girl sat down hesitantly, too embarrassed to meet his eyes.

Lam called the waiter: "Bring her the same dish as mine. And a glass of warm milk."

An devoured the food the moment it arrived. She tried to eat politely, but hunger overcame any formality. Lam didn't speak, he simply watched in thoughtful silence.

When she finished, he asked: "Where are your parents?"

"My father died in a construction accident," she replied. "My mother disappeared two years ago. I lived with my grandmother under Bridge Y, but she passed away last week."







Lam's face didn't move, but his hand tightened slightly around his glass.

What no one knew, not the girl, not the waiter, not the other guests, was that Lam himself had lived through a strikingly similar story.

He had not been born into wealth. He too had slept on sidewalks, sold scraps to survive, endured too many nights of hunger. He lost his mother at eight. His father abandoned him. Lam grew up on the very same streets where An now scavenged for food.

There was a time, decades earlier, when he too would stop in front of restaurants, wishing that he had the courage to ask for a meal, but he never did.

The girl's voice awakened something long buried in his heart: a version of himself never entirely erased.

Lam stood, reached for his wallet, but halfway, he stopped. He looked at the girl and said:

"Would you like to come live with me?"

An's eyes widened. "W-what... what do you mean?" "I have no children. I live alone. You would have food, a bed, school, and safety. But only if you're willing to work hard and behave well."

The staff gasped. Some diners whispered. Some thought he was joking, others looked at him with suspicion. But Lam was not joking.

An's lips trembled. "Yes," she whispered. "I would love that."

Life in Mr. Lam's villa was a world An could never have imagined.

She had never seen a toothbrush, felt hot water in a shower, or drunk milk that wasn't watered down. At first, she struggled to adapt. Sometimes, she slept under the bed because the mattress felt "too soft to be real." She hid bread in her pockets, terrified that one day, they would stop feeding her.

One night, a maid caught her stealing bread. An burst into tears.

"I'm sorry... I just don't want to ever be hungry again..."

Lam didn't scold her. He knelt beside her and said words she would never forget:

"You will never go hungry again. I promise you."

Everything, the warm bed, the schoolbooks, the new life, began with one simple question:

"Can I eat with you?"

A small question, but powerful enough to tear down the walls around a man's heart.

And so, not only did it change the little girl's destiny, but it gave Lam something he never thought he would find again.

A family.

Years passed. An grew into a graceful, brilliant young woman. With Mr. Lam's support, she excelled in her studies and won a scholarship abroad.

But she never forgot where she came from, nor the man who had saved her from despair with a plate of food and a second chance.

> She didn't attend parties or interviews. Instead, she called a press conference and announced: "I am creating the *Can I Eat With You?* Foundation to build shelters, provide food, and send homeless children to school. The first donation comes from my father, Mr. Lam, who has agreed to give 30% of his fortune." The news shook the nation. Donations poured in, celebrities offered support, volunteers rushed to help.

On the eve of leaving for university, she gently asked him:

"Uncle Lam... who were you, before all this?"

He gave a faint smile. "Someone very much like you."

For the first time, Lam shared his childhood: the poverty, the loneliness, the invisibility in a world that only cared for money.

"No one ever gave me a second chance," he said."I built everything from scratch. But I made myself a promise: if I ever met a child like me... I wouldn't look away."

That night, An wept. For the boy Lam once was. For the man he had become. And for the millions of children still out there, waiting for someone to notice them.

Five years later, An walked across a stage in London as the top graduate of her class.

"My story didn't begin in a classroom," she told the audience.

"It began on the streets of Vietnam, with a question... and a man kind enough to answer."

The audience was moved. But the real surprise came when she returned home.

She didn't attend parties or interviews. Instead, she called a press conference and announced:

"I am creating the *Can I Eat With You?* Foundation to build shelters, provide food, and send homeless children to school. The first donation comes from my father, Mr. Lam, who has agreed to give 30% of his fortune."

The news shook the nation. Donations poured in, celebrities offered support, volunteers rushed to help.

And it all began because one day, a little girl had the courage to ask for a place at the table, and a man decided to say yes.

Every year, on October 15, An and Lam return to that very same restaurant.

But they don't sit at the elegant tables. They reserve the sidewalk.


And they serve warm meals, free and without questions, to every child who comes.

Because once upon a time, a single shared meal was enough to change everything.

A wonderful story to open our hearts!

rajeshsharma1049@gmail.com





#RANGOLI

# A Century-Old Argument That Still Echoes

Sir Creek matters-for one major reason: fishing rights and the oil-rich seabed. Whoever controls Sir Creek controls a much larger stretch of sea



Some arguments last an hour. Others stretch for years. And then... there's Sir Creek-a geographical crack between India and Pakistan that has turned into a symbolic fracture of trust, identity, and memory.

As someone who loves diving into the undercurrents of history and politics, I see this not just as a story of borderlines or maps. To me, it's a story of misunderstanding, silence, mistrust, and the impossible weight of a colonial legacy.

Let me walk you through it-simply, gently, honestly.

### Where Is Sir Creek, and Why Does It Matter?

Sir Creek is a 96-kilometre strip of water that lies in the marshlands of the Rann of Kutch, where Gujarat (India) meets Sindh (Pakistan). Before I began digging deeper, even I didn't realize it existed. It's not a place tourists visit or post selfies from. It's a salt marsh where the land gives way to the Arabian Sea in messy, ever-changing patterns.

But Sir Creek matters-for one major reason: fishing rights and the oil-rich seabed. Whoever controls Sir Creek controls a much larger stretch of sea. And that sea means wealth. It means strategic control.

So, this isn't just about mud.

It's about money, maps, and maritime dominance.

### Here's What I Discovered: A Timeline of the Dispute

This story didn't begin with India or Pakistan. Like many messes we inherited, it began with the British-and their habit of drawing lines with little foresight.

### Here's how this dispute unfolded over the last century:

- 1908 - The Rao of Kutch and the Sindh government argue over firewood rights in the creek area. Just a local tiff... or so it seemed.
- 1914 - The British draft a resolution trying to define boundaries. One line says the border is on the eastern bank. Another points to the mid-channel.

**Each country today chooses the line that favors its claim.**

- 1965 - India and Pakistan go to war. Sir Creek becomes a military flashpoint.
  1968 - A tribunal rules in India's favor on the Kutch border, but Sir Creek is left hanging.
  1997 - After years of silence, both countries sit down. Sir Creek is finally back on the table.
  2005-2007 - Joint surveys are conducted. Hopes rise. But results are buried.
  2008 - Another meeting in Islamabad. New maps are exchanged. But yet again-no final word.
  2012 - More dialogue, more data, more indecision.
  And then?
  The world moved on.
  Sir Creek didn't.

### Why Is It Still Unresolved?

Each side interprets colonial documents in its own favor.

There's fear-fear of losing maritime strength.

Political will fades during peace and disappears during conflict.

Most of all, there's distrust-so deeply embedded that even mud becomes a matter of pride.

### What Do I Think the Solution Is?

Honestly? I believe Sir Creek is solvable.

This isn't Kashmir. This isn't Siachen. There are no civilians, no identities tied to this soil. It's just land, water, and some ancient paperwork.

I believe Sir Creek could become a template-a model for peaceful resolution.

### Why Should You or I Even Care?

Because Sir Creek is not just about maps.

It's about dialogue-

Because some borders aren't divine. They're man-made. They're flawed.

And sometimes, they're fixable.


### My Final Thought

"When something remains unresolved for too long, it stops being a dispute. It becomes a habit."


And I see a habit forming between India and Pakistan-

A habit of silence, delay, and missed chances.

But habits can be broken.




## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# महिला और उसके प्रेमी की हत्या पति और चचिया ससुर व दामाद ने की

## जिला पुलिस अधीक्षक सोनवाल ने प्रेस वार्ता कर मामले की जानकारी दी

**करौली** (निसं)। लांगरा थाना क्षेत्र के जंगलों में गत दिनों एक महिला और एक युवक के मृत अवस्था में मिलने के मामले को पुलिस प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए महिला के पति और चचिया ससुर एवं दामाद को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर मामले का मात्र 24 घंटे में खुलासा किया।

■ **लांगरा थाना क्षेत्र के जंगलों में गत दिनों एक महिला और एक युवक के मृत अवस्था में मिलने के मामले को पुलिस प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए महिला के पति और चचिया ससुर एवं दामाद को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर मामले का 24 घंटे में खुलासा किया**

जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल ने प्रेस वार्ता कर मामले का खुलासा करते हुए बताया कि गत 30 सितंबर को टेलीफोन पर सूचना मिली कि कुमरावतपुरा के जंगलों में एक महिला और एक युवक की लाश पड़ी हुई है जिस सूचना पर लांगरा थाना अधिकारी लाल बहादुर मीणा पुलिस जाप्ता के रवाना होकर मौके पर पहुंचे जहां पुलिस को एक महिला और एक युवक की क्षत विक्षत हालत में लास पड़ी मिली वही मौके पर बिना नंबरी एक मोटरसाइकिल भी मिली ।

उन्होंने बताया कि वहीं इससे पूर्व महिला रंजीता के पति भूरा मीणा ने 27 सितम्बर को लांगरा थाने पर अपनी पत्नि कि गुमषुदगी कि रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मौके से थाना अधिकारी ने भूरा मीणा और उनके परिजनों को मृतक महिला और युवक की पहचान के लिए बुलाया गया जहां भूरा मीणा निवासी सांतलपुर ने महिला की रंजीता मीणा की अपनी पत्नी होने की पहचान की और युवक की पहचान मृतक के पिता भंवरलाल मीणा ने निरंजन उर्फ रिंकू मीणा निवासी सांतलपुर कि अपने पुत्र के रूप में पहचान की जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर रेंज भरतपुर के कैलाश चंद्र बिश्नोई के निर्देशन में और जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल के नेतृत्व में हत्या एवं हत्या का प्रयास करने वाले अपराधियों के विरूद्ध आपरेशन हंता अभियान के तहत ब्लाइंड मर्डर का लांगरा पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा करते हुए तीन हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है ।

उन्होंने बताया कि इस मामले में 3 अक्टूबर को मृतक युवक के पिता भंवरलाल मीणा निवासी सांतलपुर ने मुकदमा दर्ज कराते हुए खुलासा किया कि मेरा पुत्र निरंजन उर्फ रिंकू 35 और रंजीता पत्नी भूरा मीणा के बीच करीब 8,10 वर्ष से प्रेम संबंध होने के कारण आपस में बातचीत करते थे मृतक युवक के पिता ने रिपोर्ट में बताया कि मेरा पुत्र निरंजन उर्फ रिंकू और रंजीता में प्रेम संबंध होने के कारण उसके पति भूरा मीणा पुत्र लक्खू और चचिया ससुर एवं कमल मीणा पुत्र जगन मीणा निवासी सांतलपुर एवं रामकेश उर्फ पप्पी पुत्र शिव सिंह मीणा निवासी भाँकरी ने अन्य के साथ मिलकर षड्यंत्र रचकर इन लोगों ने मेरे पुत्र निरंजन उर्फ रिंकू ब रंजीता की हत्या कर दोनों की लाश को सबूत मिटाने व अपराध को छुपाने की नीयत से कुमरावतपुरा के जंगल में छुपा दिया और हत्या को आत्महत्या में बदलने की नीयत से सेलफोस की डिबिया डाल दी उन्होंने बताया कि रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर सभी एंगलों से मामले का अनुसंधान जारी किया जिस मामले में मात्र 24 घंटे में लांगरा थाना पुलिस ने महिला के पति भूरा मीणा और चचिया ससुर कमल मीणा एवं दामाद रामकेश उर्फ पप्पी मीणा को गिरफ्तार किया जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग का निकला जो पिछले लंबे समय से आपस में चल रहा था ।

उन्होंने बताया कि इस पूरे प्रकरण में पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर रेंज भरतपुर के कैलाश चंद बिश्नोई के निर्देशन में लांगरा थाना अधिकारी लाल बहादुर मीणा और मासलपुर थाना अधिकारी वासुदेव प्रसाद के नेतृत्व में शिवचरण हेड कांस्टेबल, सत्येंद्र अवस्थी, ऋषिकेश, जितेंद्र, विश्राम, मुकेश ,अभय कमांड के राजेंद्र ,कांस्टेबल और विश्वेंद्र सिंह की टीम ने तत्परता से कार्य करते हुए मामले का खुलासा किया है ।

उन्होंने बताया कि खास तौर से इसमें विशेष भूमिका आरोपियों की गिरफ्तारी में सत्येंद्र अवस्थी कांस्टेबल और ऋषिकेश मीणा कांस्टेबल की रही है जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस प्रकरण में अन्य वांछित आरोपियों की तलाश जारी है प्रेस वार्ता के दौरान अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक गुमनाराम, पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम, लांगरा थाना प्रभारी लाल बहादुर मीणा और मासलपुर थाना अधिकारी वासुदेव प्रसाद उपस्थित थे।

# पुलिस वाहन दुर्घटना में 3 जवान गंभीर रूप से घायल

**मदनगंज-किशनगढ़**,(निस)। जयपुर हाइवे मार्ग पर रात्रि को पशु को बचाने के लिये अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराने से पुलिस वाहन में सवार 3 पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गये। तीनो की स्थिति चिंताजनक होने पर तत्काल अजमेर रेफर कर दिया, किंतु हैड कांस्टेबल उमराव भादू की स्थिति बेहद नाजुक होने पर जयपुर रेफर कर दिया। दुर्घटना इतनी भीषण थी की वाहन का अगला हिस्सा चकनाचूर होकर कबाड में तब्दील हो गया और स्टीयरिंग व टायर वाहन से अलग होकर दूर जा गिरे। दुर्घटना की इतला मिलते ही पुलिस अधिकारियों ने जेएलएन हॉस्पिटल अजमेर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। रात्रि को किशनगढ़ सिटी थाने में तैनात हैड कांस्टेबल गांव तिलोनिया निवासी उमराव भादू (40), गांव नोहरिया निवासी कांस्टेबल पप्पू गुर्जर (32) व गांव साखून निवासी वाहन चालक सुरेन्द्र खोजी (32) वाहन से पेट्रोलिंग कर रहे थे। इसी दौरान रात्रि करीब 3.30 बजे भेरू जी पुलिया के पास पशु को बचाने के चक्कर में पुलिस वाहन अनियंत्रित होकर पुलिया से जा टकराया। दुर्घटना में घायल उपरोक्त तीनो जवानो को जेएलएन हॉस्पिटल अजमेर में भर्ती कराया, किंतु उमराव भादू चौधरी सहित दो जवानो की स्थिति चिंताजनक होने पर जयपुर रेफर कर दिया।

■ **दो को जयपुर रेफर किया, पशु को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर वाहन पुलिया से टकराया**

# विश्वास में लेकर महिला को थमाई नकली सोने की चेन

**अजमेर**, 03 अक्टूबर (कासं)। शहर में नकली सोना देकर लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। बदमाशों ने महिला को विश्वास में लेकर उसे जाल में फंसाया और फिर बस स्टैंड पर बुलाकर नकली सोना देकर करीब 3 लाख रुपए हड़प लिए। मामले की शिकायत पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ब्यावर निवासी चंद्रकांता जांगिड़ ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 20 सितंबर को दो व्यक्ति और एक महिला उसकी दुकान पर आए और सोना बेचने की बात कही, उन्होंने सोने की माला का एक मोती तोडक़र दिया, जो असली निकला। कुछ दिनों बाद आरोपी फिर आए और चांदी का सिक्का भी चेक करने के लिए दिया। सिक्का और माला का मोती दोनों असली पाए गए। विश्वास में लिया महिला को, बस स्टैंड पर हुआ सौदा- महिला ने बताया कि आरोपी लगातार संपर्क में थे। एक अक्टूबर को उन्होंने महिला को अजमेर बस स्टैंड बुलाया और मोतियों की माला थमाई। भरोसे में आकर महिला ने उन्हें 3 लाख रुपए दे दिए, लेकिन घर जाकर जब माला की जांच करवाई गई तो सोना नकली निकला। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है ।

■ **शातिरों ने हड़पे 3 लाख रुपए पीडिता ने कराया मुकदमा दर्ज**

# पूरे देश में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के पक्ष में जबरदस्त माहौल है : जितेंद्र सिंह

## कल देश में रावण को जलाया था लेकिन आज भी बुराइयां हमारे बीच है, अब भाजपा सरकार के अहंकार को जलाना पड़ेगा : जूली

**अलवर**। वोट चोर गद्दी छोड हस्ताक्षर अभियान के तहत कठूमर में पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली जमकर बरसे। कांग्रेस के दोनों नेताओं ने केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा।

पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह बोले डबल इंजन की सरकार का अब कहीं पहिया भी नजर नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि माफिया सरकार देश के किसानों और गरीबों को लूटने की योजना बनाकर आई है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में वोट चोर गद्दी छोड अभियान के पक्ष में जबरदस्त माहौल है।

सिंह बोले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पूरे देश को दिखाया कि किस तरह भारतीय जनता पार्टी मृतक का भी वोट डलवाकर कुर्सी हासिल करना चाहती है, जिसके लिए भारतीय चुनाव आयोग भाजपा के कार्यकर्ता के रूप में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर द्वारा दिए गए अधिकार को हमसे कोई छीन नहीं सकता,आज देश पर सबसे बड़ा संकट पैदा कर दिया गया है, विदेश नीति का मजाक बना कर रख दिया है। हम सभी को मिलकर इस तानाशाही के खिलाफ लडऩा होगा।



अलवर में वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के तहत कठूमर में पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह भाजपा पर जमकर बरसे।

उन्होंने कहा कि यह देश का दुर्भाग्य है कि आजादी के बाद पहली बार ऐसी सरकार का मुंह देखना पड रहा है।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली बोले कल देश में रावण को जलाया था लेकिन आज भी बुराइयां हमारे बीच है अब भाजपा सरकार के अहंकार को जलाना पड़ेगा।उनकी तानाशाही खत्म करनी पड़ेगी। जूली ने कहा कि जिस जनता ने सीट पर बैठाया उतारने में भी समय नहीं लगाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की उडऩ खटोला सरकार के डिप्टी सीएम को कंडक्टर तक नहीं पहचाने,इससे बुरी इस सरकार की स्थिति और क्या होगी। हम कई बार कह चुके हैं कि प्रदेश में सरकार नहीं बल्कि सर्कस चल रहा है। जूली बोले आरएसएस के इशारे पर प्रदेश के शिक्षा मंदिरों को राजनीतिक अखाड़ा बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

# भाजपा चलाएगी जिले में 90 दिन तक आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान

**भीलवाड़ा**। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान के प्रदेश संयोजक सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए देश का आत्मनिर्भर बनना जरूरी है। इसके लिए 140 करोड़ भारतीयों को स्वदेशी अपनाने का संकल्प लेना होगा। यह देश को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। भारत की आत्मनिर्भरता की झलक कोरोनाकाल में स्वदेशी वैक्सीन और ऑपरेशन सिंदूर के तहत दुश्मनों को नेस्तनाबूद करने वाले स्वदेशी हथियारों के रूप में पूरी दुनिया देख चुकी है। सांसद अठावाल भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की विशिष्ट उपस्थिति में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का आत्मनिर्भरता का आ ान देश भर में विभिन्न आयामों में गूंज रहा है। इसी के तहत भाजपा ने यह निर्णय लिया है कि पीएम मोदी का यह संदेश आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के माध्यम से देश के प्रत्येक नागरिक तक पहुँचाया जाए तथा उन्हें स्वदेशी उत्पादों के उपयोग एवं स्वदेशी मूल्यों को अपनाने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया जाए। 25 सितंबर से 25 दिसंबर तक चलेगा अभियान - उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान 25 सितम्बर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती से 25 दिसम्बर भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती तक चलेगा। अभियान की सफलता के लिए केंद्र और प्रदेश से लेकर जिला व मंडल स्तर तक टोलियों का गठन किया गया है। सांसद अग्रवाल ने कहा कि अभियान में विभिन्न सरकारी विभागों, स्थानीय निकायों, उद्योग एवं व्यापार संगठनों, व्यावसायिक एवं सामाजिक संगठनों, धार्मिक एवं सांस्कृतिक नेताओं, युवा एवं महिला संगठनों, सेलिब्रिटी एवं इन्फ्लूएंसर्स को शामिल किया जाएगा। इसके अलावा आत्मनिर्भर भारत संकल्प सम्मेलनों का आयोजन भी जिला एवं मंडल स्तर पर किया जाएगा। आत्मनिर्भर भारत संकल्प के अंतर्गत व्यापारी सम्मेलन, उद्योग सम्मेलन, प्रभातफेरी, मशाल रैली, नुक्कड़ नाटक, मेले और किसान मार्च, कॉलेजों में सेमिनार, स्कूलों में निबंध लेखन, कविता एवं चित्रकला प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाना प्रस्तावित है।

■ **आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत स्वदेशी उत्पाद व स्वदेशी जीवनमूल्यों को अपनाने पर रहेगा जोर : सांसद अग्रवाल**




भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान के प्रदेश संयोजक सांसद दामोदर अग्रवाल की मौजूदगी में बैठक का आयोजन हुआ।

# विधायक की मौजूदगी में ऐनीकट का शिलान्यास

**पावटा**। शिवनगर क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित खारवाल ऐनीकट के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास विधायक कुलदीप धनखड़ ने अपने कर-कमलों से किया। इस अवसर पर विधायक धनकड़ ने बताया कि उक्त ऐनीकट 4.50 करोड़ की राशि से स्वीकृत करवाया गया है तथा आज से इसका निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा कि एनीकट निर्माण के पश्चात वर्तमान की तुलना में दुगना जल संचयन संभव होगा। पक्की पाल से रिसाव की समस्या भी समाप्त होगी और एनीकट की मजबूती वर्षों तक बनी रहेगी। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस जीर्णोद्धार से शिवनगर जोहड़ की जल भरण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। और एनीकट में जल लंबे समय तक स्थायी रूप से संचित रहेगा। इसकी कुल क्षमता लगभग 2 एम.सी.एफ.टी. है। इससे आसपास के क्षेत्रों में भू-जल स्तर में सुधार होगा तथा कुऐ और बोरवेल होंगे। कृषकों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल मिलेगा, जिससे पैदावार बढ़ेगी। साथ ही, क्षितठास्त पाल व एनीकट का पुनर्निर्माण और जंगल सफाई के कार्य भी किए जाएंगे। इस परियोजना से पशुपालकों के लिए जल उपलब्धता सुनिश्चित होगी तथा भविष्य में यह स्थल पर्यटन के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन सकता है। कार्य के माध्यम से खेलना, कुनेड और पावटा सहित पूरे क्षेत्र की जल-संरक्षण क्षमता मजबूत होगी और कृषि विकास को बल मिलेगा। इस अवसर पर विधायक श्री कुलदीप धनखड ने कहा जल ही जीवन है। एनीकट व जोहड़ जैसे जल-संरक्षण कार्यों से भू-जल स्तर सुधरता है और कृषि को संजीवनी मिलती है। आने वाली पीढ़ियों के लिए जल बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

■ **ऐनीकट 4.50 करोड़ की राशि से स्वीकृत करवाया गया है**

## सांगवान का चेयरमैन बनना लगभग तय

**अलवर**। अलवर सरस डेयरी मे डायरेक्टरो के हुए निर्वविरोध चुनावों के बाद अब सरस डेयरी का चेयरमैन भी निर्विरोध ही चुना जाएगा जिसमें केन्द्रीय मंत्री के पीए नितिन सांगवान इस दौड में सबसे आगे है उनका चेयरमेन बनना तय माना जा रहा है लोगों ने तो अभी से नितिन सांगवान को चैयरमेन बनने की बधाई भी देना शुरू कर दी है। अलवर सरस डेयरी के सभी 12 डायरेक्टर निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। इन 12 डायरेक्टर में से एक पदाधिकारी केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के पीए नितिन सांगवान हैं। इनमें चार महिलाएं भी डायरेक्टर चुनी गई हैं। वहीं पहली बार सरस डेयरी की कमान एक आईआईटीयन को मिल सकती है। इन 12 में से ही एक डेयरी का चेयरमैन बनेगा। अलवर व खैरथल-तिजारा से 2 लोगों ने शुक्रवार को नामांकन वापस ले लिया था। इसके बाद डायरेक्टर के 12 पदों पर इतने ही आवेदन बचे तो सभी निर्विरोध चुने गए। सभी डायरेक्टर अब 6 अक्टूबर को अलवर सरस डेयरी का चेयरमैन चुनेंगे। माना जा रहा है कि चेयरमैन का चुनाव भी निर्विरोध हो सकता है। नितिन के पिता और दादा सेना से हुए रिटायर नितिन सांगवान 2013 से 2018 बैच के आईआईटियन हैं। उन्होंने मानेसर के हिसार से स्कूल की पढ़ाई की है। पिता रिटायर सैनिक हैं। दादा भी सेना में रहे हैं।



# सड़कों की मरम्मत औपचारिक न होकर गुणवत्तापूर्ण हो : जाजू

**भीलवाड़ा**। शहर की टूटी-फूटी और गहरे गड्ढों वाली सड़कों को लेकर स्थाई लोक अदालत द्वारा जारी सख्त निर्देशों के बाद नगर निगम, नगर विकास न्यास एवं संबंधित विभागों ने मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया है। हालांकि, पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू ने इस कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

जाजू ने आरोप लगाया कि करोड़ों रुपए खर्च करके सड़कों के गड्ढों का पैच वर्क का कार्य गुणवत्ता मानकों के विपरीत अफरा तफरी में करके औपचारिकता निभाई जा रही है। जाजू ने बताया कि काईन हाउस के बाहर, गंगापुर चोराहा एवं तेज सिंह सर्कल पर पेंच वर्क के लिए डाली गई गिट्टी डामरीकरण से पहले ही उखड़ गई है और अनेक लोग गिरकर चोटिल हो रहे है। उन्होंने बताया कि घटिया सामग्री का उपयोग और तकनीकी मानकों की अनदेखी साफ दिखाई दे रही है। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि इस तरह किए गए कार्यों से दीपावली के बाद पुन: सड़कें उखड़ जाएंगी और आमजन को फिर से गड्ढों का सामना करना पड़ेगा। जाजू ने कहा कि उनकी याचिका पर लोक अदालत ने जिन विभागों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया था, उसका उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण और टिकाऊ सड़कें उपलब्ध कराना था, न कि केवल औपचारिकता निभाना। जाजू ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण एवं मरम्मत कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराया जाए। साथ ही उन्होंने जिला कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट करते हुए सुझाव दिया कि सड़कों के निर्माण कार्य की विभागीय अधिकारियों से मॉनिटरिंग कराई जाए और दोषपूर्ण कार्यों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों एवं ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शहर की सड़कें गुणवत्तापूर्ण नहीं बनीं तो यह स्थाई लोक अदालत के आदेशों की अवहेलना मानी जाएगी।

■ **जाजू ने आरोप लगाया कि करोड़ों रुपए खर्च करके सड़कों के गड्ढों का पैच वर्क का कार्य गुणवत्ता मानकों के विपरीत अफरा तफरी में करके औपचारिकता निभाई जा रही है। जाजू ने बताया कि काईन हाउस के बाहरपेंच वर्क के लिए डाली गई गिट्टी डामरीकरण से पहले ही उखड़ गई है**

# ब्यावर में 4 माह से लापता बच्ची का सुराग नहीं

**ब्यावर ( निसं )**। पिछले चार माह से शहर से हुई लापता नाबालिग का आज तक भी पुलिस अथवा प्रशासन को सुराग तक का पता नहीं लग पाया। ऐसा लगने लगा है की नाबालिग को ज़मीन निगल गई या आकाश में उड़ गई । अब तो आमजन को यह भी सोचने को मज़बूर कर दिया है की क्या कहीं आरोपी और उसके घरवालों को ज़बरदस्त राजनैतिक संरक्षण तो नहीं मिला हुआ है जिसके चलते पुलिस और प्रशासन के हाथ बांध गए और पंगु हो गई ? गौरतलब है की राजस्थान उच्च न्यायालय ने आज ब्यावर पुलिस द्वारा पेश रिपोर्ट पर कड़ी आपत्ति व नाराजगी जताई व जांच बदलने का कारण पूछा। उच्च न्यायालय ने पुलिस द्वारा पेश पूरी रिपोर्ट क़ो तस्सली से पढ़कर ब्यावर पुलिस क़ो उल्टे पाँव रवाना किया व एक सप्ताह मे सही रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने इस प्रकरण क़ो बहुत गंभीर बताया है और ब्यावर पुलिस क़ो एक सप्ताह मे सही रिपोर्ट के साथ तलब किया है।

बच्ची की ओर से एडवोकेट देशराज कलवानिया, एडवोकेट पूनमचंद भंडारी, एडवोकेट टी एन शर्मा व एडवोकेट नीलेश बुरड़ ने उच्च न्यायालय मे पैरवी की।प्रदीप बोहरा के सहयोग से मुख्यमंत्री निवास पर विजिलेंस टीम से मुलाक़ात की । 4 माह से लापता बच्ची पर मुख्यमंत्री आवास की टीम ने भी इसे बहुत गंभीर माना। शासन सचिवालय मे किरोड़ीलाल मीणा से भी मुलाक़ात की है। बीजेपी के कद्दावर तेज तर्रार नेता व क़ृषि मंत्री डॉ किरोड़ीलाल मीणा से सकल जैन समाज के शिष्ट मण्डल ने मुलकर बातचीत की। किरोडीलाल मीणा ने मामला देखते ही आश्चर्य जताया व कहा कि ये काम तो मैं करूँगा....आप थोड़ी देर बैठो।

इसके बाद उन्होंने एसपी ब्यावर क़ो फ़ोन लगाया व लापता बच्ची के 4 माह बाद भी नहीं मिलने पर कडी नाराजगी जाहिर की। सोमवार 6 अक्टूबर 2025 क़ो मुख्यमंत्री व डीजीपी से इस सम्बन्ध मे बात करने की कहते हुवे 6 अक्टूबर क़ो पुनः जयपुर बुलाया है।

■ **कोर्ट ने इस प्रकरण क़ो बहुत गंभीर बताया है और ब्यावर पुलिस क़ो एक सप्ताह मे सही रिपोर्ट के साथ तलब किया है, उच्च न्यायालय मे पैरवी की।प्रदीप बोहरा के सहयोग से मुख्यमंत्री निवास पर विजिलेंस टीम से मुलाक़ात की**

## प्रतिष्ठा महोत्सव

**शाहपुरा**। विप्र सेना सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित भगवान परशुराम जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पहले दिन हवन कार्यक्रम इस कार्यक्रम आयोजित हुए। आचार्य योगेंद्र शर्मा द्वारा विधिविधान से पूजा और हवन किया। तीन दिवसीय महोत्सव के दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें सायंकालीन भजन कीर्तन भी शामिल है। पहले दिन विप्र सेना सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित हवन कार्यक्रम में 11 जोड़े शामिल हुए.रात्रि भजन कीर्तन ब्राह्मण समाज द्वारा भजन कीर्तन किया गया।महोत्सव 3 अक्टूबर से 5 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। 5 अक्टूबर को भगवान परशुराम जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होगी, जिसमें एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी. इस अवसर पर जगद्गुरु निबार्कचार्य श्यामशरण देवाचार्य जी महाराज की उपस्थिति में प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा।

# स्वयंसेवकों ने विजयादशमी उत्सव मनाया

**बूंदी**(निसं)। विजयादशमी पर तालेड़ा में बालिका विद्यालय के खेल प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने बड़े उत्साह से विजयादशमी उत्सव मनाया। इस अवसर पर अमरप्रीत सिंह काकू ने कार्यक्रम की अध्यक्षता ने की। मुख्य वक्ता कोटा विभाग के शारीरिक प्रमुख दुष्यंत शर्मा रहे।

कार्यक्रम शुरू होते ही अतिथियों ने मातृशक्ति को साथ लेकर शस्त्र पूजन किया। उसके बाद परम पवित्र भगवाध्वज फहराकर सभी समाजजनों के साथ स्वयंसेवकों ने प्रणाम किया । अध्यक्ष महोदय ने सर्व हिन्दू समाज को एक जाजम पर आने पर हर्ष जाहिर किया और समाजजनों से अपने बालक बालिकाओं को संघ की शाखाओं में भेजने के लिए प्रेरित करने को कहा । सभी स्वयंसेवक गणवेश पहने उत्साह के साथ उत्सव मनाते नजर आए। पंक्तिबद्ध तरीके से बैठकर सभी ने उद्बोधन सुना। पंच परिवर्तन को लेकर चल रही इस संघ यात्रा में सहयोग के लिएआव्हान किया। मुख्य वक्ता दुष्यंत शर्मा ने सर्व हिन्दू समाज को पंच परिवर्तन को लेकर चल रही संघ यात्रा के बारे में बताया और इसमें सहयोग करने का आव्हान किया । पंच परिवर्तन में कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्व का बोध एवं नागरिक कर्तव्य के बारे में विस्तृत जानकारियां बताई। इसमें कुटुम्ब प्रबोधन में परिवार नियोजन एवं सामूहिक भोज पर जोर दिया। सामाजिक समरसता के बारे में बताते हुए इतिहास की जानकारी देते हुए हर वर्ग को साथ रखने की अपील की। बताया की तभी संगठित रह सकते हो। पर्यावरण संरक्षण में प्लास्टिक का बहिष्कार करने की बात कही ओर उत्सव के दौरान प्लास्टिक का उपयोग नहीं होने पर कार्यकर्ताओं की सराहना की।

■ **संघ शताब्दी वर्ष पर महिलाओं ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई**

# बनास नदी में डीएसटी ने बजरी माफिया की 2 जेसीबी, 4 ट्रैक्टर ट्रॉली व बाइक जब्त

## बीगोद थाना क्षेत्र में बेख़ौफ़ बजरी माफिया लम्बे समय से सक्रिय हैं



माण्डलगढ़ के बीगोद थाना क्षेत्र में बनास नदी से डीएसटी ओर पुलिस टीम ने बजरी माफिया के अधादर्जन वाहन जब्त किए।

- बीगोद थाना क्षेत्र में बेख़ौफ़ बजरी माफिया लम्बे समय से सक्रिय हैं

**माण्डलगढ़,**। माण्डलगढ़ उपखण्ड के बीगोद थाना क्षेत्र में बेलगाम बजरी माफिया पर नकेल कसने के लिए

भीलवाड़ा जिले की स्पेशल टीम( डीएसटी) ओर स्थानीय पुलिस ने बजरी माफिया पर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया हैं, पुलिस की टीम बजरी माफिया के मुखबिरी किले को भेद कर गुप्त रास्ते से बनास नदी में पहुंची और अवैध बजरी खनन में लिप्त आधा दर्जन वाहनों को जब्त किया हैं।

इस कार्रवाई को लेकर बजरी माफिया में हड़कम्प मच गया हैं, बताया जा रहा हैं कि सत्तारुढ़ दल के एक सरपंच पति के संरक्षण में बड़े पैमाने पर लम्बे समय से अवैध बजरी खनन ओर परिवहन किया जा रहा था, इस मामले में ठाामीणों ने डीएसटी को शिकायत की थी। बीगोद थाना प्रभारी जय सुल्तान कविया ने बताया कि बीगोद थाना क्षेत्र के बिलिया गाँव के पास बनास नदी में बड़े पैमाने पर अवैध बजरी खनन ओर परिवहन की सूचना डीएसटी को मिली थी, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव के निर्देशन में गठित टीम का वाहन बजरी माफिया तक नदी में पहुँचे की बड़ी चुनोती थी, क्योंकि बजरी माफिया गिरोह के लोगों ने नदी हर रास्ते पर अपने मुखबिर लगा रखे थे। पुलिस की टीम 5 किलो मीटर तक गुप्त रास्तों से पैदल चल कर बनास नदी में पहुंची और घेराबंदी की गई। पुलिस टीम को देख नदी में खनन कर रहे वाहन भागने लगे। मोके ओर मौजूद कुछ लोगों ने वाहनों को जब्त करने से रोकने का प्रयास भी किया था। लेकिन जिला पुलिस की विशेष टीम ओर बीगोद थाना पुलिस ने सतर्कता बरत कर मौक़े से 2 जेसीबी मशीन, 4 ट्रैक्टर ट्रॉली ओर 4 बाइक को जब्त किया गया हैं, कार्रवाई के दौरान बजरी माफिया गिरोह के लोगों ने पुलिस टीम से उलझने की कोशिश भी की गई, पुलिस ने वाहनों को जब्त कर बीगोद थाने में ला कर खड़ा किया, कार्रवाई के दौरान जेसीबी मशीनों ओर ट्रैक्टर ट्रॉलियों के चालक वाहन छोड़ कर फरार हो गए। पुलिस ने खनिज विभाग को सूचना कर वाहन मालिक ओर चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही हैं । गौरतलब हैं कि बडलियास, बीगोद, काछोला तक बनास नदी और जोजवा के पास बेड़च नदी में इन दिनों धड़ल्ले से बजरी का अवैध खनन ओर परिवहन किया जा रहा हैं, हर रोज सड़कों पर बजरी से ओवरलोड भरे ट्रैक्टर ट्रॉली ओर ट्रैलर,डम्पर सरपट दौड़ रहे हैं, जिससे आए दिन हादसे भी सामने आ रहे हैं, लेकिन स्थानीय पुलिस और खनिज विभाग कार्रवाई करने से कतराते नजर आ रहे है। जबकि जिले की विशेष पुलिस टीम द्वारा बजरी माफिया पर लगातार कार्रवाई की जा रही हैं।

# फुलेरा थानाधिकारी चंद्रप्रकाश यादव सहित दलाल को रिश्वत लेते पकड़ा





**फुलेरा।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी जयपुर ठाामीण इकाई की ओर से गुरुवार को दोपहर 3 बजे कार्यवाही करते हुए फुलेरा थानाधिकारी पुलिस निरीक्षक चंद्रप्रकाश यादव सहित सीएलजी सदस्य व मोबाइल विक्रेता हैप्पी माथुर को 50 हज़ार रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी जयपुर ग्रामीण को एक शिकायत मिली थी कि परिवादी के भाई को साइबर क्राइम की शिकायत में गिरफ्तार नहीं करने एवं मामला रफा-दफा करने के लिए पुलिस निरीक्षक फुलेरा थानाधिकारी चन्द्रप्रकाश यादव सहित दलाल हैप्पी माथुर जो कि सीएलजी सदस्य व मोबाइल शॉप मालिक द्वारा 70 हज़ार रूपये की मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक के राजेश सिंह के सुपरविजन में एसीबी जयपुर ठाामीण के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनिलकुमार सिहाग के नेतृत्व में गुरुवार को पुलिस निरीक्षक राजकुमार शर्मा व टीम ने कार्यवाही करते हुए ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी फुलेरा थानाधिकारी चंद्रप्रकाश यादव व दलाल हैप्पी माथुर को 50 हज़ार रूपये रिश्वत राशि लेते हुए गिरफ्तार किया गया है। जानकारी अनुसार आरोपी दलाल हैप्पी माथुर 20 हज़ार रूपये रिश्वत के रूप में पहले में ही वसूल कर लिए थे। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत मामला दर्ज दोनों आरोपियों से पूछताछ तथा कार्यवाही की जा रही है।

# 'परिवार में संस्कार स्थापित करना समय की आवश्यकता'

## राव वीरवर जयमल राठौड़ जयंती समारोह में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री रहे उपस्थित

**मेड़ता सिटी।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने अपने जन्मदिवस पर मेड़ता सिटी स्थित श्री चारभुजा नाथ जी मंदिर में धोक लगाई और आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके उपरांत राव वीरवर जयमल राठौड़ जयंती समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज समाज और परिवार में संस्कारों को स्थापित करने पर गहन चिंतन और मंथन की आवश्यकता है। शेखावत ने कहा कि विजयादशमी का पर्व सत्य की जीत का प्रतीक है। भगवान श्रीराम की कथा आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, क्योंकि असत्य कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंततः विजय सत्य की ही होती है। उन्होंने राजपूत समाज से राजनीतिक व्यवस्था में सक्रिय भागीदारी का आ ान किया और कहा कि शिक्षा में राजपूती भाव होना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियों में संस्कारों के बीज रोपे जा सकें। समारोह में शेखावत ने समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया और राव जयमल राठौड़ जयंती समारोह समिति के संरक्षक एवं पूर्व राज्यपाल वी.पी. सिंह बदनौर द्वारा लिखित पुस्तक 'जयमल वंश प्रकाश' का विमोचन किया। यह पुस्तक राव जयमल राठौड़ के जीवन, स्मरणीय प्रसंगों और उनके व्यक्तित्व के विविध पहलुओं पर प्रकाश डालती है। अपने प्रवास के दौरान शेखावत ने भक्त शिरोमणि मीराबाई की धरा पर पूजा-अर्चना की और राव जयमल राठौड़ की प्रतिमा के समक्ष नमन किया। उन्होंने बुटाटी धाम में संत चतुर दास महाराज की तपोभूमि पर धोक लगाई, ज्योत के दर्शन किए और संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। दादूराम सतराम जी की पवित्र स्थली तथा पौधाम स्थित सिद्धपीठ में संत सुखराम दास जी महाराज के दर्शन किए। दादू सम्प्रदाय के पीठाधीश्वर ओम प्रकाश दास जी महाराज से भी आशीर्वाद प्राप्त किया। जोधपुर प्रवास के दौरान उन्होंने रोहिचा कलां के वीर तेजाजी मंदिर में भी दर्शन किए। राव जयमल राठौड़ जयंती समारोह के अध्यक्ष कर्नल प्रताप सिंह राठौड़, पूर्व सांसद गोपाल सिंह ईड़वा, मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम, पाली जिला सहकारी समिति अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह कुड़की, मेड़ता नगर पालिका अध्यक्ष शोभा लाहोटी, संभागीय आयुक्त अजमेर शक्ति सिंह राठौड़, अजमेर कलेक्टर अरुण कुमार पुरोहित सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा स्थापना व विजयादशमी पर्व नगरीय क्षेत्रों में सम्पन्न होने केपश्चात मंडल केन्द्रों में प्रारम्भ हुए हैं।इसी कड़ी में अलाय मंडल का विजयदशमी उत्सव संपन्न हुआ। विजयदशमी उत्सव के मुख्य अतिथि डॉक्टर निर्मला (चिकित्सा अधिकारी रोहिणी), अमनाराम (सेवानिवृत्ति रेलवे कर्मचारी ), नागौर ग्रामीण खंड संघचालक मोहन राम सुथार के आतिथ्य में हुआ। गिरधारी लाल , विभाग प्रचारक ने मुख्य वक्ता के रूप में मार्ग दर्शन किया।

गिरधारी लाल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर गांव अलाय में विजयदशमी उत्सव में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए विभाग प्रचारक ने कहा कि संघ शताब्दी वर्ष मना रहा है। संघ का कार्य सर्वव्यापी बनाने के लिए सभी स्वयंसेवक अपना सर्वस्व खपाने के लिए तैयार हो जाए। उन्होंने कहा कि हमारा देश आज सर्वव्यापी विकास कर रहा है।

# गुरुद्वारे पर कब्जे का विवाद, हिंसक झड़प

- बच्चों समेत 8 घायल, बाहरी लोग जबरन घुसे; स्कूल बंद, 15 थानों की पुलिस तैनात

**हनुमानगढ़।** गोलूवाला कस्बे में गुरुद्वारा मेहताबगढ़ साहिब में प्रबंधन कमेटी को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद ने शुक्रवार को हिंसक रूप ले लिया।

सुबह करीब 3 बजे एक पक्ष के 50 से ज्यादा लोगों ने गुरुद्वारे में जबरन घुसकर कब्जा करने की कोशिश की। इस दौरान वहां मौजूद दूसरे पक्ष के साथ कहासुनी के बाद झड़प हो गई। इसमें बच्चों समेत करीब 8 लोग घायल हो गए। इनके हाथ, पैर और सिर में चोट आई है। कई घायलों को स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद श्रीगंगानगर जिला हॉस्पिटल रेफर किया गया। सूचना पर गोलूवाला थाना पुलिस फौरन मौके पर पहुंची। हालात बिगड़ते देख प्रशासन ने 15 थानों की पुलिस और आरएसी के जवानों को तैनात किया है। पुलिस लाइन से अतिरिक्त जाब्ता भी बुलाया गया है। एहतियात के तौर पर कस्बे में स्कूलों की छुटटी कर दी गई। प्रशासन ने गोलूवाला में धारा 163 लागू कर दी है। चार या ज्यादा लोगों के इकट्ठा होने पर रोक रहेगी।

एसपी हरि शंकर ने बताया- गुरुद्वारा में मुख्य ग्रंथी (प्रबंधक) को हटाने की मांग को लेकर दो पक्ष लंबे समय से आमने-सामने हैं। गोलूवाला कस्बा सिख संगत और मुख्य प्रबंधक बीबी हरमीत कौर पक्ष में गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी की जिम्मेदारी को लेकर विवाद है। 2009 में संत बाबा अमृतपाल सिंह गोलूवाला के गुरुद्वारा मेहताबगढ़ साहिब के मुख्य प्रबंधक थे। वे करीब 7 साल तक मुख्य प्रबंधक रहे। 2016 में पंजाब में संत बाबा अमृतपाल सिंह की हत्या हो गई।

साल 2016 में अमृतपाल सिंह की पत्नी बीबी हरमीत कौर को गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी का पदभार सौंपा गया। पिछले दो महीने से दोनों पक्ष आमने-सामने हैं। गोलूवाला कस्बा सिख संगत बीबी हरमीत कौर को हटाकर नई कमेटी बनाना चाहती है। किसी नए व्यक्ति को गुरुद्वारा का मुख्य प्रबंधक नियुक्त करना चाहती है। एसआई हरि शंकर ने बताया- गुरुद्वारा मेहताब सिंह साहिब में शुक्रवार सुबह बाहरी लोगों के जबरदस्ती घुसने से विवाद की स्थिति बन गई। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हेड कांस्टेबल रिश्वत लेते पकड़ा

**सीकर ( निसं )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की झुंझुनूं टीम ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना रानोली जिला सीकर पुलिस हेड कांस्टेबल रामनिवास को पन्द्रह हजार रुपये की रिश्वत पकड़ा गया है।?

# विदेश में नौकरी के नाम पर लाखों रुपए हड़पे

- दो साल से फरार चल रहा था, अनूपगढ़ पुलिस ने पकड़ा

**सीकर** (निसं)। सीकर में विदेश में नौकरी के नाम पर लाखों रुपए हड़पने का मामला सामने आया है। एजेंट ने पैसे लेकर विदेश नहीं भेजा। न ही युवक को पैसे वापस लौटाए। युवक को जान से मारने की धमकी भी दी गई। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सीकर के उद्योग नगर थाने में विजय कुमार ने मुकदमा दर्ज करवाया है। रिपोर्ट में बताया- वह पिछले 10 साल से सीकर में रहता है। उनकी पहचान मोहम्मद रफीक निवासी सुल्ताना से सीकर में हुई। मोहम्मद रफीक ने कहा था कि वह लोगों को यूरोपीय देश में भेजने का काम करता है। पिछले 5 साल से यही काम करता है।

**जर्मनी भेजने का झांसा दिया :** मोहम्मद रफीक ने विजय कुमार को कहा कि वह उसे जर्मनी भेज देगा। जर्मनी जाने के लिए 18 लाख रुपए लगेंगे। वीजा लगने में 6 महीने का समय लगेगा। लेकिन तब तक मैं तुम्हें नौकरी पर रख लूंगा और तुम्हें मेरा काम देखना होगा। 20 हजार रुपए हर महीने सैलरी दूंगा। मोहम्मद रफीक की यह बातें सुनकर विजय कुमार ने विश्वास कर लिया। विजय कुमार ने अपने पासपोर्ट और अन्य डॉक्यूमेंट मोहम्मद रफीक को दे दिए। इसके बाद विजय कुमार ने 16.13 लाख रुपए मोहम्मद रकीफ को दे दिए। मोहम्मद रफीक ने विजय कुमार को कहा कि वह उसे जर्मनी भेज देगा। जर्मनी में हर महीने ढ ाई लाख रुपए सैलरी होगी।

**जान से मारने की धमकी दी:-** मोहम्मद रफीक ने विजय कुमार को विदेश नहीं भेजा और उसका फोन उठाना भी बंद कर दिया। पैसे भी वापस नहीं लौटाए और जान से मारने की धमकी दी है। फिलहाल अब पुलिस मामले की जांच कर रही है।


**उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान**

No. :- F-2(01)Acct/Contract/2025-26/161 - 164 Date :- 01/10/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या : 45/2025-26**

उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| | |
|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत | रूपये 53.16 लाख (04 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड / अपलोड करने की अवधि | 02.10.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 16.10.2025 को सांयः 6.00 बजे तक |
| Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | 02.10.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 16.10.2025 को सांयः 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | 17.10.2025 को प्रातः 11:00 बजे |

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN No. : ITU2526SLOB00288 To ITU2526SLOB00291

अधिशाषी अभियन्ता - विद्युत, उदयपुर विकास प्राधिकरण

राज.संवाद/सी/25/11372

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड जालौर**

क्रमांक-अअ/जा/2025-26/1960 दिनांक-23.09.2025

**अल्पकालीन सूचना संख्या-14 वर्ष 2025-26**

NIB NO. PWD2526A3473

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से अटल प्रगति पथ व भवन निर्माण कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में कुल 03 कार्य जिनकी लागत राशि रू. 225.57 लाख है अत उक्त कार्यो के लिए ईटेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन निविदा आवेदन डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख | 26 सितम्बर 2025 प्रात 10.00 बजे से 14 अक्टूबर 2025 सायं 6.00 बजे तक |

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajathan.gov.in व http://व eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जायेगी। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

NIB NO. PWD2526A3473, UBN NO. 1. PWD2526WSOB13019, 2. PWD2526WSOB13020, 3. PWD2526WSOB13021

(शंकरलाल) अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. खण्ड, जालोर, मोबाईल- 9983975907

DIPR/C/14294/2025

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड भीनमाल**

क्रमांक-अअ/भीनमाल/2025-26/587 दिनांक-23.09.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या - 08 वर्ष 2025-2026**

NIB NO. PWD2526A3472

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विभिन्न कार्यो हेतु वार्षिक दर अनुबंध (Rate Contract) के आधार पर उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में कुल 18 कार्य जिनकी लागत राशि रू. 464.05 लाख है के लिए ईटेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन वार्षिक दर अनुबंध निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन निविदा आवेदन डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख | 26 सितम्बर 2025 प्रात 9.30 बजे से 05 अक्टूबर 2025 सायं 6.00 बजे तक |

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajathan.gov.inOhttp://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जायेगी। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। कार्यवार यू.बी.एन. संख्या निम्नानुसार है।

1. UBN NO. PWD2526WSRC13000, 2. UBN NO. PWD2526WSRC13001,
3. UBN NO. PWD2526WSRC13002, 4. UBN NO. PWD2526WSRC13003,
5. UBN NO. PWD2526WSRC13004, 6. UBN NO. PWD2526WSRC13005,
7. UBN NO. PWD2526WSRC13006, 8. UBN NO. PWD2526WSRC13007,
9. UBN NO. PWD2526WSRC13008, 10. UBN NO. PWD2526WSRC13009,
11. UBN NO. PWD2526WSRC13010, 12. UBN NO. PWD2526WSRC13011,
13. UBN NO. PWD2526WSRC13012, 14. UBN NO. PWD2526WSRC13013,
15. UBN NO. PWD2526WSRC13014, 16. UBN NO. PWD2526WSRC13015,
17. UBN NO. PWD2526WSRC13016, 18. UBN NO. PWD2526WSRC13017

(ओम प्रकाश) अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. खण्ड भीनमाल

DIPR/C/14288/2025

**कार्यालय नगर पालिका निवाई**

क्रमांकः-न.पा.नि./निर्माण/2025-26/9526 दिनांकः- 29.09.2025

**ई. बोली सूचना संख्या :- 30/2025-2026**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में नगर पालिका निवाई में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों एवं विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागो के संबंधित श्रेणी में "A" "AA" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं स्वायत्त शासन विभाग में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदको से, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in व 'http://www.eproc.rajsthan.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| | |
|---|---|
| बोली का कार्य | NIB Code:- DLB2526A6654 (कुल 1 कार्य) |
| Unique Bid Number | DLB2526WSOB20378 |
| बोली की कुल लागत | Rs 419.33 लाख (सभी कार्यो की अनुमानित लागत) |
| बोली जारी करने की दिनाक | दिनांक 01.10.2025 को 13:00 बजे से |
| बोली दस्तावेजो को डाउनलोड करने की शुरूआती दिनांक व समय | दिनांक 01.10.2025 को 13:00 बजे से |
| प्री बिड मिटिंग | दिनांक 14.10.2025 को अपराह 01:00 बजे नगर पालिका निवाई कार्यालय में |
| ऑन लाईन बोली जमा कराने की अन्तिम दिनांक | दिनांक 24.10.2025 सायं 18.00 बजे तक |
| ऑनलाईन तकनीकी बिड खोलने की दिनांक | दिनांक 27.10.2025 को अपराह 12:00 बजे |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक व समय | Will be Intimated latter to the Technically qualified Bidders |
| बिड की वैधता समयावधि | 120 Day |

अध्यक्ष, नगर पालिका निवाई — अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका निवाई

राज.संवाद/सी/25/11414

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग, जिला ग्रामीण खण्ड द्वितीय, बीकानेर**

पी.एच.ई.डी. कैम्पस, इण्डस्ट्रीयल एरिया, के.जी. कॉम्पलेक्स के पास, रानीबाजार, बीकानेर (334001)

फोन-0151-2226475 ई-मेल-phedribkn@gmail.com, eediv2.bik.phed@rajasthan.gov.in, Latitude 28.0005250 Longitude 73.3249120

क्रमांक-3187-99 दिनांक-25.09.2025

**Notice Inviting Bid: 87 to 93/2025-26**

Bid for various works are invited to registered interested bidder upto 06.10.2025 at 16.00 hours. Other particulars of bid may be visited on the procurement portal www.sppp.rajasthan.nic.in & "https://eproc.rajasthan.gov.in" of the state, The approximate value of the procurement of Rs. 209.21 Lacs.

| NIT NO. | 87 | 88 | 89 | 90 | 91 | 92 | 93 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| UBN NO. | PHE2526 WSOB07109 | PHE2526 WSOB07110 | PHE2526 WSOB07112 | PHE2526 WSOB07113 | PHE2526 WSOB07114 | PHE2526 WSOB07115 | PHE2526 WSOB07116 |

(नरेश कुमार रैंगर) अधिशाषी अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, जिला ग्रामीण खण्ड-II बीकानेर

DIPR/C/14398/2025

**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**

पृथ्वीराज मार्ग अजमेर (राज.) फोन न. 0145-2429953,2433813 Email- ajmermc@gmail.com

क्रमांक F.10/50/M/LIGHT/AMC/2025-26/648 दिनांक : 12.09.2025

**निविदा-सूचना**

नगर निगम अजमेर द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार में उपयुक्त श्रेणी के निविदादाताओं से संबंधित निम्न ई-निविदा आमंत्रित की जाती है कार्यों की अनुमानित लागत टेंडर भरे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख एव टेंडर शर्तें आदि संपूर्ण www.sppp.rajasthan.gov.in & www.eproc.rajasthan.gov.in वेबसाइट पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकते हैं

NIB CODE-ANN2526A0115

UBN :-ANN2526WSOB00156

राज.संवाद/सी/25/11296

**कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर**

क्रमांक :- जो.वि.प्रा./जोधपुर/जोन MP-MLALAD/2025-26/राजकाज 18073368 दिनांक :- 01/10/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या :- 03 जोन-MLALAD/2025-26**

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से प्राधिकरण एवं राजकीय विभाग मे नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदार से सिविल कार्य हेतु मुहरबंद एवं ई निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इन कार्यो की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, निविदा, शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.jodhpurjda.org, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है | NIB CODE :- JOD2526A0154

UBN No. :- JOD2526WSOB00322, 00324, 00325, 00326, 00327

राज.संवाद/सी/25/11324 अधिशाषी अभियंता (MP-MLALAD)

**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

टोडरमल लेन, सिविल लाईन्स, अजमेर, Email :- ajmerada@gmail.com, Website :- www.rajasthan.gov.in/ada, Tel.No. :- 0145-2627748-2627749

क्रमांक :- अविप्रा/प.2/तकनीकी/2025-26/राजकाज 17965676 दिनांक :- 27/09/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 35/2025-26**

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की ओर से विभिन्न कार्यों की अनुमानित लागत राशि रु. 151.45 लाख की ई-निविदा दिनांक 09.10.2025 सांय 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट (http://eproc.rajasthan.gov.in) एवं (http://sppp.raj.nic.in) http://www.urban.rajasthan.gov.in/ada पर देखा जा सकता है।

UBN No. :- AJD2526WSOB00150 - 00156

अधिशाषी अभियन्ता, अजमेर विकास प्राधिकरण

राज.संवाद/सी/25/11370

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग विद्युत खण्ड उदयपुर**

क्रमांक-टीएस/डी-12 दिनांक-23.09.2025

**निविदा सूचना संख्या- 12/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विद्युत कार्य (5) अनुमानित राशि 159.15 लाख में दोष निवारण एवं उनके सुधार (मय डी.एल.पी. अवधि) शर्त सहित सार्वजनिक निर्माण विभाग में उपर्युक्त श्रेणी एवं उप श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया में ऑन लाईन निर्धारित प्रपत्र में निविदा दिनांक 08.10.2025 को सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tender.asp व www.eproc.rajasthan.gov.in तथा http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। शुद्धि पत्र केवल http://sppp.raj.nic.in व www.eproc.rajasthan.gov.in वेबसाईट पर अपलोड किये जायेंगे।

NIB CODE: PWD2526A3463, UBN NO.: PWD2526WSOB12978, 79, 80, 81, 86

अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. विद्युत खण्ड उदयपुर

DIPR/C/14246/2025

**बीकानेर नगर निगम**

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905

E-mail :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

क्रमांक/विद्युत/2025-26/16473 दिनांक : 24.09.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 15/विद्युत/2025-26**

नगर निगम कार्यालय, बीकानेर द्वारा विद्युत सम्बन्धित कार्य (राशि रूपये 18.00 लाख) हेतु इच्छुक सम्भरणकर्ता जो कार्य करने/सामग्री संभरण करने के लिए अनुभवी हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया से ऑनलाईन निविदाएँ आंमत्रित की जाती हैं। निविदा कार्य से सम्बन्धित सम्पूर्ण विवरण एवं तिथि राज्य सरकार की ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in तथा नगर निगम बीकानेर की वेबसाईट www.bikanermc.org पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है तथा निर्धारित अवधि तक ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड की जा सकती है।

1. UBN Code :- DLB2526WSOB19785

आयुक्त, नगर निगम, बीकानेर

राज.संवाद/सी/25/11290

**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति, बारां**

क्रमांक :- 3235-47 दिनांक :- 01/10/2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

कृषि उपज मण्डी समिति, बारां द्वारा आई.टी. उपकरण हेतु रजिस्टर्ड प्रतिष्ठित फर्मों / अधिकृत डीलरों / विक्रेताओं से निर्धारित प्रपत्र मे ई-प्रोक्योरमेंट (www.eproc.rajasthan.gov.in) के माध्यम से ऑनलाईन ई-निविदाएं दिनांक 15.10.2025 को सायं 5:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय पोर्टल agriculture.rajasthan.gov.in/mandi पर भी देखी जा सकता है। निविदा की अनुमानित कुल लागत 9.00 लाख रु० है।

NIB Code : DAM2526A0478

UBN No. : DAM2526WSOB00867

सचिव, कृषि उपज मंडी समिति, बारां

राज.संवाद/सी/25/11380

**कार्यालय नगर परिषद बून्दी**

क्रमांकः- 7070-73 दिनांकः- 29.09.2025

**-:: निविदा सूचना ::-**

नगर परिषद बून्दी द्वारा जारी निविदा सं0: न0प0बू0/निर्माण/2025-26/7046 दिनांक 27/09/2025 की निविदा दिनांक 29/09/2025 से दिनांक 10/10/2025 18.00 बजे तक ऑनलाईन विक्रय की जावेगी। निविदा दिनांक 13/10/2025 को 15.00 बजे तक प्राप्त की जावेगी तथा निविदा दिनांक 13/10/2025 को 16.00 बजे ऑनलाईन खोली जावेगी। विस्तृत शर्ते व विवरण निविदा sppp.rajasthan.gov.in/eproc.rajasthan.gov.in पर DLB2526WSOB20064, DLB2526WSOB20065, DLB2526WSOB20066, DLB2526WSOB20067, DLB2526WSOB20068, DLB2526WSOB20069, DLB2526WSOB20070, DLB2526WSOB20071, DLB2526WSOB20072, DLB2526WSOB20073, DLB2526WSOB20074, DLB2526WSOB20075, DLB2526WSOB20076, DLB2526WSOB20077, DLB2526WSOB20078, DLB2526WSOB20079, DLB2526WSOB20039, DLB2526WSOB20041, DLB2526WSOB20042, DLB2526WSOB20043, DLB2526WSOB20044, DLB2526WSOB20045, DLB2526WSOB20046, DLB2526WSOB20047, DLB2526WSOB20048, DLB2526WSOB20049, DLB2526WSOB20050, DLB2526WSOB20051, DLB2526WSOB20052, DLB2526WSOB20053, DLB2526WSOB20054, DLB2526WSOB20055, DLB2526WSOB20056, DLB2526WSOB20057, DLB2526WSOB20058, DLB2526WSOB20060, DLB2526WSOB20061, DLB2526WSOB20062 तथा कार्यालय समय मे किसी भी कार्यदिवस को नगर परिषद मे देखा जा सकता है।

आयुक्त, नगर परिषद, बून्दी

राज.संवाद/सी/25/11339

**कार्यालय नगर पालिका छबडा जिला बारां (राज0)**

E Mail ID-npchhabra5@gmail.com Phone No-07452-222025

क्रमांक ::- न0पा0छ0/2025/4760 दिनांक ::- 29.09.2025

**-: निविदा सूचना :-**

NIB NO-DLB2526A6587

Municipal Board Chhabra invites online E-Tender Amount 67.32 Lacs by e-procument in prescribed format from registered contractor in appropriate category in Engineering department of Rajasthan Govt. Or eligible contractor as per PWFAR rules for following Works. Technical and financial bids/proposals from experienced, technicailly sound reputed bidders fulfilling eligibility criteria as described in the bid document. NIT can also seen on web portal at www.sppp.rajasthan.gov.in & www.eprocument.rajasthan.gov.in

| | |
|---|---|
| Publishing date and time | 26.09.2025 at 6.00 P.M. |
| Bid Document download start | 26.09.2025 from 6.00 P.M. |
| Bid Document submission end date | 07.10.2025 upto 6.00 P.M. |
| Technical Bid Opening date and time | 08.10.2025 at |
| Financial bid opening date and time | To be announced later on |
| Portal website | www.sppp.rajasthan.gov.in |

| S.No | UBN No | S.No | UBN No |
|---|---|---|---|
| 1 | DLB2526WSOB20148 | 2 | DLB2526WSOB20149 |
| 3 | DLB2526WSOB20162 | 4 | DLB2526WSOB20166 |

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका छबडा

राज.संवाद/सी/25/11403

RIICO GROW WITH RAJASTHAN

राजस्थान सरकार का उपक्रम

RISING RAJASTHAN REPLETE • RESPONSIBLE • READY

**औद्योगिक विकास के खुल रहे नये द्वार आप भी बनें भागीदार**

सरल ई-नीलामी के माध्यम से



आधारभूत सुविधाओं युक्त औद्योगिक क्षेत्रों में करें उद्यम की स्थापना

66 कुल औद्योगिक क्षेत्र | 337 कुल भूखण्ड | 324 औद्योगिक भूखण्ड | 13 लॉजिस्टिक भूखण्ड

अन्तिम 4 दिन शेष

उपरोक्त औद्योगिक क्षेत्रों पर प्रत्यक्ष आवंटन योजना-2025 लागू नहीं है

ईएमडी अंतिम तिथि: 07 अक्टूबर, 2025 (सायं 06:00 बजे)

ऑनलाईन बिड प्रारम्भ तिथि: 08 अक्टूबर, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 10 अक्टूबर, 2025 (सायं 05:00 बजे)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 36 | आबू रोड़ | 02 | चूरू |
| 23 | अजमेर | 11 | बीकानेर |
| 04 | अलवर | 06 | भरतपुर |
| 07 | भिवाड़ी-I | 25 | किशनगढ़ |
| 21 | भिवाड़ी-II | 18 | भीलवाड़ा |
| 08 | बोरानाडा | 03 | नीमराना |
| 11 | घिलोठ | | |

ईएमडी अंतिम तिथि: 08 अक्टूबर, 2025 (सायं 06:00 बजे)

ऑनलाईन बिड प्रारम्भ तिथि: 09 अक्टूबर, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 13 अक्टूबर, 2025 (सायं 05:00 बजे)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 35 | नागौर | 11 | उदयपुर |
| 12 | पाली | 03 | जयपुर (दक्षिण) |
| 30 | झालावाड़ | 02 | जयपुर (उत्तर) |
| 02 | जालोर | 30 | ईपीआईपी सीतापुरा, जयपुर |
| 10 | राजसमंद | 01 | जोधपुर |
| 22 | कोटा | 04 | सवाई माधोपुर |

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान या रीको की टर्म लोन स्कीम के तहत भूमि की लागत का 75% तक का ऋण 5 साल की पुनर्भुगतान अवधि एवं 8.5% ब्याज के साथ

*केवल औद्योगिक भूखण्डों के लिए

आवेदन के लिए QR कोड स्कैन करें

राज.संवाद/सी/25/11388

**राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005

ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएप: +91 9001306515, ई-मेल: riico@riico.co.in

आवंटन से सम्बंधित नियमों एवं शर्तें, ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें https://riico. rajasthan.gov.in या https://www.riico.co.in



मैं संन्यास के बारे में नहीं सोच रही, मेरा ध्यान मानसिक मजबूती पर। मौजूदा ट्रेनिंग में मानसिक और तकनीकी दोनों पहलुओं को बेहतर करने पर काम हो रहा है। – दीपिका कुमारी

भारतीय तीरंदाज, अपने संन्यास के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — मीराबाई चानू



**भारत** की स्टार महिला वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने नार्वे के फोर्डे में जारी वर्ल्ड चैंपियनशिप में इतिहास रच दिया है। उन्होंने इस प्रतियोगिता में 199 किग्रा का वजन उठाकर सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। अब आखिरकार इस प्रतियोगिता में उनका ये तीसरा मेडल है। वह कुंजारानी देवी और कर्णम मल्लेश्वरी के बाद दो से ज्यादा वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडल जीतने वाली तीसरी भारतीय वेटलिफ्टर बन गई हैं। मीराबाई पिछले कुछ सालों में मानसिक और शारीरिक तना से काफी जूझ रही थीं। पेरिस ओलंपिक और उससे पहले एशियन गेम्स 2023 में चौथे स्थान पर रहते हुए निराशा उनके हाथ लगी थी।

**क्या आप जानते हैं ?...** कपिल देव 1983 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान थे। उन्होंने टूर्नामेंट में कुल 303 रन बनाए, जो किसी भी भारतीय खिलाड़ी द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रन थे।

# केएल राहुल, ध्रुव जुरेल और रवीन्द्र जडेजा के शतक से भारत का विशाल स्कोर





अहमदाबाद, 3 अक्टूबर। ध्रुव जुरेल (125), केएल राहुल (100) और रवींद्र जडेजा (नाबाद 104) की शतकीय पारियों के दम पर भारत ने शुक्रवार को पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन स्टंप के समय पांच विकेट पर 448 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली हैं और उसकी बढ़त 286 रनों की हो गई है।

मेजबान टीम ने कल के दो विकेट पर 121 रन से आगे खेलना शुरू किया और इस सत्र में 97 रन जोड़े। राहुल ने 197 गेंदों में 12 चौकों की मदद से 100 रन बनाये। राहुल ने रोस्टन चेज की गेंद पर सिंगल लेकर अपना 11वां टेस्ट शतक पूरा किया। केएल राहुल ने नौ साल के इंतजार के बाद आखिरकार घरेलू जमीन पर टेस्ट शतक जड़ा, जबकि शुभमन गिल ने कप्तान के रूप में अपने पहले घरेलू टेस्ट में संयमित अर्धशतक के साथ अपनी छाप छोड़ी। भारत ने सुबह के पहले सत्र में 67 ओवर में तीन विकेट पर 218 रन बनाये। जिसमें राहुल 100 रन शतक भी शामिल है। गिल ने 100 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए 50 रन बनाये है। उन्हें रॉस्टन चेज ने आउट किया। राहुल और गिल ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 97 रन जोड़े। गिल के आउट होने के बाद, बल्लेबाजी करने आये ध्रुव जुरेल ने एक शानदार चौका लगाकर सत्र का अंत शानदार तरीके से किया।

ध्रुव जुरेल और रवींद्र जडेजा के बीच पांचवे विकेट के लिए 206 रनों की साझेदारी हुई। विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए आज अपना पहला टेस्ट शतक बनाया। ध्रुव ने 116वें ओवर की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर अपना पहला टेस्ट शतक पूरा किया। उन्होंने 190 गेंदों में 12 चौके और दो छक्कों की मदद से 103 रन बनाकर अपना शतक पूरा किया। 123वें ओवर में खैरी पियरे ने ध्रुव जुरेल को आउट कर वेस्टइंडीज को पांचवी सफलता दिलाई। ध्रुव ने 210 गेंदों में 15 चौके और तीन छक्के लगाते हुए 125 रन बनाये। इसके बाद रवींद्र जडेजा ने अपना छठा शतक पूरा किया। दिन का खेल समाप्त होने के समय भारत ने पांच विकेट पर 448 रन बना लिये हैं और रवींद्र जडेजा (नाबाद 104) और वाशिंगटन सुंदर (नाबाद नौ) क्रीज पर मौजूद हैं। भारत की कुल बढ़त 286 रनों की हो गई है। वेस्टइंडीज के लिए रॉस्टन चेज ने दो विकेट लिये। जेडेन सील्स, खैरी पियरे और जोमेल वारिकन ने एक- एक बल्लेबाज को आउट किया।

## इस वर्ष टेस्ट मैच में तीसरी बार भारत के तीन बल्लेबाजों ने एक ही पारी में बनाये शतक

अहमदाबाद, 3 अक्टूबर। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शुक्रवार को भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन भारत ने एक नई उपलब्धि उस समय हासिल की जब उसके तीन बल्लेबाजों 'केएल राहुल, ध्रुव जुरेल और रवींद्र जडेजा' ने एक ही पारी में शतक जड़े। इस वर्ष में तीसरी बार है जब भारतीय बल्लेबाजों ने यह कारनाम किया है।

घरेलू धरती पर वर्षों की निराशा के बाद राहुल को आखिरकार राहत मिली। 64.5वें ओवर में जब उन्होंने रोस्टन चेज की गेंद पर झुककर उसे मिड-विकेट के ऊपर से खेला और राहत और खुशी के मिश्रण के साथ अपना बल्ला उठाया। यह उनका 11वां टेस्ट शतक था, लेकिन घरेलू मैदान पर उनका केवल दूसरा शतक था – पिछला शतक 2016 में लगा था। हेलमेट उतारकर, बैज चूमकर, राहुल के जश्न ने लगभग एक दशक के इंतजार के बाद बोझ हल्का होने का संकेत दिया। उसके बाद जुरेल ध्रुव का शतक के शतक ने भारत को दूसरी खुशी दी। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ मैच में चूकने के बाद, इस युवा विकेटकीपर को आखिरकार अपना पल मिल ही गया। 116वें ओवर में, उन्होंने चेज की गेंद पर मिड-ऑन पर चौका जड़कर अपना पहला टेस्ट शतक पूरा किया।

भारत के लिए, यह इस साल किसी नामित विकेटकीपर द्वारा लगाया गया तीसरा शतक भी था 'ऋषभ पंत के दो और अब जुरेल का एक शतक' जो उनके लिए एक कैलेंडर वर्ष में सबसे अधिक है। 125वें ओवर में जडेजा ने जोमेल वारिकन की गेंद पर कवर के बाहर से पंच मारकर अपना छठा टेस्ट शतक पूरा किया। और बल्ले से तलवारबाजी कर जश्न मनाया। चालू कैलेंडर वर्ष में यह तीसरी बार था जब भारत के तीन बल्लेबाजों ने एक ही पारी में तीन शतक बनाए। इससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल और पंत, और मैनचेस्टर में गिल, जडेजा और सुंदर ने शतक बनाए थे। भारत ने एक ही कैलेंडर वर्ष में एक पारी में तीन या अधिक बल्लेबाजों द्वारा शतक बनाने की यह दुर्लभ उपलब्धि चार बार हासिल की है, इससे पहले 1979, 1986 और 2007 में ऐसा हुआ था।

### भारत-ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज : बुमराह-गिल के कार्यभार पर होगी चर्चा

## अभिषेक और जायसवाल में से किसे मिलेगा मौका!





*नई दिल्ली, 3 अक्टूबर। रोहित शर्मा और विराट कोहली के वनडे क्रिकेट में भविष्य को लेकर चर्चा होगी लेकिन आस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 अक्टूबर से पर्थ में शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिये उनका चयन तय है हालांकि कार्यभार प्रबंधन को देखते हुए भारतीय टीम में कुछ बदलाव करने होंगे। चयनकर्ता वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रहे टेस्ट के दौरान वनडे टीम का चयन करेंगे लेकिन घोषणा मैच के बाद हो सकती है। हार्दिक पंड्या और ऋषभ पंत चोटों के कारण उपलब्ध नहीं होंगे जबकि एशिया कप और उसके तीन दिन के भीतर दो टेस्ट की सीरीज खेलने वाले टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को भी ब्रेक की जरूरत है। ऐसे में उन्हें वनडे या टी20 या दोनों से आराम दिया जा सकता है। रोहित और कोहली मार्च में चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेले हैं और उन्होंने पिछले सात महीने में काफी मेहनत की है। कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ शतक के अलावा आस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में सर्वाधिक रन बनाये थे। वहीं रोहित ने फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ विजयी पारी खेली। रोहित को कप्तानी से हटाने का भी कोई कारण नहीं है क्योंकि इस प्रारूप में वह काफी सफल रहे हैं। वह खुद बल्लेबाजी पर फोकस करने के लिये कप्तानी छोड़ना चाहें तो बात अलग है।*

*दोनों टेस्ट और वनडे से रिटायर हो चुके हैं और सिर्फ वनडे क्रिकेट खेलते हैं। दक्षिण अफ्रीका में 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप को देखते हुए उनके भविष्य पर भी बात होगी। बीसीसीआई सूत्रों के अनुसार इस सत्र में सिर्फ छह वनडे खेले जाने हैं जिनमें तीन आस्ट्रेलिया में और तीन न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत में होंगे लिहाजा ग्रेस फैसला हड़बड़ी में नहीं लिया जा सकता।*

*इस समय प्राथमिकता अगले साल भारत में होने वाला टी20 विश्व कप और 2025 में घरेलू टेस्ट से विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के अधिकतम अंक लेना होगा। टीम में कोहली और रोहित के रहने का संकेत वनडे श्रृंखला के लिये प्रसारक जियो हॉटस्टार के प्रोमो से भी मिला है जिसमें इन दोनों के पोट्रेट दिखाये गए हैं। बुमराह की बात करें तो उनकी विश्व चैम्पियन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दोनों टेस्ट में जरूरत है भले ही मेडिकल टीम या खुद बुमराह वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली टेस्ट नहीं खेलने का फैसला लें, जो कि अभी अस्पष्ट है। चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर ने कहा था कि बुमराह ने खुद वेस्टइंडीज के खिलाफ दोनों टेस्ट खेलने की इच्छा जताई है।*

*एशिया कप और अब दो टेस्ट खेलने के बाद अगली टेस्ट सीरीजतीन सप्ताह बाद है और फिर टी20 विश्व कप से पहले टी20 सीरीज। ऐसे में बुमराह को अत्यधिक यात्रा से बचाने के लिये आस्ट्रेलिया दौरे से ब्रेक दिया जा सकता है। पंड्या वनडे सीरीजतक फिट नहीं होंगे और ऐसे में नितीश कुमार रेड्डी को मौका मिल सकता है। दूसरा विकल्प शिवम दुबे है लेकिन आस्ट्रेलियाई हालात में उनकी गेंदबाजी की परीक्षा नहीं हुई है।*

## यश ठाकुर की अगुवाई में गेंदबाजों ने दिलाई विदर्भ को बड़ी बढ़त

नागपुर, 3 अक्टूबर। यश ठाकुर (चार विकेट), पार्थ रेखड़े और हर्ष दुबे (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर विदर्भ ने शुक्रवार को ईरानी ट्रॉफी के तीसरे दिन शेष भारत को 214 के स्कोर पर ढ़ेर करने के बाद दूसरी पारी में स्टंप के समय दो विकेट पर 96 रन बना लिये है और उसकी बढ़त 224 रनों की हो गई है।

शेष भारत ने कल के पांच विकेट पर 142 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में शेष भारत का पहला विकेट मानव सुथार (एक) के रूप में गिरा। उन्हें आदित्य ठाकरे ने आउट किया। इसके बाद सारांश जैन (10), आकाश दीप (14) रन को यश ठाकुर ने आउट किया। शेष भारत का नौवां विकेट रजत पाटीदार के रूप में गिरा। उन्हें हर्ष दुबे ने आउट किया। रजत पाटीदार ने 125 गेंदों में 10 चौके लगाते हुए 66 रनों की पारी खेली। ठाकुर ने 70वें ओवर की पांचवी गेंद पर गुरनूर बरार 13 रन को आउट कर शेष भारत की पहली पारी का 214 के स्कोर पर अंत कर दिया। विदर्भ के लिए यश ठाकुर ने चार विकेट लिये। पार्थ रेखड़े और हर्ष दुबे को दो-दो विकेट मिले। दर्शन नालकंडे और आदित्य ठाकरे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी विदर्भ के लिए अथर्व तायडे और अमन मोखाड़े की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 42 रन जोड़े।

## इंग्लैंड की महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से हराया



गुवाहाटी, 3 अक्टूबर। लिंसी स्मिथ (तीन विकेट) तथा सोफी एकल्सटन, नेट साइवर-ब्रंट और शार्लेट डीन (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद एमी जोंस (नाबाद 40) और टैमी बोमॉन्ट (नाबाद 21) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने शुक्रवार को महिला विश्वकप के चौथे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 215 गेंदे शेष रहते 10 विकेट से हरा दिया।

इंग्लैंड के लिए एमी जोंस और टैमी बोमॉन्ट की सलामी जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बिना कोई विकेट खोए 14.1 ओवर में 73 रन बनकर मुकाबला 10 विकेट से अपने नाम किया। एमी जोंस ने 50 गेंदों में छह चौके लगाते हुए नाबाद 40 रनों की पारी खेली। टैमी बोमॉन्ट ने 35 गेंदों में तीन चौकों की मदद से नाबाद 21 रन बनाये। उन्होंने 15वें ओवर की पहली गेंद पर चौका लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। सात रन देकर चार विकेट लेने वाली लिंसी स्मिथ को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

इससे पहले आज यहां इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे जूझती नजर आयी। दक्षिण अफ्रीका ने नियमित अंतराल पर अपने विकेट गंवाये और वह अच्छा स्कोर भी नहीं कर सके। दक्षिण अफ्रीका के लिए सिनालो जाफ्टा ने 36 गेंदों में तीन चौकों की मदद से सर्वाधिक 22 रन बनाये। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके।

इंग्लैंड ने सधी हुई गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम को 20.4 ओवर में 69 रन के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया। इंग्लैंड के लिए लिंसी स्मिथ ने चार ओवर में सात रन देकर तीन विकेट विकेट लिये। तथा सोफी एकल्सटन, नेट साइवर-ब्रंट और शार्लेट डीन को दो-दो विकेट मिले। लॉरेन बेल ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

यह महिला विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका दूसरा सबसे कम स्कोर है। महिला विश्व कप में उनका पिछला दूसरा सबसे कम स्कोर भी इंग्लैंड के खिलाफ था जोकि उन्होंने कटक में 2013 में बनाया था। महिला क्रिकेट विश्व कप में सबसे कम ओवरों में आउट होने वाली एकमात्र टीम पाकिस्तान थी, जिसने 1997 में हैदराबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 13.4 ओवरों में केवल 27 रन बनाए थे।

## भारत-ए महिला हॉकी टीम चीन दौरे पर पांच मैच खेलेंगी

नई दिल्ली, 3 अक्टूबर। अनुभवी डिफेंडर मनीषा चौहान की अगुवाई में भारत ए महिला हॉकी टीम चीन दौरे पर 13 से 21 अक्टूबर तक लिया ओनिंग के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला खेलेगी। ये सभी मैच डालियान के लियाओनिंग स्पोर्ट्स सेंटर में खेले जायेंगे और यह भारतीय महिला हॉकी प्रतिभाओं की अगली पीढ़ी के लिए बहुमूल्य अंतरराष्ट्रीय अनुभव और प्रतिस्पर्धी मैचों का अनुभव प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। भारतीय महिला हॉकी का यह कार्यक्रम उभरते हुए एथलीटों को अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में अपनी क्षमता का परीक्षण करने और रैंक में आगे बढ़ने से पहले नई चुनौतियों के अनुकूल होने का एक मंच प्रदान करता है। भारतीय महिला हॉकी टीम के विश्लेषणात्मक कोच डेव स्मोलेनर्स ने इस अवसर के बारे में कहा, "हमने अपार संभावनाओं वाली एक मजबूत, युवा टीम तैयार की है। चीन में होने वाली यह श्रृंखला खिलाड़ियों को अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने, नए वातावरण में सीखने और मूल्यवान अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्राप्त करने के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करती है। मुझे विश्वास है कि अपने दृढ़ संकल्प और टीम वर्क के साथ, यह टीम इस शानदार अवसर का भरपूर लाभ उठाएगी।" उन्होंने कहा, "भारतीय महिला हॉकी के विकास के लिए यह महत्वपूर्ण है कि खिलाड़ियों को लगातार चुनौती दी जाए और उन्हें अपने सहज क्षेत्र से बाहर प्रतिस्पर्धा करने के अवसर दिए जाए।

### राजस्थान सीनियर रणजी ट्रॉफी व अंडर-19 वीमेन टीम घोषित

## महिपाल लोमरोर को रणजी की कप्तानी व हैप्पी कुमारी अंडर-19 वीमेन की कप्तान





जयपुर 3 अक्टूबर। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत के अनुसार बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2025 – 26 की सीनियर रणजी ट्रॉफी व अंडर 19 वीमेन टी20 क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान टीमों का चयन राजस्थान सीनियर चयन कमेटी (पुरुष ) व राजस्थान वीमेन चयन कमेटी ने आरसीए द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं, चैलेंजर ट्रॉफी व प्रैक्टिस मैचों में खिलाडियों के प्रदर्शन के आधार पर किया।

**राजस्थान सीनियर रणजी टीम के चयनित खिलाडी :-** महिपाल लोमरोर (कप्तान), अभिजीत तोमर, सुमित गोदारा दीपक हुड्डा, कार्तिक शर्मा, मुकुल चौधरी, अजय सिंह कुकना, मानव सुथार (उपकप्तान), अनिकेत चौधरी, दीपक चाहर, सईद खलील अहमद, राहुल चाहर, आकाश सिंह, अशोक शर्मा, कुणाल सिंह राठौड़।

**राजस्थान अंडर 19 वीमेन टी20 टीम में चयनित खिलाडी :-** हैप्पी कुमारी (कप्तान), तनिका शर्मा, धृति माथुर, अंशु सैनी ( उपकप्तान ), माहि सेठ, प्रिया यादव, मैना सियोल, प्रियांशी चौधरी, प्रीत कपूर, निष्ठा सोटी, भूमिका जांगिड़, प्रतीक्षा सिंह, पर्ल बाणावत, अनुष्का चौधरी, मिनाक्षीगुर्जर।

## फीफा ने विश्व कप 2026 की आधिकारिक मैच बॉल का किया अनावरण

मास्को, 3 अक्टूबर। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) ने विश्वकप 2026 के लिए अगले साल के मेजबान देशों की एकता और जुनून दर्शाने वाले मैच बॉल का आधिकारिक अनावरण किया। इस अवसर फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा, "फीफा विश्व कप 2026 के लिए आधिकारिक मैच बॉल आ गई है और यह बेहद खूबसूरत है। मुझे ट्रायोंडा को प्रस्तुत करते हुए खुशी और गर्व हो रहा है। एडिडास ने एक और प्रतिष्ठित फीफा विश्व कप बॉल बनाई है, जिसका डिजाइन अगले साल के मेजबान देशों कनाडा, मेक्सिको और अमेरिका की एकता और जुनून को दर्शाता है।"

इन्फेंटिनो ने कहा कि आगामी टूर्नामेंट अब तक का सबसे शानदार फीफा विश्व कप होगा। इस बॉल के डिजाइन में लाल, हरे और नीले रंग का इस्तेमाल किया गया है, जो तीनों मेजबान देशों को सम्मान देता है। इस पर प्रत्येक मेजबान देश के प्रतीक चिन्ह अंकित हैं। कनाडा के लिए मेपल का पत्ता, मेक्सिको के लिए चील और अमेरिका के लिए तारा। ट्रायोंडा नाम का स्पेनिश में अर्थ तीन लहरें है, जो मेजबानों की तिकड़ी का प्रतीक है। गेंद में एक अत्याधुनिक मोशन सेंसर चिप लगी है, जो गेंद की गति की जानकारी देती है। यह तकनीक वीडियो असिस्टेंट रेफरी सिस्टम को वास्तविक समय में डेटा भेजती है, जिससे मैच अधिकारियों के निर्णय लेने में आसानी होती है, जिसमें ऑफसाइड की घटनाओं से संबंधित निर्णय भी शामिल हैं। अगले वर्ष तीन देशों में आयोजित होने वाले यह विश्व कप 15 जून से 13 जुलाई तक चलेगा।

## फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैम्पियनशिप : मनीष, कीर्तिवासन, वैष्णवी और आकांक्षा फाइनल में

नई दिल्ली, 3 अक्टूबर। 30वीं फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जीत दर्ज करते हुए मनीष सुरेशकुमार और कीर्तिवासन सुरेश पुरुष एकल तथा वैष्णवी अदकर और आकांक्षा नितुरे ने महिला एकल वर्ग के फाइनल मुकाबले में जगह बना ली हैं। आज यहां डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में खेले गये सेमीफाइन में तमिलनाडु के मनीष सुरेशकुमार ने धीमी शुरुआत से उबरते हुए चौथी वरीयता प्राप्त पश्चिम बंगाल के इशाक इकबाल को 1-6, 6-1, 6-1 से हराया। इकबाल ने शुरुआती रैलियों पर नियंत्रण बनाए रखा और दो बार सर्विस तोड़कर पहला सेट अपने नाम कर लिया। मनीष ने बेसलाइन एक्सचेंज पर नियंत्रण रखते हुए जल्दी से तालमेल बिठाया। दूसरे सेट में शुरुआत में ही सर्विस तोड़ने के बाद, गति पूरी तरह से उनके पक्ष में हो गई।

## पाकिस्तानी क्रिकेटर ने कमेंट्री में आजाद कश्मीर कहा, सफाई दी



नई दिल्ली, 3 अक्टूबर। पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान सना मीर ने कमेंट्री के दौरान पाक अधिकृत कश्मीर को आजाद कश्मीर कहने पर सफाई दी है। उन्होंने कहा कि उनका मकसद कोई राजनीतिक बयान देना नहीं था। उनकी बातों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है। सना ने पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच बुधवार को हुए विमेंस वर्ल्ड कप मैच के दौरान एक खिलाड़ी का परिचय देते हुए उसे आजाद कश्मीर का बताया था। मैच कोलंबो में हुआ था। कश्मीर के कुछ हिस्से पर पाकिस्तान ने अवैध कब्जा कर रखा है। पाकिस्तान में इस हिस्से को आजाद कश्मीर कहा जाता है। हालांकि, इस नाम को अंतरराष्ट्रीय मान्यता नहीं है।

सना का दावा- खेल से जुड़े लोगों पर दबाव डाला जा रहा भारतीय मीडिया और सोशल मीडिया पर कड़ी आलोचना होने के बाद सना को सफाई देनी पड़ी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कैसे चीजों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है और खेलों से जुड़े लोगों पर दबाव डाला जा रहा है। यह दुखद है कि इसके लिए सार्वजनिक स्तर पर स्पष्टीकरण की आवश्यकता है।

एक पाकिस्तानी खिलाड़ी के होमटाउन के बारे में मेरी टिप्पणी का मकसद केवल यह बताना था कि पाकिस्तान के एक खास क्षेत्र से आने के कारण उसे किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा और उसका सफर कैसा रहा। उन्होंने आगे लिखा, यह उस कहानी का हिस्सा है जो हम कमेंटेटर के तौर पर बताते हैं कि खिलाड़ी कहां से आते हैं। मैंने आज दूसरे क्षेत्रों से आने वाले दो अन्य खिलाड़ियों के लिए भी ऐसा ही किया। सना मीर ने लिखा, कृपया इसका राजनीतिकरण न करें। एक कमेंटेटर के तौर पर, हमारा काम खेल, टीमों और खिलाड़ियों पर ध्यान केंद्रित करना है, और उनके साहस और दृढ़ता की कहानियों को बताना है।



## डेनियन ओटामेडी ओर शमशीर अली रहे जीत के हीरो

जयपुर, 3 अक्टूबर। पीपीसी पोलो ग्राउंड पर पहला मैच वी पोलो ओर विमल एरियन अचीवर्स के बीच खेला गया जिसमें विमल एरियन अचीवर्स ने वी पोलो टीम को 3 के मुकाबले 5 गोल से हराया। वी पोलो टीम की ओर से मुकेश सिंह ने 1और गोंजालो यनजोन ने 2 गोल किए। सवीर मेहराज, ओर बतिस्ता ने 1-1 गोल किए जबकि शमशीर अली ने अपनी टीम के लिए 3 गोल कर जीत पक्की कर दी। पीपीसी पोलो ग्राउंड पर दूसरा मैच कैरिसिल पोलो टीम ओर मेफेयर पोलो टीम के बीच मैच खेला गया जिसमें मेफेयर पोलो टीम ने कैरिसिल पोलो को 9 के मुकाबले 12 गोलों से हराया। मेफेयर पोलो टीम की ओर से अनय शाह ने 3 गोल और डेनियल ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए 8 गोल कर अपनी टीम को विजय दिलाई। कैरीसिल की ओर से हिम्मत सिंह ओर जुआन मार्टिन ने 1-1 गोल किए। जबकि हुर्र अली ने 3, कुलदीप सिंह ने 4 गोल किए पर अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए।

## एरेल मिडलटन ने 10 बार की चैम्पियन अनुभवी चीनी स्टार को हराया

नई दिल्ली, 3 अक्टूबर। अमेरिका की किशोरी एरेल मिडलटन ने शुक्रवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जारी इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की शॉटपुट एफ64 स्पर्धा में अनुभवी चीनी स्टार याओ जुआन को हराकर स्वर्ण पदक जीता। आज यहां दोनों एथलीटों के बीच प्रतिस्पर्धा बहुत जोरदार थी और एरेल मिडलटन ने बिना समय गंवाए चुनौती पेश की। 12.38 मीटर के प्रयास से उन्होंने शुरुआती राउंड के बाद पोल पोजिशन बरकरार रखी।

## नेशनल टेनिस चैम्पियनशिप फॉर डॉक्टर्स का भव्य आयोजन इस वर्ष 19 से 21 दिसंबर तक जयपुर में



जयपुर, 3 अक्टूबर। इंडियन मेडिकल टेनिस सोसाइटी (आईएमटीएस) द्वारा आयोजित 3 एनुअल नेशनल टेनिस चैंपियनशिप फॉर डॉक्टर्स का भव्य आयोजन इस वर्ष 19 से 21 दिसम्बर 2025 तक जयपुर में किया जाएगा। प्रतियोगिता के ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ जयंत सेन ने बताया कि यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता एसएमएस इंटरनेशनल स्टेडियम,जय क्लब व जयपुर क्लब में खेली जाएगी। प्रतियोगिता के ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ अनिल यादव ने बताया कि इस राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में देशभर से 250 से अधिक डॉक्टर भाग लेंगे। यह आयोजन अब तक का सबसे बड़ा टेनिस चैम्पियनशिप फॉर डॉक्टर्स होगा, जो डॉक्टरों की फिटनेस, स्पोर्ट्समैनशिप और टीम स्पिरिट को उजागर करेगा। प्रतियोगिता के कॉर्डिनेटर डॉ हरीश भारद्वाज ने बताया कि इसमें चिकित्सा जगत के दिग्गज डॉक्टर टेनिस कोर्ट पर अपनी खेल प्रतिभा और ऊर्जा का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन समिति का उद्देश्य डॉक्टरों के बीच स्वास्थ्य, खेल भावना और आपसी सहयोग को बढ़ावा देना है।

# पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गिर्राज प्रसाद तिवाड़ी का देहांत

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बिड़यारी गाँव पहुँचकर तिवाड़ी को पुष्प चक्र अर्पित किया

भरतपुर 3 अक्टूबर, (निस)। राजस्थान विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे गिर्राज प्रसाद तिवारी का शुक्रवार को 105 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से राज्य में शोक की लहर दौड़ गई। बयाना के गांव बिड्यारी में उनका अंतिम संस्कार किया गया। स्थानीय लोगों के अलावा, राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे। मुख्यमंत्री ने तिवारी की पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित किया। उनके साथ राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी भी मौजूद थे।

इस अवसर पर राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी, विधायक बहादुर सिंह कोली, डॉ. ऋतु बनावत, जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा, पूर्व जिला अध्यक्ष गिरधारी तिवारी, आलोक शर्मा, वैर विधायक बहादुर सिंह कोली, पूर्व सांसद रंजीता कोली, पूर्व सांसद पंडित रामकिशन, पूर्व डिप्टी मेयर गिरीश चौधरी, व्यापारी संगठन अध्यक्ष संजीव गुप्ता, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा, सतीश सोगरवाल, योगेश सिंघल, दयाचंद पचौरी, विवेक कल्ला, दौलत फौजदार, जनप्रतिनिधि, परिजन एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं कांग्रेस के दिग्गज नेता गिर्राज प्रसाद तिवारी की पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।*

- **एक सौ पाँच वर्षीय तिवाड़ी को अंतिम विदाई देने वित्त आयोग अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी, विधायक बहादुर सिंह कोली, डॉ. ऋतु बानावत, पूर्व सांसद, पंडित रामकिशन शर्मा, रंजीता कोली सहित बड़ी संख्या में राजनेता, व्यापारी व सामाजिक संगठन के पदाधिकारी पहुँचे।**

सन् 1920 में जन्मे गिर्राज प्रसाद तिवारी ने अपने कैरियर की शुरुआत वकालत से की। कानून की दुनिया में अपनी पहचान बनाने के बाद उन्होंने राजनीति में कदम रखा और जनसेवा को जीवन का लक्ष्य बनाया।

भरतपुर में प्रधान और जिला प्रमुख रहते हुए उन्होंने समाज की सेवा की। इसके बाद वे दो बार विधायक चुने गए और जनता की आवाज़ को मजबूती से विधानसभा तक पहुंचाया। गिर्राज प्रसाद तिवारी का सबसे अहम् कार्यकाल 1985 से 1990 तक रहा, जब वे राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष बने।

# भगदड़ कांड में हाईकोर्ट ने विजय को फटकारा

मदुरै, 03 अक्टूबर। मद्रास हाईकोर्ट ने करूर भगदड़ के मामले में टीवीके नेताओं को जमकर फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि पार्टी के मुखिया विजय भगदड़ के बाद मौके से फरार हो गए और पार्टी ने इस पर दुख तक जाहिर नहीं किया। इससे उनकी मानसिकता का पता चलता है। करूर में विजय की रैली के दौरान हुई भगदड़ में 41 लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद सीएम एमके स्टालिन मौके पर पहुंचे थे और पीड़ितों से मिले थे। इसके बाद उन्होंने मुआवजे का ऐलान किया था।

मद्रास हाईकोर्ट के मदुरै पीठ ने कहा कि प्रशासन विजय के प्रति नरमी बरत रहा है। पीठ ने घटना की जांच के लिए आईपीएस अधिकारी असरा गर्ग की अगुआई में एक एसआईटी के गठन का आदेश दिया और टीवीके नेता बुस्सी आनंद और सीटीआर निर्मल कुमार द्वारा दायर अग्रिम जमानत याचिकाओं पर आदेश सुरक्षित रखा।

# मुख्यमंत्री ने सूरत में ''प्रवासी राजस्थानी मीट'' की तैयारियों के निर्देश दिए

## उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राजस्थानी उद्यमियों के साथ सैक्टर मीटिंग आयोजित करें

जयपुर, 3 अक्टूबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुजरात के सूरत में आगामी 8 अक्टूबर को प्रस्तावित 'प्रवासी राजस्थानी मीट' के आयोजन की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अधिकारियों को प्रवासी राजस्थानी मीट के आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने प्रवासी राजस्थानी उद्यमियों एवं निवेशकों के साथ सेक्टर मीटिंग के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया।

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि 8 अक्टूबर को सूरत के इस आयोजन से प्रदेश में होटल, खनन व फार्मा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा मिलेगा।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रवासी राजस्थानी मीट से प्रदेश में होटल, खनन, फार्मा जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा मिलेगा। इसके लिए आयोजित होने वाली महत्वपूर्ण बैठकों से संबंधित पूर्व तैयारियां समय से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में प्रदेश के प्रमुख सांस्कृतिक एवं पर्यटन स्थलों की प्रवासी राजस्थानियों को जानकारी दी जाए।

बैठक में मुख्यमंत्री कार्यालय, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग एवं संबंधित विभाग के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

# एयर चीफ मार्शल ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

मार करने वाला ऑपरेशन माना जा रहा है। अगस्त में भी वायुसेना ने पुष्टि की थी कि ऑपरेशन सिंदूर में जेकबाबाद और भोलारी जैसे पाक एयरबेस पर मिसाइल हमलों के जरिए व्यापक नुकसान पहुँचाया गया।

एयर चीफ मार्शल ने पाकिस्तान के उस दावे को सिरे से खारिज कर दिया कि पाक ने भारत के राफेल सहित, 6 सैन्य विमानों को गिराया है। एयर चीफ ने कहा कि यह केवल झूठा प्रचार है, जिसका उद्देश्य केवल पाकिस्तान के नागरिकों को गुमराह करना है।

उन्होंने कहा, ''पाक ने कोई प्रमाण नहीं दिया है कि उन्होंने भारतीय विमानों को गिराया है। ये केवल दावे हैं, सच नहीं।''

एयरफोर्स प्रमुख ने यह भी स्पष्ट किया कि 10 मई को हुई युद्ध बंदी पाकिस्तान के अनुरोध पर हुई, न कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की मध्यस्थता के कारण। उन्होंने कहा, ''पाकिस्तान ने हमसे युद्धविराम की अपील की, क्योंकि उन्हें समझ आ गया था कि अगर संघर्ष जारी रहा, तो उन्हें और बड़ा नुकसान झेलना पड़ेगा।''

उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी ने जून 17/18 को ट्रंप से फोन पर स्पष्ट कर दिया था कि भारत किसी तीसरी पक्ष की मध्यस्थता को नहीं मानता और यह युद्धविराम भारत के सैन्य दबाव के कारण, पाकिस्तान की ओर से की गई अपील के कारण हुआ।''

# ''आई लव मोहम्मद'' ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

गर्म कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, मौलाना तौकीर रज़ा ख़ान को ऐसा सबक सिखाएंगे, जिसे वे कभी नहीं भूल पाएंगे।

उन्होंने लोगों को याद दिलाया कि प्रदेश में भाजपा की सरकार है। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी भी इस विवाद में कूद पड़े हैं और अभियान का समर्थन किया है। माना जा रहा है कि इस विवाद का असर बिहार के सीमांचल क्षेत्र की सीटों पर ओवैसी की पार्टी को चुनावी फायदा पहुँचा सकता है। दिलचस्प बात यह है कि मौलाना रज़ा ख़ान को अक्सर उत्तर प्रदेश का ओवैसी कहा जाता है, क्योंकि उनके बयानों और कार्रवाइयों ने कई बार सांप्रदायिक विभाजन को गहरा किया है, जिसका राजनीतिक लाभ भाजपा को विधानसभा और लोकसभा चुनावों में मिला है। 2010 में जब मौलाना जेल में थे, तो बताया जाता है कि एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने उनकी ज़मानत करवाने में मदद की थी।

मौलाना का भाजपा नेता संतोष गंगवार से भी करीबी रिश्ता बताया जाता है, जो 2024 तक कई बार बरेली से लोकसभा सांसद रहे। भाजपा के पूर्व सांसद और सपा नेता प्रवीण सिंह अरोन ने आरोप लगाया है कि कानपुर और बरेली में जो कुछ हुआ, उसके पीछे भाजपा ही थी।

# कश्मीर में बर्फ गिरी

श्रीनगर, 03 अक्टूबर। कश्मीर के पहाड़ों पर शुक्रवार को मौसम की पहली बर्फबारी हुई तथा मौसम विज्ञान केन्द्र ने अगले तीन दिनों में मैदानी इलाकों में व्यापक बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी का अनुमान जताया है।

इसके प्रभाव में 4 अक्टूबर की शाम से 7 अक्टूबर तक एक पश्चिमी विक्षोभ आने की संभावना है। गुलमर्ग में बर्फबारी होने के बाद सोनमर्ग, गुरेज घाटी और अन्य ऊँचे इलाकों में मौसम की पहली भारी बर्फबारी होने की संभावना है।

# भूगोल में रहना है या नहीं, आर्मी चीफ ने पाक को खुली धमकी दी

श्रीगंगानगर, 03 अक्टूबर। राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ में शुक्रवार को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यदि पाकिस्तान विश्व मानचित्र पर अपनी जगह बनाए रखना चाहता है, तो उसे अपनी धरती पर आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद करना होगा। जनरल द्विवेदी ने सैनिकों को संबोधित करते हुए यह स्पष्ट किया कि भारत अब ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाए गए संयम को दोहराएगा नहीं।

- **सेना प्रमुख उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा अगर अब पाकिस्तान ने कुछ भी किया तो भारत ऑपरेशन सिंदूर जैसा संयम नहीं दिखाएगा।**
- **आर्मी चीफ ने श्रीगंगा नगर जिले के अनूपगढ़ में सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप तैयार रहिए भगवान ने चाहा तो जल्दी ही दूसरा मौका मिलेगा।**

जनरल द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पूरी दुनिया को पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों के सबूत दिए। उन्होंने बताया कि यदि भारत ने ये सबूत उजागर नहीं किए होते, तो पाकिस्तान इन तथ्यों को छिपा लेता। इस ऑपरेशन में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के भीतर नौ लक्ष्यों पर हमला किया, जिनमें से सात सेना ने और दो वायुसेना ने नष्ट किए। जनरल द्विवेदी ने स्पष्ट किया कि भारत का उद्देश्य केवल आतंकियों को निशाना बनाना था, न कि आम पाकिस्तानी नागरिकों को नुकसान पहुंचाना।

सेना प्रमुख ने सैनिकों से पूरी तरह तैयार रहने को कहा। उन्होंने कहा कि अब अपने आप को पूरी तरह तैयार रखें, यदि भगवान ने चाहा, तो मौका जल्द आएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत इस बार पहले जैसा संयम नहीं दिखाएगा और ऐसी कार्रवाई करेगा, जो पाकिस्तान को अपनी स्थिति पर विचार करने के लिए मजबूर कर दे।

जनरल द्विवेदी ने सीमा पर रहने वाले लोगों के बारे में कहा कि भारत इन लोगों को आम नागरिकों के बजाय सैनिकों के रूप में देखता है।

# सोनम वांगचुक की ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

की जोधपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं। लद्दाख को अलग राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद उन्हें 26 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। इस प्रदर्शन के दौरान भड़की हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी। दशहरा की छुट्टियों के कारण शीर्ष अदालत में फिलहाल छुट्टी है। अदालत छह अक्टूबर को खुलने के बाद इस मामले में अदालती कार्रवाई शुरू हो सकती है।

# 'दो साल तक के ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

चाहिये। आम तौर पर पांच साल से कम उम्र के बच्चों को ये दवाइयां नहीं दी जाती हैं। पांच साल से अधिक उम्र के लोगों को भी ये दवाएं देने से पहले सावधानी पूर्वक जांच की जानी चाहिये और खुराक की उचित मात्रा ही दी जानी चाहिये। डीजीएचएस ने कहा है कि ये दवायें कम से कम समय के लिए दी जानी चाहिये और उसके साथ कई दवाएं नहीं दी जानी चाहिये।

डीजीएचएस सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से कहा गया है कि वे अपने अधिकार क्षेत्र में सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य केन्द्रों को इस परामर्श के बारे में अवगत करायें।

# अब तक रूस की सीमा से ....

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

ओर उठ रही है। लेकिन रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बार-बार इन आरोपों का मजाक उड़ाया है और कहा है कि ये पश्चिमी यूरोपीय देशों की साजिश है।

असल समस्या यह है कि किसी भी गुप्त आक्रामक कार्रवाई में रूस की सीधी संलिप्तता साबित करना निश्चित रूप से बेहद कठिन है। जिन देशों ने ये परेशानियाँ झेली हैं, उनमें से कोई भी अब तक कोई ठोस सबूत नहीं दे पाया है। तथापि, इसके बावजूद पश्चिमी देशों में गुप्त युद्ध की धारणा गहरी है और माना जा रहा है कि यूक्रेन युद्ध के दबाव के कारण, रूस बदला लेने और पश्चिमी यूरोप में डर पैदा करने की कोशिश कर रहा है।

पूरे यूरोप में इन छुटपुट घटनाओं के परिणामस्वरुप असुरक्षा की भावना पैदा हो रही है। कथित रूसी एजेंटों द्वारा बार-बार किए जा रहे इन व्यवधानों के कारण पश्चिमी यूरोप अनिश्चितता और लाचारी में घिरा है। अमेरिका भी खास मददगार नहीं रहा है, क्योंकि राष्ट्रपति ट्रंप यूरोपीय हवाई क्षेत्र और सीमाओं में इन घुसपैठों को हल्के में लेते रहे हैं।

असलियत यह है कि पश्चिमी यूरोप के किसी भी देश के पास रूस के खिलाफ कोई ठोस रोकथाम का उपाय नहीं है। रूस के खिलाफ कड़े बयानों के बावजूद, हर देश अपने तथाकथित साझा बचाव तंत्र को लेकर संशय में है।

यूरोप की एक प्रभावशाली आवाज़, जिसे लंदन की पत्रिका ''द इकॉनमिस्ट'' ने सामने रखा है, पश्चिम से यह आग्रह कर रही है कि वह रूस के खिलाफ अपनी रोकथाम की नीति स्पष्ट व कड़े शब्दों में लागू करे, ताकि रूसी भालू अपनी सीमा से लगे देशों पर पंजा न मार सके। पत्रिका का कहना है कि यदि अभी कदम नहीं उठाए गए तो रूस को और अधिक घुसपैठ करने और अंततः कुछ रूसी भाषी अल्पसंख्यकों के साथ जमीन के बड़े हिस्से पर कब्जा करने का साहस मिलेगा।

ऐसी जबरदस्त घुसपैठ और विध्वंसकारी गतिविधियों के बीच, जबकि रूस बार-बार सीमा उल्लंघन और छुपे हमले कर रहा है, राष्ट्रपति पुतिन इस साल के अंत में भारत आने वाले हैं। उन्होंने कहा है कि वे अपने मित्र, भारत के प्रधानमंत्री से मिलने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

ऐसे में, जबकि पुतिन इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट द्वारा अपने खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट के कारण अपने देश से बाहर नहीं जा सकते, तो भारत की यह यात्रा उनके देश के बाहर की दुर्लभ यात्राओं में से एक होगी।

शायद भारत के पास पुतिन का स्वागत करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं है, भले ही इसके कारण पश्चिम उससे नाराज हो। खासकर तब, जबकि राष्ट्रपति ट्रंप के मनमौजी रवैये और रूस से तेल खरीदने पर भारत को दंडित करने की कोशिशों ने भारत के सामने और कोई रास्ता नहीं छोड़ा है।

# पुतिन ने ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

हैं कि प्रधानमंत्री मोदी ऐसा कोई फैसला नहीं लेंगे।

राष्ट्रपति ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि रूस के भारत जैसे व्यापारिक सहयोगियों पर अगर उच्च आयात शुल्क लगाया जाता है तो वैश्विक स्तर पर महंगाई और बढ़ेगी। इस कारण अमेरिकी फेडरल बैंक को अपनी ब्याज दर उच्च रखनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि तेल की कीमत प्रति बैरल 100 डॉलर तक बढ़ जाएगी। अमेरिका के फैसले का नकारात्मक असर पूरे विश्व पर पड़ेगा।

# अमेरिका ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

जब तक सांसद आपसी सहमति पर नहीं पहुंचते, सरकार बंद रहेगी – और देश इंतज़ार करता रहेगा– चिंतित, बिना वेतन और बढ़ती हताशा के साथ।

# 'भारतीय कंपनियां ''क्रोनीइज़्म'' ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

लिखा है, कोलंबिया में बजाज, हीरो और टीवीएस को इतनी सफलता हासिल करते देखना गर्व की बात है। यह दिखाता है कि भारतीय कंपनियां नवाचार से जीत सकती हैं, न कि भाई-भतीजावाद से। बेहतरीन कार्य।''

मेडलिन, कोलम्बिया की ईआईए यूनिवर्सिटी में आयोजित ''द फ्यूचर इज़ टुडे'' नामक सेमिनार में बोलते हुए, राहुल गांधी ने पूरे आर्थिक ढांचे को तीन-चार कंपनियों के हाथों सौंपे जाने की आलोचना की।

इस लैटिन अमेरिकन देश में श्रोताओं से खचाखच भरे हॉल में आयोजित सेमिनार के दौरान राहुल गांधी द्वारा छात्रों से पूछे गए एक सवाल – जब मोटरसाइकिल का वज़न 100 किलोग्राम होता है, तो कार का वजन 3,000 किलोग्राम क्यों होता है?'' ने भारतीय जनता पार्टी को चौंका दिया। भाजपा की आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने इसे ''बकवास'' बताया।

हालाँकि राहुल गांधी ने एनविगेडो, कोलम्बिया की ईआईए यूनिवर्सिटी के छात्रों के समक्ष यह सवाल रखा, तो उनका उद्देश्य छात्रों को यह समझाना था कि सत्ता का केंद्रीकरण गलत क्यों है तथा विकेंद्रीकरण भविष्य वास्तविक का रास्ता क्यों है। अपने प्रश्न के माध्यम से वे सत्ता के स्वरूप पर अपने विचार साझा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि इस समस्या का समाधान इलेक्ट्रिक मोबिलिटी है।

उन्होंने कहा कि दोनों के वज़न के अन्तर का कारण उनके इंजनों में छिपा है। ''कार भारी होती है, क्योंकि उसका इंजन हादसे के वक्त अंदर की ओर धकेलता है और जानलेवा हो सकता है, जबकि मोटरसाइकिल का इंजन हल्का होता है और टक्कर में अलग हो जाता है, जिससे नुकसान कम होता है। यही कारण है कि मोटरसाइकिल हल्की होती है।'' उन्होंने कहा, ''जब मोटरसाइकिल की टक्कर होती है, तो इंजन आपसे अलग रहता है, इसलिये आपको चोट नहीं पहुंचाता। जब कार की टक्कर होती है, तो इंजन कार के अंदर आ सकता है। इसलिये कार को इस तरह डिजायन किया जाता है कि इंजन अन्दर नहीं आ सके तथा आप बच जायें।''

उन्होंने कहा कि कार की इस समस्या का समाधान ''इलेक्ट्रिक मोबिलिटी'' में है। ''इलेक्ट्रिक मोटर पारंपरिक इंजन जैसी केंद्रीकृत ऊर्जा प्रणाली को तोड़ती है। यह आपको मोटर को अलग-अलग जगहों पर लगाने की अनुमति देती है, इस प्रकार इलेक्ट्रिक मोटर एक प्रकार से सत्ता का विकेन्द्रीकरण है।

राहुल गांधी ने यह स्पष्ट किया कि यह सिर्फ एक तकनीकी उदाहरण नहीं है, बल्कि एक राजनीतिक विचार है, राजनीतिक सत्ता का विकेंद्रीकरण। लेकिन सत्तारुढ़ दल ने इसे एक गूढ़ राजनैतिक टिप्पणी के रुप में लिया, तथा राहुल की इस टिप्पणी को उनके फरवरी के नागालैंड वाले भाषण का आगे का सोपान बताया। नागालैंड में बोलते हुये भी राहुल ने यही कहा था कि भारत जैसे विविधता भरे देश में सत्ता का विकेंद्रीकरण अनिवार्य है।

उन्होंने कहा था: ''पारंपरिक इंजन केंद्रीकृत ऊर्जा स्त्रोत होते हैं, लेकिन इलेक्ट्रिक वाहन विकेंद्रीकृत होते हैं – बैटरी और मोटर पूरे डिजाइन को नया रुप देते हैं।'' नागालैंड में विद्यार्थियों से बात करते हुये राहुल गांधी ने कहा था कि सत्ता के विकेन्द्रीकरण से हर चीज बदल जायेगी, अर्थव्यवस्था से लेकर राजनीति तक, सब कुछ बदल जायेगा।

भारत और चीन की तुलना करते हुए, राहुल गांधी ने कहा: ''भारत की प्रणाली चीन से कहीं अधिक जटिल है और भारत की ताकतें चीन से बिल्कुल अलग हैं। भारत की एक समृद्ध आध्यात्मिक परंपरा और विचार प्रणाली है, तथा भारत परम्परा एवं वैचारिकता के मामले में विश्व को बहुत कुछ देने की स्थिति में है।''

उन्होंने यह भी कहा: ''मैं भारत को लेकर बहुत आशावादी हूं, लेकिन भारतीय व्यवस्था के भीतर कुछ गहरी दरारें हैं, जिन्हें दूर करना होगा। सबसे बड़ा खतरा है – भारत में लोकतंत्र पर हो रहा हमला।''

राहुल गांधी ने आगे कहा: ''भारत कई धर्मों, भाषाओं और परंपराओं का देश है। भारत दरअसल, एक सतत संवाद है अपने लोगों के बीच। इन विविधताओं को उनका समुचित स्थान देना आवश्यक है और इसका सबसे अच्छा तरीका है लोकतांत्रिक व्यवस्था।'' राहुल ने कहा, ''इस समय भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था पर जबरदस्त हमला हो रहा है। यह एक बड़ा खतरा है। दूसरा संकट विभिन्न प्रकार की अवधारणाओं का है। भारत में 16-17 प्रमुख भाषाएं हैं, कई धर्म हैं। इन सबको फूलने-फलने दीजिये। भारत में यह बहुत जरुरी है कि विभिन्न परम्पराएं अभिव्यक्ति के अवसर पा सकें। हम चीन की तरह लोगों को दबाकर केन्द्रीयकृत प्रणाली नहीं चला सकते। ''हमारे देश की सामाजिक संरचना उसे स्वीकार ही नहीं करेगी।''






राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908